Vol.22, Issue 9 | Annual Subscription ₹480

@NewsRotary
/RotaryNewsIndia

जुलाई 2023

# रोटरी समाचार

भारत

www.rotarynewsonline.org

Rotary

ADVT.

# BRING HOME THE TRUE HEARTBEAT OF HEALTH IN THE USA

IDHAYAM is the very definition of an edible oil that's good for you, made from the highest quality ingredients and with the best manufacturing processes.

When shopping for IDHAYAM Sesame oil, make sure to check the authenticity of the product, so you get the true and ultimate benefits of sesame oil that you deserve.

Always look for the brand ambassador Ms.Jyothika's picture on the label and make sure that the address printed on the label is. V.V.V & Sons Edible Oils Limited, 443, Bazaar, Virudhunagar - 626 001.

**HAPPY SHOPPING... HEALTHY LIVING.**

**IDHAYAM**

PROMISE OF HEALTH AND HAPPINESS

Scan QR code to watch

Important message from Idhayam | Idhayam Factory Tour

LEKHA adv/July 2023/RJ-01

**IDHAYAM | www.idhayam.com | office@idhayam.com | Whatsapp : 99447 66661**

# विषयसूची


12
अध्यक्ष मेकिनली उम्मीद जगाने के लिए तैयार

20
भारत में रोटरी के टैलेंट पूल की पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना अभी बाकि है

30
एक ऊर्जावान, मुखर और यथार्थवादी रो ई निदेशक

39
रोटेरियन बदलाव के बहादुर

40
हम केवल एक उद्यान नहीं बनाना चाहते है, बल्कि एक पूरा जंगल बनाना चाहते है

48
एक महाराष्ट्रीयन गांव के लिए पर्यावरण अनुकूल स्टोव

50
पुणे में हृदय जागरूकता अभियान

52
खुशहाल स्कूलों से खुश छात्रों तक

56
वह व्यक्ति जिसने मदद का हाथ बढ़ाया

58
रोटरी ने अध्यक्ष माजियाम्बे के रूप में एक प्रतिष्ठित रोटेरियन को खो दिया

60
तुर्की के लिए कहानियों के माध्यम से धन जुटाना

64
निरंतर छुट्टियाँ

68
खुशनुमा संगीत के फनकार

76
गर्मी और बारीश से बचें

# आपके पत्र

## रो ई अध्यक्ष मेकिनली को शुभकामनाएं

कोलकाता में *लक्ष्य* बैठक में ली गई आरआईपीई गॉर्डन मेकिनली और हेतर की खूबसूरत तस्वीर देखकर मुझे खुशी हुई। मैं रो ई के नए अध्यक्ष के वर्ष के फलदायी होने की कामना करता हूं। यह ध्यान रखना प्रेरणादायक है कि निर्गामी अध्यक्ष जेनिफर जोन्स ने पोलियो उन्मूलन पहल के लिए अतिरिक्त 150 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। संपादक का संदेश हमारी राय को जहां आवश्यक हो वहाँ साहसपूर्वक कहने के महत्व को बताता है।

रो ई निदेशक महेश कोटबागी और रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश के संदेश बहुत दिलचस्प थे। न्यासी अध्यक्ष इयान रिसले ने रोटेरियनों से टीआरएफ में उदारतापूर्वक दान करने का आग्रह किया।

अन्य लेख जैसे *बड़े सपनों से कतराएं नहीं, दूसरों के प्रति सहानुभूति दिखाएं, मेकिनली की मुंबई में राजश्री बिड़ला से मुलाकात, डॉक्टरों के लिए एक रोटरी क्लब, केवल प्रेम ही विश्व में आशा की किरण जगा सकता है, ट्रांसजेंडर के लिए अन्य जीविकोपार्जन की पहचान, नागपुर के वरिष्ठ नागरिकों का भ्रमण और मिस्र, नील नदी से धन्य* सभी पढ़ने योग्य और तथ्यों से भरे हुए है। आर डी बर्मन पर लेख दिलचस्प है और हमें अपने दांतों की देखभाल करने का आग्रह करने वाला स्वास्थ्य कॉलम उपयोगी है। *मंडल गतिविधियाँ* अच्छा और वर्णनात्मक दिखता है। एक और शानदार संस्करण।

*फिलिप मुलाप्पोन एम टी*
*रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन*
*मंडल 3211*

जून का अंक एक रो ई टीम से पर्दा उठाता है और इसे अगले एक पर डालता है। (*मेकिनली के लिए, रोटरी निरंतरता और दिल की बात है*)

*रोटरी न्यूज़* के लिए भी, यह निरंतरता और दिल की बात है। हमें *सुर और संगीत* (एस आर मधु), *शब्दों की दुनिया* (संध्या राव), *स्वास्थ्य* (भरत और शालान सावुर), और *एलबीडब्ल्यू* (टीसीए श्रीनिवास राघवन) जैसे नियमित कॉलम के साथ पत्रिका पढ़ने में मजा आता है। खुशियाँ और सकारात्मकता लाते रहें।

*संजय भाटिया*
*रोटरी क्लब चंडीगढ़ मिडटाउन*
*मंडल 3080*

## मिस्र की सुंदरता से चकित

मिस्र - रेगिस्तान का वो नखलिस्तान जिसने हजारों वर्षों तक सभ्यता का पोषण किया - का आपका सजीव वर्णन पढ़ने में बहुत दिलचस्प है। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं अपने सूक्ष्म स्वरूप में *फ़ेरो की भूमि* का दौरा कर रहा था।

यह बात भी हमारे लिए अनजानी थी कि रानी क्लियोपेट्रा, जिन्हें हम सभी 1960 के दशक की फिल्म देखने के बाद अपना आदर्श मानते थे, ज्यादातर एक मैटिनी शख्सियत ही थी।

हम रामसेस 2 के शासनकाल के दौरान निर्मित अबू सिम्बेल के मंदिर से आश्चर्यचकित हुए, और असवान बांध के निर्माण के समय इस शानदार मंदिर को एक सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने में आधुनिक इंजीनियरों के कौशल की सराहना करते है।

रानी हैत्शेपसुत का मंदिर, राजाओं की घाटी, गेट्स ऑफ़ किंग्स की घाटी (भित्तिचित्रों से सजाए गए मकबरे और मरणोपरांत जीवन के लिए खजाने से भरे हुए) सभी अविश्वसनीय थे। आपके गुब्बारे की सवारी मिस्र की जीवनदायिनी नदी नील (ब्लू नाइल और व्हाइट नील) के विहंगम दृश्य को वर्णित करती है।

*वी आर टी दोरैराजा*
*रोटरी क्लब तिरुचिरापल्ली - मंडल 3000*

## एक विचारोत्तेजक संपादकीय

संपादक रशीदा भगत को संपादक के संदेश में उनके स्पष्ट विचारों के लिए बधाई, जिसका शीर्षक था मख़ास बनो... उठो, आवाज़ उठाओ।फ उन्होंने साहसपूर्वक इस आवश्यकता पर प्रकाश डाला है कि लोगों को आवश्यकता होने पर बोलने का साहस करना चाहिए। उनके भाव कोमल और प्रेरक है जिन्हें पाठकों द्वारा अनदेखा नहीं किया जा सकता। कुछ रोटेरियन एक रोटरी पत्रिका के संपादकीय कॉलम में उनके विचारों की प्रासंगिकता के बारे में सोच सकते है। लेकिन, मेरे अनुसार, यह सभी रोटेरियन के लिए बहुत प्रासंगिक है, क्योंकि हम स्वयं को अपने संबंधित व्यवसायों के नेताओं के रूप में पहचानते है। वास्तव में, हम सभी के लिए एक आश्चर्यजनक संदेश के साथ एक विचारोत्तेजक संपादकीय।

*आर श्रीनिवासन*
*रोटरी क्लब बैंगलोर जे पी नगर*
*मंडल 3190*

संपादक का नोट जिसका शीर्षक था 'ख़ास बनो... उठो, आवाज़ उठाओ' ने मेरा ध्यान

# आपके पत्र

आकर्षित किया। इस तरह के साहसिक संपादकीय लिखने के लिए साहस की आवश्यकता होती है और आपकी सराहना की जानी चाहिए।

इसके अलावा, इस लेख के माध्यम से, आपने हमें अपनी तरह के अनोखे क्लब फॉर द कैंसिल्ड के बारे में अवगत कराया, जिसकी संस्थापिका एवं अध्यक्ष पामेला पारेस्की है। सोच के अपराधियों का स्वागत है क्योंकि वे एक अंतर लाते हैं। आइए इससे प्रेरणा लेते हुए हर मंडल में इस तरह के अनोखे क्लब बनाये।

*याशिका जैन*
*रोटरी क्लब चंडीगढ़ अपटाउन*
*मंडल 3080*

*उत्कृष्ट लेख नौशाद: बॉलीवुड संगीत के कोहिनूर* के लिए एस आर मधु को बधाई। इसके अलावा, लेख में अच्छी तस्वीरें हैं, विशेष रूप से पहले फिल्मफेयर पुरस्कारों में बिमल रॉय, मीना कुमारी और नौशाद की एक दुर्लभ तस्वीर।

*बृज गोपाल राय*
*रोटरी क्लब कलकत्ता - मंडल 3291*

अपने क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष के रूप में, मैं *रोटरी न्यूज़* के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करना चाहता हूं। यह प्रकाशन हमें रोटरी समुदाय की विविध गतिविधियों के बारे में सूचित रखने में एक अमूल्य संसाधन है।

आपके नेतृत्व में, संपादकीय टीम रोटरी क्लबों की महत्वपूर्ण परियोजनाओं और गतिविधियों को लगन से रिकॉर्ड कर रही है और उन्हें आकर्षक तरीके से प्रस्तुत कर रही है। जैसा कि क्लब अध्यक्ष के रूप में मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है, रोटरी न्यूज़ में हमारे क्लब की गतिविधियों को नियमित रूप से चित्रित करने के लिए आपको और पूरी टीम को हमारा विशेष धन्यवाद।

*कर्नल विजयकुमार*
*रोटरी क्लब एलेप्पी ग्रेटर - मंडल 3211*

*पीडीजी सगादेवन को अंतर्राष्ट्रीय पोलियो पुरस्कार* लेख के संदर्भ में, सगादेवन एक रोटेरियन होने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मुझे उनका दोस्त होने पर गर्व है।

*राजशेखर शिवसामी*
*रोटरी क्लब करूर टेक्सासिटी - मंडल 3000*

लेख *रोटरी कैंसर देखभाल अस्पताल के लिए एक मैराथन* धन संचयन समारोह एक महान परियोजना का विवरण देता है जो समय की आवश्यकता है। अस्पताल अन्य क्लबों और रोटेरियनों को एक नेक काम के लिए इस तरह की बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा। रोटरी क्लब तिरुपुर और रो ई मंडल 3203 को शुभकामनाएं।

*विवेक डी कनाडा*
*रोटरी क्लब औरंगाबाद एलीट - मंडल 3132*

**कवर पर:** रो ई अध्यक्ष गॉर्डन मेकिनली
**चित्र:** मोनिका लोज़िन्स्का

हम आपकी प्रतिक्रियाओं का स्वागत करते है। अपनी प्रतिक्रियाएं *rotarynews@rosaonline.org* या *rushbhagat@gmail.com* पर संपादक को मेल कीजिए। *rotarynewsmagazine@gmail.com* पर उच्च रेसोल्यूशन वाली तस्वीरें अपनी परियोजना के विवरण के साथ मेल कीजिए।

आपके क्लब/मंडल परियोजनाओं के संदेश, Zoom मीटिंग/वेबिनार पर जानकरी और उसके लिंक केवल संपादक को ई-मेल द्वारा *rushbhagat@gmail.com* या *rotarynewsmagazine@gmail.com* पर भेजे जाने चाहिए।

WhatsApp पर भेजे संदेशों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अधिक रोटरी परियोजनाओं के बारे में पढ़ने के लिए हमारी वेब साइट *www.rotarynewsonline.org* पर Rotary News Plus पर क्लिक करें।

## रो ई की आचार संहिता को बाध्यकारी बनाया जाए

मेरा परिवार लगभग 17 वर्षों से रोटरी के साथ जुड़ा हुआ है, हमारे बच्चे भी इंट्रैक्टर और रोटरेक्टर रहे है। मेरी पत्नी एक सफल क्लब अध्यक्ष रही है और सार्थक परियोजनाएं की है।

मैं कई क्लबों में बिगड़ती आचार संहिता के मुद्दों को देखता और सुनता हूं, जिसमें क्लब अध्यक्षों, अंतर्राष्ट्रीय विनिमय छात्रों आदि का उत्पीड़न शामिल है। उत्पीड़न की रिपोर्ट करने के लिए एक रोटेरियन को बहुत साहस और उत्साह की आवश्यकता होती है। अधिकांश क्लब चीज़ों को छुपाना पसंद करते है और गलत को गलत नहीं कहते है।

आचार संहिता (2019) पर रोटरी शपथ, जिसे रो ई बोर्ड द्वारा कई बार संशोधित किया गया है, को रोटरी क्लब के बोर्ड के सदस्यों की स्थापना के दौरान और नए सदस्यों को शामिल करते समय अनिवार्य किया जाना चाहिए।

आगामी क्लब अध्यक्षों, गवर्नरों, क्षेत्रीय नेताओं और निदेशकों को पीईटीएस और अंतर्राष्ट्रीय समारोहों जैसे कार्यक्रमों में रो ई की उत्पीड़न नीतियों और प्रक्रियाओं पर वार्षिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए।

*जगन्नात संतरा*
*रोटरी क्लब जमशेदपुर*
*मंडल 3250*

# कार्रवाई के लिए
# मेरा आह्वान

ऐसे वक्त में भी जब हम नई और गंभीर चुनौतियों का सामना करते है, रोटरी अपने सदस्यों और उन लोगों की देखभाल करती है जिनकी हम सेवा करते है। यह स्थायी शांति बनाने के लिए काम करता है और हम जो कुछ भी करते है उसमें सम्बद्धता और समावेश को निहित करता है। यही कारण है कि मैं रोटरी में हर एक से *विश्व में उम्मीद जगाने* के लिए कह रहा हूं।

इस साल, हम मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए परियोजनाओं को प्राथमिकता दे रहे है। यह प्रयास मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत है। मुझे पता है कि किसी को चुप्पी में पीड़ित देखना कैसा होता है। मैंने व्यक्तिगत संबंधों की शक्ति, भावनात्मक और मानसिक कल्याण पर चर्चा करने के मूल्य और निवारक देखभाल और उपचार के जीवन रक्षक प्रभाव को भी देखा है।

अनुसंधान से पता चलता है कि दयालुता के कार्य करना एक प्रभावी कदम है जो हम में से कोई भी हमारी भलाई की रक्षा के लिए उठा सकता है। और भीतर शांति का निर्माण करके, हम दुनिया में शांति लाने में अधिक सक्षम हो जाते है।

शांति का निर्माण करना रोटरी का सार है। हमारी कई सेवा परियोजनाएं सकारात्मक शांति के लिए परिस्थितियों का निर्माण करती है। हम बाधाओं को दूर करने और नए संबंध बनाने के लिए अथक प्रयास करते है। इस वर्ष, हम उन महत्वपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के लिए सदस्यों के लिए आभासी अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे।

शांति एक सपना नहीं होती, और यह निष्क्रिय नहीं होती। यह कड़ी मेहनत करने, विश्वास जीतने और खुली बातचीत करने के परिणामस्वरुप मिलती है जो मुश्किल से होता है। शांति को लगातार और बहादुरी से लड़ा जाना चाहिए। हमारे ध्यानाकर्षण क्षेत्रों में हम जो कुछ भी करते है, उसमें आशा को बढ़ावा देने की क्षमता होती है जो शांति को संभव बना सकती है।

संबंध और उद्देश्य की भावना को प्रत्येक रोटरी सदस्य को प्रेरित करना चाहिए। जब क्लब नेतृत्वकर्ता एक उत्कृष्ट क्लब अनुभव की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित करते है, तो हम अधिक सदस्यों को रोके रख पाते है और अधिक संभावित सदस्यों को आकर्षित कर पाते है। हमें अपने क्लबों को जितना हो सके उतना स्वागत योग्य और आकर्षक बनाना चाहिए।

हमारा लक्ष्य हमारे क्लब की बैठकों से लेकर हमारी सेवा गतिविधियों तक अपनेपन की भावना पैदा करना है। हमें समावेशी, स्वागत योग्य वातावरण बनाना जारी रखने की आवश्यकता है जहां हर कोई अपने वास्तविक स्वरुप में हो सकता है। कार्रवाई करने वाले सभी लोगों को रोटरी में अपने लिए एक जगह की कल्पना करने में सक्षम होना चाहिए - यह सुनिश्चित करना हमारे ऊपर है कि वे ऐसा कर सकें।

अगले वर्ष, मैं विविधता, समानता और समावेश में अपनी यात्रा को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित करूंगा - यह सुनिश्चित करते हुए कि रोटरी उन समुदायों को प्रतिबिंबित करें जिनकी हम सेवा करते हैं और उन मानव प्रतिभाओं एवं अनुभवों की पूरी श्रृंखला तक पहुंचने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना जारी रखे ताकि हम मानवता की बेहतर सेवा कर सकें। और हम महिलाओं और लड़कियों को उनके भीतर पहले से मौजूद क्षमताओं को अनलॉक करने में मदद करके सशक्त बनाना जारी रखेंगे।

आइए हम भीतर शांति का निर्माण करें और इसे स्वतंत्र रूप से फैलाएं। आइए हम संबंधों का निर्माण करें और रोटरी के भविष्य की नए सिरे से कल्पना करें। आइए हम खुशी से एक साथ काम करें और *विश्व में उम्मीद जगाने* का निर्माण करें।

**आर गॉर्डन आर मेकिनली**
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

संपादक
का संदेश

# नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं

नूतन रोटरी वर्ष प्रारम्भ होने के साथ ही, नेताओं का एक वर्ग - क्लब मंडल, ज़ोन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर - आगामी समूह का मार्ग प्रशस्त करने के लिए स्थान रिक्त कर देता है, रोटेरियन और रोटारेक्टर्स, बड़ी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के साथ नवीन नेतृत्व की ओर तकते हैं। यह ठीक अपने कार्यस्थल पर नए बॉस के मिलने जैसा है। वह हमेशा आशा के साथ आता/आती है, कभी-कभी तो उम्मीद से ज़्यादा और कभी-कभी निराश ही करते हैं। शुरूआती कुछ हफ़्तों के लिए, प्रत्येक स्तर पर नए नेतृत्व की कार्य प्रणाली को बड़े गौर से देखा जाएगा, सभी महत्वपूर्ण संकेतों को क्लब या मंडल किस दिशा में उन्मुख होगा, उनका उत्साह, प्रेरणा और सबसे ऊपर, उनका नेतृत्व जो ये चयनित लोग प्रदान करेंगे, समानता, समावेश और अखंडता दोनों को शामिल करते हुए।

ऐसे स्वैच्छिक संगठन बहुत कम हैं जो रोटरी के समान क्लब और मंडल नेताओं के प्रशिक्षण को इतना महत्त्व देते हैं। इसलिए सम्पूर्ण रोटरी विश्व में GETS, PETS, SETS और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है और पिछले कुछ महीनों के दौरान पूरी निष्ठा के साथ क्रियान्वित की गई।

अब जब प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है, तो नेताओं द्वारा कुछ कर दिखाने का समय आ गया है। नेतृत्व विभिन्न रंगों और स्वरूपों में आता है... कुछ नेता आगे रह कर नेतृत्व करते हैं, वो स्वयं जमीनी स्तर पे उतर कर कार्य करने के लिए आगे बढ़ते हैं और बाकि उनका अनुसरण करते हैं। अन्य अपनी टीम के सदस्यों को सामुदायिक सेवा परियोजनाओं, सभाओं, छवि-निर्माण कार्यक्रम आदि करने के लिए सिर्फ दिशा प्रदान करते हैं और कार्य शुरू करवा कर सदस्यों को इसकी कमान सौंप कर वे स्वयं पीछे रह कर सहयोग करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सदैव उपलब्ध रहते हैं। यह कार्य ढेर सारे पौधे अंकुरित करने और उनके खिलने और बढ़ने के दौरान उनका उचित पालन पोषण करने जैसा है। ऐसा नेतृत्व नेताओं की अगली फसल तैयार करता है।

नेता प्रभावशाली और दबंग भी हो सकते हैं ; शब्दकोश के अनुसार पहले का अर्थ समूह पर नियंत्रण और बाद वाला 'अत्याचारी नियंत्रण' की ओर इंगित करता है। इस समूह में सबसे नीचे ऐसे नेता भी हैं जो लापरवाह, अक्षम या उदासीन होते हैं; बस, केवल यही उम्मीद की जा सकती है कि ऐसे नेता कम से कम हों, और जिन अभागे लोगों को उन्हें झेलना पड़ता है,वर्ष के अंत में, सबसे अच्छी बात ये होती है कि वे राहत की लम्बी सांस ले सकते हैं अगर उन्होंने तब तक रोटरी नहीं छोड़ी हो!

अब इसके सकारात्मक पक्ष पर देखें; चारों तरफ दृष्टि घुमाएं और आप को दिख जाएगा कि एक बढ़िया नेता ने आपके क्लब या आपके मंडल में क्या परिवर्तन किया है। ऐसे नेताओं के सम्बन्ध में विशेष बात यह है कि भले ही उनका साल खत्म हो गया हो, उनका नेतृत्व और जोश कभी ख़त्म नहीं होता। यही कारण है कि मंडल के शीर्ष पर कुछ पीडीजी अपने कार्यकाल के बाद भी अपने प्रभावशाली कार्य और परियोजनाओं को जारी रखते हैं, जबकि अन्य विस्मृति में खो जाते हैं। नेताओं की पहली श्रेणी की पहचान करें, उनके साथ खड़े हों, मदद के लिए हाथ बढ़ाएं और आने वाली समस्याओं का समाधान करें, फिर देखिये कि आप अपने आसपास के जीवन को बदलने में क्या प्रभाव पैदा कर सकते हैं। चिंतित / तनावग्रस्त चेहरों पर मुस्कराहट पैदा करना और जिनके पास कुछ नहीं है उनमें आशा का संचार करना, कोई आसान काम नहीं है।

यह अवसर केवल सौभाग्यशाली लोगों को मिलता है। इसलिए यदि आपको नेतृत्व की भूमिका दी गई है या आपको अपने क्लब या मंडल की टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला है तो वर्ष पर्यन्त, आपके सामने आ रहे ..हर पल का भरपूर उपयोग करें। अपने समाज की सेवा करने के लिए, अपने से कमज़ोर लोगों की मदद करने के लिए, लोगों में सकारात्मक सोच व ऊर्जा का संचार करने और परिवर्तन लाने के लिए।

अच्छी शुरुआत का मतलब है आधा काम तो हो गया... तो नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं।



**रशीदा भगत**

# सिंगापुर में मिलेंगे

सिंगापुर और रोटरी में कई समानताएं हैं। 2024 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जो दक्षिण पूर्व ऐशियाई देश में आयोजित होने वाला है, अपने सांस्कृतिक विविधताओं, समृद्ध व्यवसायिक संबंधों और नवाचार के लिए जाना जाता है।

जब रोटरी ने सिंगापुर को चुना तो रो ई अध्यक्ष इयान रिसले ने कहा कि सिंगापुर वैश्विक व्यापार और ज्ञान के केंद्र की दृष्टि से बहुत बढ़िया स्थान है। ''हमारे अंतर्राष्ट्रीय दायरे और सांस्कृतिक विविधता के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए हमारे सम्मेलनों को अक्सर 'मिनी संयुक्त राष्ट्र' के रूप में अंकित किया जाता है, जहाँ स्वयंसेवक स्थानीय और वैश्विक मानवीय चुनौतियों के समाधान के लिए जुड़ते हैं'' उन्होने कहा।

सिंगापुर का सम्मेलन सैंड एक्स्पो और कन्वेन्शन सेंटर में होगा जबकि सामान्य सत्र नेशनल स्टेडियम में होगा। सिंगापुर की कई खूबियाँ हैं जो इसे विशेष बनाती हैं, चार आधिकारिक भाषाओं- अँग्रेजी, मलय, मंदारिन, चीनी और तमिल जो वहाँ की आबादी के नींव को दूसरे देशों में दर्शाती हैं। सिंगापुर अपने सतत पर्यावरण स्थिरता के लिए जाना जाता है और मुख्य द्वीप जो रोड आइलैंड से छोटा है, वाकई में बहुत छोटा और खूबसूरत है। इसका आधे से अधिक क्षेत्र हरियाली से ढका है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्रों में हरे- भरे पौधे और आधुनिक गगनचुंबी इमारतों के बीच साफ- सुथरे पार्क शामिल हैं।

प्रकृति और तकनीकी की अद्भुत मिलाप यहाँ के लुभावने आकर्षण हैं, जैसे इंसानों द्वारा बनाए गए बहुत सारे वृहद झरने जिसमें एक झरना जो मुख्य हवाई अड्डे पर है, वो भी शामिल है। अधिवेशन स्थल के बगल में खाड़ी पेड़-पौधों के अत्यंत आकर्षक बागीचे हैं जहाँ 'सुपर ट्रीज' हैं और कृत्रिम इनडोर बादल सहित पर्वत भी हैं।

यह सम्मेलन 25-29 मई को मरीना बे सैंड्स एक्सपो और कन्वेंशन सेंटर में होगा और सामान्य सत्र नेशनल स्टेडियम में होगा। विश्व में आशा जगाने में हमसे जुड़ें।

*अधिक जानें और*

**convention.rotary.org**

*पर रजिस्टर करें।*



## गवर्नर्स काउंसिल

| | |
|---|---|
| RID 2981 | सेनगुट्टुवन जी |
| RID 2982 | राघवन एस |
| RID 3000 | आनंदता जोती आर |
| RID 3011 | जीतेन्द्र गुप्ता |
| RID 3012 | प्रियतोष गुप्ता |
| RID 3020 | सुब्बाराव रावुरी |
| RID 3030 | आशा वेणुगोपाल |
| RID 3040 | रितु ग्रोवर |
| RID 3053 | पवन खंडेलवाल |
| RID 3055 | मेहुल राठौड़ |
| RID 3056 | निर्मल जैन कुणावत |
| RID 3060 | निहिर दवे |
| RID 3070 | विपन भसीन |
| RID 3080 | अरुण कुमार मोंगिया |
| RID 3090 | घनश्याम कंसल |
| RID 3100 | अशोक कुमार गुप्ता |
| RID 3110 | विवेक गर्ग |
| RID 3120 | सुनील बंसल |
| RID 3131 | मंजू फड़के |
| RID 3132 | स्वाति हर्कल |
| RID 3141 | अरुण भार्गवा |
| RID 3142 | मिलिंद मार्तंड कुलकर्णी |
| RID 3150 | शंकर रेड्डी बुसीरेड्डी |
| RID 3160 | माणिक एस पवार |
| RID 3170 | नासिर एच बोरसाडवाला |
| RID 3181 | केशव एच आर |
| RID 3182 | गीता बी सी |
| RID 3191 | उदयकुमार के भास्करा |
| RID 3192 | श्रीनिवास मूर्ति वी |
| RID 3201 | विजयकुमार टी आर |
| RID 3203 | डॉ सुंदरराजन एस |
| RID 3204 | डॉ सेतु शिव शंकर |
| RID 3211 | डॉ सुमित्रन जी |
| RID 3212 | मुत्तैय्या पिल्लई आर |
| RID 3231 | भरणीधरन पी |
| RID 3232 | रवि रामन |
| RID 3240 | नीलेश कुमार अग्रवाल |
| RID 3250 | बगारिया एस पी |
| RID 3261 | मनजीत सिंह अरोड़ा |
| RID 3262 | जयश्री मोहंती |
| RID 3291 | हीरा लाल यादव |

प्रकाशक एवं मुद्रक **पी टी प्रभाकर**, 15 शिवास्वामी स्ट्रीट, मायलापोर, चेन्नई - 600004, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के लिए रासी ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड, 40, पीटर्स रोड, रोयापेट्टा, चेन्नई - 600014 से मुद्रित एवं रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट, दुगड़ टावरस, 3rd फ्लोर, 34 मार्शलस रोड, एगमोर, चेन्नई - 600008 से प्रकाशित। संपादक: **रशीदा भगत**

प्रकाशित सामग्री में अभिव्यक्त विचार योगदानकर्ताओं के स्वतंत्र विचार हैं, और आवश्यक नहीं कि वे रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट (आरएनटी) के संपादक या रोटरी इंटरनेशनल के ट्रस्टी के विचारों से मेल खाते हों। संपादकीय या विज्ञापन सामग्री से होने वाली किसी भी क्षति के लिए आरएनटी जिम्मेदार नहीं होगा। लेख और रचनाओं का स्वागत है किन्तु उन्हें संपादित किया जा सकता है। प्रकाशित सामग्री का आरएनटी की अनुमति सहित, यथोचित श्रेय देते हुए प्रयोग किया जा सकता है।

Website

## न्यासी मंडल

| | |
|---|---|
| अनिरुध्धा रॉयचौधरी<br>**रो ई निदेशक और अध्यक्ष, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट** | RID 3291 |
| टी एन सुब्रमण्यन<br>**रो ई निदेशक** | RID 3141 |
| डॉ भरत पांड्या<br>**टीआरएफ ट्रस्टी उपाध्यक्ष** | RID 3141 |
| राजेंद्र के साबू | RID 3080 |
| कल्याण बेनर्जी | RID 3060 |
| शेखर मेहता | RID 3291 |
| अशोक महाजन | RID 3141 |
| पी टी प्रभाकर | RID 3232 |
| डॉ मनोज डी देसाई | RID 3060 |
| सी भास्कर | RID 3000 |
| कमल संघवी | RID 3250 |
| डॉ महेश कोटबागी | RID 3131 |
| ए एस वेंकटेश | RID 3232 |
| गुलाम ए वाहनवती | RID 3141 |

### कार्यकारी समिति के सदस्य (2023-24)

| | |
|---|---|
| स्वाति हेर्कल<br>**अध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3132 |
| हीरालाल यादव<br>**सचिव, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3291 |
| मुत्तैय्या पिल्लई<br>**कोषाध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3212 |
| मिलिंद कुलकर्णी<br>**सलाहकार, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3142 |



**संपादक**
रशीदा भगत

**उप संपादक**
जयश्री पद्मनाभन

**प्रशासन और विज्ञापन प्रबंधक**
विश्वनाथन के

**रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट**
3rd फ्लोर, दुगर टावर्स, 34 मार्शल रोड, एग्मोर
चेन्नई 600 008, भारत
फोन: 044 42145666
*rotarynews@rosaonline.org*
*www.rotarynewsonline.org*

Magazine

# आइये सब कुछ अपनाते है

मेरे प्रिय रोटेरियन,

बहुत उत्साह और जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ मैं आज आपको एक नए रोटरी वर्ष 2023-24 की शुरुआत को चिह्नित करते हुए लिख रहा हूं। संगठन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित टीम का हिस्सा बनना वास्तव में एक सम्मान है।

रोटरी में सेवा और प्रभाव का एक समृद्ध इतिहास है, जो हम सभी जैसे भावुक व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों से संभव हुआ है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उस काम का सम्मान करें और उनकी सफलता को जारी रखें। इस विरासत को जारी रखने में हम में से प्रत्येक की महत्वपूर्ण भूमिका है। रोटरी अंतर्राष्ट्रीय एक वैश्विक सेवा संगठन है जो निरंतरता और प्रभावी शासन सुनिश्चित करने के लिए एक विशिष्ट नेतृत्व संरचना का पालन करता है। यह नेतृत्व संरचना और उत्तराधिकार योजना रोटरी के भीतर निरंतरता और प्रभावशीलता बनाए रखने में मदद करती है, जिससे विश्व शांति, सद्भावना और समझ को बढ़ावा देने के लिए संगठन के मिशन की लगातार खोज की अनुमति मिलती है। जैसा कि हम अपने आस-पास गतिशील और लगातार विकसित होती दुनिया का परिचालन करते है, नेतृत्व में परिवर्तन और निरंतरता दोनों के महत्व को पहचानना आवश्यक है। जहां परिवर्तन अपने साथ नए अवसर, चुनौतियां और दृष्टिकोण लाता है, निरंतरता हमें समय के साथ प्राप्त गति, ज्ञान और अनुभव को बनाए रखने की अनुमति देती है। यह एक निर्बाध परिवर्तन सुनिश्चित करती है, जिससे हम अपनी चल रही परियोजनाओं और पहलों को बनाए रखने में सक्षम होते हैं।

दुनिया लगातार विकसित हो रही है, हमारे सामने नई चुनौतियों और अवसरों को पेश कर रही है। परिवर्तन निर्माताओं के रूप में, हमें एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना चाहिए जो नए विचारों को प्रोत्साहित करता है, प्रौद्योगिकी को गले लगाता है और अभिनव दृष्टिकोणों की खोज करता है। नए युग की तकनीक और नवाचार के साथ अतीत के ज्ञान को मिलाकर, हम अपने समय के अत्यावश्यक मुद्दों को संबोधित कर सकते है और स्थायी प्रभाव डाल सकते है। इसके अलावा, हमें भविष्य के नेताओं के विकास में निवेश करने, उनकी क्षमता का पोषण करने और उनमें रोटरी के मूल्यों को स्थापित करने की आवश्यकता है। उभरते नेताओं को मार्गदर्शन देना और उनका समर्थन करना हमारे संगठन की स्थिरता में एक निवेश के रूप में कार्य करेगा।

जैसा कि हम इस नए अध्याय की शुरुआत करते है, आइए हम अपनी ताकत, हमारे अनुभव और हमारे विविध दृष्टिकोणों को एकजुट करके सेवा और कार्रवाई के प्रति खुद को प्रतिबद्ध करें ताकि हम उन लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव ला सकें जिनकी हम सेवा करते है।

रोटरी के प्रति आपके विश्वास, समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद। एक साथ, हम इस विश्व में आशा जगाना जारी रख सकते है।

**अनिरुद्धा रॉयचौधरी**
रो ई निदेशक, 2023-25

रो ई निदेशकों ने वैकल्पिक माह अपना संदेश भेजने का निर्णय लिया है।

फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष का संदेश

# साहसिक लक्ष्य

पिछले पांच वर्षों में, रोटरी संस्थान ने 100 मिलियन लाभार्थियों की मदद की है। यह चौंका देने वाला है।

लेकिन जरूरत बहुत बड़ी है। अगर हमारे पास संसाधन होते तो हम अभी और भी अनगिनत लोगों तक पहुंच सकते और उनका समर्थन कर सकते। हम अगले पांच वर्षों में दोगुने लाभार्थियों तक पहुंच सकते है। और आपके साथी रोटरेकटर और रोटेरियन मदद करने के लिए तैयार है। वे अधिक लोगों की मदद करने के लिए अधिक अनुदान के भूखे हैं जिन्हें हमारी आवश्यकता है।

यही कारण है कि, इस साल, रोटरी संस्थान के न्यासियों ने 500 मिलियन डॉलर देने के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जो हमारा अब तक का उच्चतम है।

यह अनुदानों को पोषित करने के लिए वार्षिक निधि में 150 मिलियन डॉलर और पोलियो उन्मूलन के लिए 50 मिलियन डॉलर में विभाजित होता है, जिसे बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के 1 का 2 के मिलान से 100 मिलियन डॉलर से मिलाया जायेगा। अक्षय निधि कोष और हमारे भविष्य के लिए, हम एकमुश्त दान में 60 मिलियन डॉलर और प्रतिबद्धताओं में 80 मिलियन डॉलर का लक्ष्य रख रहे है, जिसका कुल 140 मिलियन डॉलर होता है। और हम अन्य योगदानों में 60 मिलियन डॉलर एकत्र करना चाहते है, जैसे कि प्रत्यक्ष दान, वैश्विक अनुदान के लिए नकद, और आपदा प्रतिक्रिया निधि दान।

ऐसा करने के लिए, हमें आप सभी की आवश्यकता है - हर एक रोटेरियन और रोटरेकटर की।

क्या आप जानते है कि 80 प्रतिशत से अधिक रोटरी सदस्य पोलियोप्लस में कोई योगदान नहीं देते है, या 60 प्रतिशत से अधिक रोटरी संस्थान में कोई भी दान नहीं देते है? 1.4 मिलियन सदस्यों के संगठन के लिए, इसका मतलब है कि हम में से लगभग 1 मिलियन हर साल योगदान नहीं दे रहे है।

कल्पना कीजिए कि यह कितना बड़ा अंतर होगा अगर उन 1 मिलियन में से प्रत्येक प्रति वर्ष सिर्फ 25 डॉलर का योगदान कर सकें। यह वो 25 मिलियन डॉलर होंगे जिसे हमें अपने सर्वश्रेष्ठ दानकर्ताओं से जुटाने की आवश्यकता नहीं होगी।

आइए इस साल बड़ा और अलग सोचें, ताकि हम अपने लक्ष्य को पूरा कर सकें और *दुनिया में आशा* पैदा करने के लिए और अधिक कर सकें।

**बेरी रेसिन**
ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन

फाउंडेशन ट्रस्टी उपाध्यक्ष का संदेश

# दान देने का सही समय

सभी महान उपलब्धियां एक सपने से शुरू होती है। रोटरी संस्थान एक आदमी - आर्च क्लंफ - के दिमाग में एक सपने के रूप में शुरू हुआ। उस विनम्र शुरुआत से, यह आज मानवीय भलाई की अग्रणी एजेंसियों में से एक बन गई है। यह रोटेरियनों और कई गैर-रोटेरियनों के लिए भी पसंदीदा धर्मार्थ संस्थान है।

नोट्रे डेम विश्वविद्यालय के मसाइंस ऑफ जेनरोसिटी प्रोजेक्टफउदारता को दूसरों को स्वतंत्र रूप से और बहुतायत से अच्छी चीजें देने के गुण के रूप में परिभाषित करता है। इस परिभाषा से तीन भाग स्पष्ट रूप से सामने आते हैं। उदारता अच्छी चीजें, स्वतंत्र रूप से देना और बहुतायत देना है। जब हम टीआरएफ का समर्थन करते है, तो हम - 'अच्छी चीजें' देते हैं - हमारा समय और प्रतिभा - स्वतंत्र रूप से और प्रचुर मात्रा में विभिन्न अनुदानों के माध्यम से इसके उल्लेखनीय काम का समर्थन करने के लिए, जो हमारे समुदाय और दुनिया भर में जीवन को प्रभावित करते है और बदलते है।

टीआरएफ में दान करना और निवेश करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। संत कबीर कहते हैं, ''जब घर में धन-धान्य बढ़ जाए या किसी नाव में पानी भर जाए, तो उसे दोनों हाथों से बाहर निकालना चाहिए!'' देने में आनंद है। और याद रखें कि देने से कोई कभी गरीब नहीं बनता।

हम सभी ''महाभारत'' की उस प्रसिद्ध घटना से अवगत है। युधिष्ठिर भिक्षा मांगने वाले एक भिखारी को अगले दिन आने के लिए कहते है। यह सुनकर भीम को खुशी होती है कि उनके भाई युधिष्ठिर ने मृत्यु पर विजय प्राप्त कर ली है! क्योंकि उन्हें यकीन था कि वह अगले दिन दान करने के लिए वहीँ होंगे। युधिष्ठिर को सीख मिलती है। कोई वास्तव में नहीं जानता कि वह कल देने के लिए वहां होगा की नहीं! टीआरएफ को देने का सबसे अच्छा समय अभी है।

जब डॉ अल्बर्ट श्वित्ज़र से पूछा गया कि भविष्य क्या है, तो उन्होंने उत्तर दिया, "मिझे नहीं पता कि तुम्हारा भाग्य क्या होगा, लेकिन एक बात मुझे पता है; तुम में से केवल वे लोग ही वास्तव में सुखी होंगे जिन्होंने खोजा होगा और पाया होगा कि सेवा कैसे की जाती है।" सेवा के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है टीआरएफ के माध्यम से सेवा करना। जैसा कि हम एक नया रोटरी वर्ष की शुरूआत करते है, आइए हम रोटरी संस्थान को देने और उसके माध्यम से सेवा करने का मार्ग प्रशस्त करें।

**भरत पांड्या**
टीआरएफ ट्रस्टी उपाध्यक्ष

# Rotarians!

**Visiting Chennai for business?**

**Looking for a compact meeting hall?**

Use our air-conditioned Board Room with a seating capacity of 16 persons at the office of the Rotary News Trust.

**Tariff:**

**₹2,500 for 2 hours**
**₹5,000 for 4 hours**
**₹1,000 for every additional hour**

Phone: 044 42145666
e-mail: rotarynews@rosaonline.org


## रोटरी संख्या

| | | |
|---|---|---|
| रोटरी क्लब | : | 37,183 |
| रोटरेक्ट क्लब | : | 11,283 |
| इंटरेक्ट क्लब | : | 13,527 |
| आरसीसी | : | 12,886 |
| रोटरी सदस्य | : | 1,201,101 |
| रोटरेक्ट सदस्य | : | 175,301 |
| इंटरेक्ट सदस्य | : | 311,121 |

**15 जून, 2023 तक**

सदस्यता सारांश — 1 जून 2023 तक

| रो ई मंडल | रोटरी क्लब | रोटेरियनों की संख्या | महिला रोटेरियन (%) | रोटरेक्ट क्लब | रोटरेक्ट सदस्य | इंटरेक्ट क्लब | आरसीसी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2981 | 137 | 6,350 | 6.99 | 73 | 492 | 31 | 255 |
| 2982 | 83 | 3,776 | 6.83 | 34 | 820 | 81 | 76 |
| 3000 | 132 | 5,554 | 10.30 | 104 | 1,639 | 168 | 215 |
| 3011 | 125 | 4,806 | 28.73 | 82 | 2,677 | 112 | 37 |
| 3012 | 152 | 3,848 | 23.44 | 74 | 1,296 | 75 | 61 |
| 3020 | 87 | 5,025 | 7.34 | 43 | 1,195 | 116 | 350 |
| 3030 | 101 | 5,572 | 14.95 | 122 | 2,032 | 447 | 383 |
| 3040 | 116 | 2,639 | 15.88 | 59 | 794 | 64 | 213 |
| 3053 | 71 | 2,892 | 16.32 | 35 | 576 | 42 | 128 |
| 3054 | 172 | 7,086 | 19.98 | 107 | 1,466 | 153 | 577 |
| 3060 | 105 | 5,130 | 15.79 | 68 | 2,396 | 52 | 144 |
| 3070 | 128 | 3,558 | 16.50 | 47 | 545 | 51 | 60 |
| 3080 | 108 | 4,375 | 12.87 | 121 | 2,268 | 108 | 117 |
| 3090 | 106 | 2,487 | 5.55 | 46 | 575 | 180 | 164 |
| 3100 | 112 | 2,387 | 13.87 | 15 | 137 | 30 | 151 |
| 3110 | 145 | 3,987 | 12.34 | 17 | 118 | 29 | 106 |
| 3120 | 89 | 3,803 | 15.93 | 36 | 411 | 25 | 55 |
| 3131 | 144 | 5,846 | 24.75 | 142 | 3,216 | 174 | 145 |
| 3132 | 91 | 3,705 | 13.55 | 37 | 527 | 100 | 168 |
| 3141 | 111 | 6,315 | 27.02 | 152 | 5,594 | 158 | 175 |
| 3142 | 102 | 3,937 | 21.54 | 92 | 2,985 | 72 | 88 |
| 3150 | 113 | 4,492 | 13.16 | 153 | 2,038 | 93 | 129 |
| 3160 | 78 | 2,726 | 8.88 | 32 | 234 | 80 | 82 |
| 3170 | 148 | 6,848 | 15.86 | 111 | 1,871 | 145 | 178 |
| 3181 | 87 | 3,710 | 10.62 | 39 | 480 | 76 | 117 |
| 3182 | 88 | 3,671 | 10.11 | 45 | 216 | 101 | 107 |
| 3190 | 170 | 7,212 | 20.58 | 223 | 5,286 | 191 | 74 |
| 3201 | 171 | 6,746 | 9.83 | 133 | 2,033 | 82 | 93 |
| 3203 | 94 | 4,971 | 7.81 | 86 | 1,183 | 118 | 39 |
| 3204 | 78 | 2,632 | 7.37 | 24 | 226 | 17 | 13 |
| 3211 | 158 | 5,245 | 8.33 | 10 | 133 | 19 | 133 |
| 3212 | 127 | 4,807 | 11.61 | 87 | 3,552 | 140 | 153 |
| 3231 | 97 | 3,517 | 8.25 | 37 | 400 | 39 | 417 |
| 3232 | 173 | 6,707 | 19.87 | 124 | 7,210 | 129 | 101 |
| 3240 | 110 | 3,729 | 16.87 | 71 | 1,306 | 60 | 226 |
| 3250 | 104 | 3,996 | 21.37 | 68 | 1,032 | 42 | 191 |
| 3261 | 101 | 3,571 | 23.91 | 17 | 70 | 20 | 45 |
| 3262 | 124 | 3,890 | 15.17 | 75 | 736 | 640 | 282 |
| 3291 | 152 | 4,021 | 25.09 | 135 | 2,039 | 54 | 708 |
| **India Total** | **4,590** | **175,569** | | **2,976** | **61,804** | **4,314** | **6,756** |
| 3220 | 72 | 2,173 | 16.34 | 98 | 5,224 | 71 | 77 |
| 3271 | 171 | 3,439 | 18.46 | 185 | 3,006 | 311 | 28 |
| 3272 | 162 | 2,261 | 15.30 | 74 | 1,017 | 14 | 48 |
| 3281 | 312 | 7,239 | 18.11 | 280 | 2,122 | 144 | 207 |
| 3282 | 184 | 3,650 | 10.05 | 203 | 1,590 | 29 | 47 |
| 3292 | 158 | 5,920 | 18.73 | 180 | 4,936 | 79 | 135 |
| **S Asia Total** | **5,649** | **200,251** | | **3,996** | **79,699** | **4,962** | **7,298** |

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

# अध्यक्ष मेकिनली उम्मीद जगाने के लिए तैयार

**डेव किंग**

*स्कॉटलैंड के गॉर्डन मेकिनली अपनी अध्यक्षीय प्राथमिकताओं के अनुभव के लिए तैयार हैं*

ये बर्न्स नाइट है, ये उत्सव हर साल जनवरी में मनाया जाता है, लोक संगीत, स्कॉच व्हिस्की की घूँट, स्कॉटलैंड के महानतम कवि, रॉबर्ट बर्न्स के गीतों और कविताओं की जोशीली प्रस्तुतियों और हाँ, शलजम और आलू के साथ हैगिस परोस कर। यह शत प्रतिशत स्कॉटिश है और मेकिनली दोस्तों के साथ इस अवसर पर सहज हैं जो येथोलम में उनके घर के नज़दीक स्कॉटिश सीमा पर स्थित शहर गैलाशील्स में मनाया जा रहा है।

42 वर्षीय उनकी पत्नी हेतर मेकिनली टार्टन चेक पहने हुए हैं - हरे, हल्के नीले और गहरे लाल रंग के - जो ग्लासगो में 1997 के रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन के लिए बनाए गए थे। ओपेरा के शास्त्रीय गायन में प्रशिक्षित पूर्व पेशेवर गायिका और संगीत शिक्षिका, बचपन में सीखे हुए बर्न्स के गीत गा रही हैं।

हैगिस क्या है। यह भेड़ के मांस से बनता है - दिल, जिगर और फेफड़े जिनका प्याज, दलिया, नमक, काली मिर्च, और अन्य मसालों के साथ कीमा बना कर, स्टॉक के साथ मिलाया जाता है और फिर उसी जानवर के साफ किये गए पेट में उबाला जाता है। यह पाक कला के एक दु:स्वप्न की तरह लगता है, लेकिन अपनी यात्रा के दौरान मेकिनली युगल पूरे रोटरी समुदाय में हैगिस अपील का प्रचार कर रहे हैं।

हेतर मेकिनली बताती हैं कि अपनी अमरीका यात्रा पर उन्होंने किस प्रकार हैगिस की व्यवस्था वहां भी कर ली थी और यहां तक कि अपने होटल के कमरे के माइक्रोवेव में इस स्कॉटिश व्यंजन को गर्म किया। ''हैगिस की गंध पूरे सप्ताह कमरे में रही थी,'' वह याद करती है। ''हमने शिकागो में रहते हुए रो ई बोर्ड के अन्य सदस्यों को भी इसका स्वाद चखाया। इसे हरेक ने पसंद किया था हालंकि वे साफ़-साफ़ नहीं बता पाए कि वे क्या खा रहे हैं।''

गॉर्डन मेकिनली एडिनबर्ग के एक सुरम्य समुद्र तटीय क्षेत्र पोर्टोबेलो में बड़े हुए हैं, जो अपने खूबसूरत समुद्री तट के लिए विख्यात है, जिसमें भूरे रंग की रेत और लकड़ी के कण्ठ (नदी के प्रवाह से तटरेखा की रक्षा के लिए निर्मित संरचनाएं (बाधाएं) फोर्थ नदी में बह रहे हैं। उनकी मां एक निजी स्वामित्व में नर्सरी का संचालन करती थीं और उनके पिता मैकडोनाल्ड एंड मुइर के लिए काम करते थे जो ग्लेनमोरंगी व्हिस्की बनाती है। उनके दिवंगत भाई इयान तीन साल छोटे थे और दोनों ने अपने बचपन का अधिकांश समय रग्बी खेलने और देखने में बिताया।

गॉर्डन और हेतर की मुलाकात अपनी किशोरावस्था के आखिरी चरण में हुई थी और उनका रिश्ता परवान चढ़ा फ्लोरेंस, इटली की यात्रा पर, एडिनबर्ग में अपने अलग-अलग स्कूलों के संयुक्त गायन के साथ। हम एक दूसरे पर निर्भर नहीं हैं; हम अपना अपना काम खुद करते हैं, हेतर मेकिनली कहती हैं। रोटरी में

*दक्षिण क्वींसफेरी, स्कॉटलैंड में गॉर्डन और हेतर मेकिनली।*

भी मैं बॉर्डरलैंड्स पासपोर्ट क्लब रोटरी क्लब ऑफ सेल्किर्क का एक उपग्रह क्लब से हूं और गॉर्डन साउथ क्वींसफेरी के सदस्य हैं। ''मूल रूप से अपने काम की वजह से हमारा जीवन हमेशा यूँ ही गुज़रा है, हम अलग-अलग दिशाओं में जाते हैं। हम दोनों स्वतंत्र व्यक्ति हैं, लेकिन हम रात को हमेशा घर आते हैं और एक दूसरे से चर्चा करते हैं कि हम क्या कर रहे हैं।''

उनके पति सहमति जताते है। इस युगल दंपति की दो बेटियां, रेबेका और सारा और दो पोते, आइवी और फ्लोरेंस हैं। वह हेतर को ''एक जबरदस्त सहयोगी बहुत ही सहिष्णु महिला'' बताते हैं।

उन्होंने कहा ''वह एक अच्छी साउंड बोर्ड है, हमेशा मेरी स्वस्थ आलोचक रही है। मैं हेतर पर भरोसा कर सकता हूं कि मैं जैसा हूँ वह मुझे वैसा ही बताएगी। अगर मैं भाषण देता हूं, हर कोई मेरी तारीफ़ करेगा कि यह बहुत बढ़िया था, लेकिन हेतर हमेशा मुझे सच बताती है! मुझे पता है कि मैं उनकी सहायता के बिना यह काम नहीं कर सकता था।''

एडिनबर्ग में क्रेग्सबैंक पैरिश चर्च में जब उन्होंने विवाह किया तो गॉर्डन चर्च ऑफ स्कॉटलैंड के सदस्य बन गए जो पहले मेथोडिस्ट चर्च के सदस्य थे। चर्च में अब एक एल्डर और ट्रस्टी, उन्होंने प्रेस्बिटरी एल्डर, अपने पैरिश बोर्ड के अध्यक्ष और चर्च की आम सभा के आयुक्त के रूप में भी काम किया है।

**एक युवा बैगपाइपर स्कॉटलैंड द ब्रेव के परिचित राग को बजाते हुए होटल के बैंक्वेट रूम से निकलता है। उसके पीछे, एक पारमपरिक हैगिस लिए और नीला, हरा, काला और पीला रंग का मॉडर्न टार्टन पहने हुए 2023-24 रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष गॉर्डन मेकिनली हैं।**

''मेरे माता-पिता ने मेरे और मेरे स्वर्गवासी भाई के भीतर दूसरों की सहायता करने और उनकी देखभाल करने की भावना जगाई और ये आजीवन मेरे साथ रही है'', वे कहते हैं। ''मेरे व्यक्तिगत विश्वास ने और ऐसा ही दृढ़ विश्वास रखने वाले परिवार में हुई मेरी परवरिश ने मेरी ज़िन्दगी और करियर पर यकीनन असर डाला है।''

स्कॉटलैंड की राजधानी में मेकिनली तीन दशकों से अधिक समय तक स्व-स्वामित्व वाली दंत चिकित्सा प्रैक्टिस में व्यस्त रहे और 2016 में सेवानिवृत्त हो उससे अवकाश ले लिया। वो ब्रिटिश पैडोडोंटिक सोसाइटी (अब ब्रिटिश सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री) के शिक्षक और परीक्षक के पदों पर रह चुके हैं और इसके ब्रांच चेयरमैन के रूप में भी कार्य किया है । साउथ क्वीन्सफेरी में कई वर्ष बिताने के बाद, जब उन्होंने प्रैक्टिस छोड़ दी थी तो मेकिनली स्कॉटिश बॉर्डर्स में स्थानांतरित हो गए जिसकी योजना वो 30 साल से अधिक समय से बना रहे थे।

वे कहते हैं, ''जब तक मैं एक दंत चिकित्सक के रूप में काम करता रहा, हम हमेशा सोचते थे कि अंततः बॉर्डर्स में अपना घर बनाना ठीक रहेगा, क्योंकि मेरे पूर्वज भी यहीं से आये थे। मेरी माँ किसान परिवार से थी और उनका जन्म यहाँ से लगभग 15 मील दूर एक खेत में हुआ था। जब से हम यहां आए हैं मैं लोगों से कहता हूँ कि मुझे लगता है जैसे मेरा डीएनए घर लौट आया है।''

*एडिनबर्ग के मुर्रेफील्ड रग्बी स्टेडियम में रोटेरियन एंडी आयरलैंड (बाएं) और दोस्त एरिक विलियमसन के साथ गॉर्डन और हेतर मेकिनली।*

मेकिनली के लिए, यह एक अवकाश की रात है, गैलाशील्स के स्कूलों के युवाओं द्वारा बर्न्स की रचनाओं पर आधारित नाटकीय रूपांतरण सुने जिसमें युवा पोपी लुन द्वारा पढ़ा गया *एड्रेस टू ए हैगिस* शामिल है। शाम को *औल्ड लैंग सिने* के मनमोहक गायन के साथ कार्यक्रम समाप्ति तक सामूहिक गायन के साथ वातावरण में वायलिन और पाइप संगीत बह रहा था।

कुछ दिनों बाद, मेकिनली एबॉट्सफ़ोर्ड हाउस में है, जो स्कॉटिश बॉर्डर्स पर मंद गति से बहने वाली नदी ट्वीड पर स्थित है। यह एक खूबसूरत जगह है और अपने मेहमानों को घुमाने के लिए मेकिनली की पसंदीदा जगहों में से एक, जैसा कि उन्होंने आज किया।

उपन्यासकार, कवि और इतिहासकार सर वाल्टर स्कॉट का निवास था एबॉट्सफ़ोर्ड हाउस, जिन्होंने टार्टन पहनावे को लोकप्रिय बनाया, ऐतिहासिक उपन्यास लिखा और रानी विक्टोरिया को अपने प्रशंसकों में शामिल किया। एबॉट्सफ़ोर्ड की स्थापत्य शैली ने स्कॉटलैंड की कई इमारतों को प्रेरित किया, जिसमें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का ग्रीष्मकालीन निवास, बाल्मोरल कैसल भी शामिल है। अब, स्कॉट के काम जैसे *इवान्हो* और *रॉब रॉय* को स्क्रीन के अनुकूलित किया गया है।

इस दिन, स्कॉट्स बैरोनियल बिल्डिंग को सर्दियों में जनता के लिए बंद कर दिया जाता हैं, जिसका निर्माण 19 वीं शताब्दी में हुआ था, जो स्कॉटलैंड में मध्यकालीन इमारतों से प्रेरित इस इमारत में पेपर-पॉट कंगूरे बने हुए हैं जिस की छत का अग्र भाग सीढ़ीनुमा और तिकोना है। फर्नीचर को धूल से बचाने के लिए उन पर चादरें बिछा दी जाती हैं और एक गरीब पुस्तकालय की पंक्तिबद्ध अलमारियों में सजी 9,000 पुस्तकों की सफाई कर रही है।

स्कॉट को 18 महीने की उम्र में पोलियो ने जकड लिया था। उनको दाहिने पैर में लकवा मार गया था और इसलिए उनके माता-पिता ने उन्हें केलसो के बाहर अपने दादा के फार्म पर इलाज के लिए भेजा था। एबॉट्सफ़ोर्ड की हेरिटेज एंगेजमेंट ऑफिसर मैरी केनी बताती हैं, ''पोलियो की वजह से सर वाल्टर को बॉर्डर पर लाया गया था, जहां उन्होंने ऐसी कहानियां और गाने सुने जिसने उनके उनके लेखन को प्रेरित किया।'' मेकिनली और

*रॉक्सबर्गशायर में मेकिनली युगल।*

केनी इस विचार से सहमत हैं कि स्कॉट एक महान रोटरी सदस्य होते।

खुद मेकिनली की रोटरी यात्रा 26 साल की उम्र में शुरू हुई थी। अपने एक किसान मित्र द्वारा आमंत्रित किए जाने के बाद वह साउथ क्वींसफेरी क्लब में शामिल हो गए जो परिवार के चर्च के ही सदस्य थे। ''शुरुआत में मैंने रोटरी क्लब को शहर में दोस्त बनाने और ऐसे क्षेत्र में काम करने वाली संस्था के रूप में देखा जो समाज को व्यापक रूप से लाभान्वित करेगा'', वे कहते हैं। ''जैसे-जैसे समय बीतता गया और मुझे दुनिया भर में रोटरी द्वारा किए जा रहे कार्यों का एहसास हुआ, मैं यहीं का होके रह गया।''

केवल तीन वर्ष छोड़ दें जब वो रोटरी क्लब केलसो के सदस्य रहे थे (अफ़सोस कि वो बंद हो गया) वो साउथ क्वींसफेरी क्लब के सदस्य बने रहे। 1997-98 में मंडल अध्यक्ष रह चुके मेकिनली ने रोटरी शताब्दी वर्ष 2004-05 में ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के रोटरी इंटरनेशनल (RIBI) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।

RIBI के अध्यक्ष बनने से कुछ समय पहले, मेकिनली ने 1994 के रवांडा में हुए नरसंहार और एड्स पीड़ित अनाथ बच्चों के साथ काम करने के लिए रवांडा और दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। बाद में उन्होंने होप एंड होम्स फॉर चिल्ड्रन के साथ आरआईबीआई की साझेदारी में एक परियोजना स्थापित करने में सक्रीय रहे, जो दोनों देशों में अनाथ बच्चों को भोजन, आश्रय, चिकित्सा और शिक्षा के साथ एक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए मदद कर रही थी। मेकिनली होप एंड होम्स फॉर चिल्ड्रन संस्था के संरक्षक है, जो अब राष्ट्रीय बाल संरक्षण प्रणाली विकसित करने के लिए रवांडन सरकार का सहयोग कर रही है, और जो परिवार में उपज रही अलगाव, एकाकीपन की समस्या कम करने की दिशा में कार्य कर रही है और परिवार-आधारित विकल्प और समाधान करती है।

मेकिनली के काम का विस्तार अफ्रीका में केन्या तक फैल गया। COVID-19 महामारी से ठीक पहले, उन्होंने स्कॉटिश रोटरी के सदस्यों के नेतृत्व में स्वयंसेवक बनने के लिए उस देश की यात्रा की थी। वहां उन्होंने एक आत्मनिर्भर, उद्देश्य निर्मित ईको-गाँव, न्युम्बनी में डेंटल स्क्रीनिंग की, जो अनाथ बच्चों और बुजुर्गों के लिए आश्रय और सहायता उपलब्ध करवाता है, जो उनके संरक्षक के रूप में सेवा करते हैं। उन्होंने स्थानीय निवासियों के घरों की मरम्मत करने में भी सहायता की थी।

''मैंने नज़दीक से देखा और ये पाया कि रोटरी दूसरों की देखभाल और उनकी मदद करने का एक सशक्त माध्यम है।'' वे कहते हैं। ''दुनिया भर में रोटरी ने मुझे दोस्त दिए हैं और इसी के फलस्वरूप, जिस दुनिया में मैं रहता हूं, इसे बेहतर समझ सका हूँ। व्यक्तिगत विकास के साथ साथ जो कुछ मिला है, ये मुझे अपील करता है और इसे मैं दूसरों के साथ बांटना चाहता हूँ।''

*मेकिनली युगल सेल्किर्क में टार्टन क्लॉथ के निर्माता एना हिन्निगन, Lochcarron of Scotland कि वरिष्ठ संचालन प्रबंधक के साथ बात करते हुए।*

मेकिनली घर के नज़दीक रहते थे जबकि उनके भाई, इयान, एडिनबर्ग में हेरियट-वाट विश्वविद्यालय से स्नातक होने के बाद, लंदन के बाहरी इलाके में रहते थे  जहाँ वह रोटरेक्ट के सदस्य थे और इयान की पत्नी से मुलाकात कंप्यूटर उद्योग में काम करने के दौरान हुई थी। दोनों भाई और उनके परिवार वर्षों में कभी कभार एक-दूसरे से मिलते थे, लेकिन मेकिनली को इस बात का कतई मालूम नहीं था कि उनका भाई अवसाद और निराशा की भयकर बीमारी के ''ब्लैक डॉग'' से पीड़ित था, जैसा कि विंस्टन चर्चिल कहते थे। इयान मेकिनली ने 8 फरवरी 2014 को ख़ुदकुशी कर ली थी।

उस घटना के बाद परिवार के लोगों का जीवन हमेशा के लिए बदल गया और वे खुद से सवाल करते रहते है: ऐसा क्यों हुआ? हमें क्यों पता नहीं चला? हम और क्या कर सकते थे?

मेकिनली ने यह सब जनवरी में फ्लोरिडा में इंटरनेशनल असेंबली में भाषण देते हुए याद किया, जब उन्होंने सार्वजनिक मंच पर पहली बार अपने भाई की आत्महत्या की चर्चा की थी। इस भाषण की प्रैक्टिस करते हुए वे भावुक हो गए थे। ''मैं आपको बताऊँ, मेरे लिए वो भाषण पढ़ना आसान नहीं था, वे कहते हैं। उस दिन वो पहली बार था जब मैं बिना रोये इसे पढ़ पाया था।''

ये कहानी सुना कर उनका लक्ष्य सहानुभूति बटोरना नहीं था  बल्कि लोगों को यह बताना था कि मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं, यह इसलिए सुनाते हैं ताकि लोग समझ सकें वह इस पर इतना ज़ोर क्यों देते हैं। ''बाद में कई लोग मेरे पास आए और बोले, 'आपकी कहानी मेरे से मिलती जुलती है,''' वे कहते हैं।

*मेकिनली युगल येथोल्म में बेटियों सारा वार्डेल (बाएं) और रेबेका मेकिनली के साथ।*

गत वर्ष, मेकिनली चैरिटी बाइपोलर यूके के राजदूत बन गए, जिसने उस समय RIBI के साथ साझेदारी शुरू की थी। अपने भाई के अनुभव के बाद, वह संगठन के साथ गहरी आत्मीयता रखते हैं और आत्महत्या की रोकथाम के सबंध में उन्होंने एक वेबिनार आयोजित कर इसकी अवस्था और लक्षणों के बारे में एक वीडियो भी बनाया है।

और उनके अध्यक्षीय कार्यकाल की एक पहल, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। वे कहते हैं, ''रोटरी के लिए इस नई पहल में मेरा आह्वान यह है कि हम मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करने के अभिशाप को दूर करने की वकालत करें व्यापक रूप से इसके बारे में जागरूकता बढ़ाएं, लोगों को बेहतर गुणवत्ता वाली देखभाल सेवाएं खोजने में मदद करें और उनकी स्वास्थ्य की बेहतरी में उनका सहयोग करें।''

मेकेनली के लिए रोटरी के माध्यम से अपने व्यक्तिगत लोकाचार को क्रियान्वित करने का ये एक और अवसर है।

एबॉट्सफ़ोर्ड हाउस से निकलने के बाद, मेकिनली केल्सो रग्बी फुटबॉल क्लब का मैदान पर रुकते हैं, जो टेनेंट के नेशनल लीग डिवीजन 1 में गाला के खिलाफ स्थानीय डर्बी के लिए बनाया गया है। अगर बॉर्डर के निवासियों को कोई जुनून एकजुट करता है, तो वो है रग्बी । इस क्षेत्र ने स्कॉटलैंड से कुछ सर्वश्रेष्ठ रग्बी खिलाड़ी दिए हैं, जिनमें से कई खिलाड़ी प्रतिष्ठित क्लब ब्रिटिश और आयरिश लायंस के लिए खेल चुके हैं।

मैच शुरू होने से पहले क्लब हाउस में दम्पति के साथ उनके छह मित्र भी शामिल होते हैं, वो दाल के सूप और स्टेक पाई का आनंद लेते हैं। ताज़ा जानकारी के साथ चल रही मजेदार बातचीत में अक्सर हंसी के ठहाके सुनाई पड़ते हैं।

एक पूर्व पुलिस अधिकारी, डौग फोर्सिथ की सूझ बूझ बहुत अच्छी है और वह नए बॉर्डरलैंड पासपोर्ट क्लब में शामिल होने के बारे में चर्चा करने के लिए केल्सो आरएफसी के अध्यक्ष नील हेस्टी से संपर्क करने का मौक़ा हथिया लेते हैं।

''नील एक ऐसा व्यक्ति है जो समाज में रोटरी के बारे में जानता है, लेकिन वह पासपोर्ट क्लब के लचीले दृष्टिकोण को पसंद करता है,'' फोर्सिथ कहते हैं। ''हमारे यहां साप्ताहिक बैठकें आयोजित नहीं होती हैं, हमारे यहां भोजन नहीं होता। महीने में हम शायद एक बार कॉफी और केक पर मिलते हैं और प्रोजेक्ट करते हैं। ... हम यहां रोटरी करने

**मेरे माता-पिता ने मुझमें और मेरे दिवंगत भाई के भीतर दूसरों की सहायता और उनकी देखभाल करने का जज़्बा पैदा किया जो ता ज़िंदगी मेरे साथ रहा है।**

# 2023-24 अध्यक्षीय प्राथमिकताएं

### मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता

मानसिक बीमारी और भावनात्मक स्वास्थ्य के बारे में बात करना असहज महसूस करवा सकता है, लेकिन यह रोटरी के वैश्विक समुदाय की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। रो ई के अध्यक्ष गॉर्डन मेकिनली क्लबों और मंडलों को एक ऐसी जगह बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो सभी के लिए स्वागत योग्य हो और साम्यिक वातावरण उपलब्ध करने में मदद करे जहां इन मुद्दों का सामाधान करना सुरक्षित हो।

ऐसा करने के लिए, उन तरीकों के बारे में सोचें जिन्हें आप कर सकते हैं:

- भावनात्मक भलाई की चर्चाओं से जुड़े किसी भी कलंक को मिटा दें
- मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों के बारे में जागरूकता बढ़ाएं
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार

### आभासी आदान-प्रदान के माध्यम से शांति की स्थापना

व्यक्तिगत संबंधों के माध्यम से शांति की स्थापना के लिए प्रयास करने में रोटरी का लंबा इतिहास रहा है, लेकिन COVID-19 महामारी से हुई सम्मुख लड़ाई ने इसे अत्यंत कठिन बना दिया था। इस दौरान हमने जो सीखा, उसी से प्रेरित होकर, मेकिनली मंडलों से उनके कार्यक्रमों, समारोहों और क्लब गतिविधियों में आभासी उपकरणों को शामिल करने के लिए कहते हैं। नवीन सम्बन्ध बनाने के लिए आधुनिकतम तकनीकों का उपयोग करके, हम बेहतर सांस्कृतिक संवाद, जागरूकता और परस्पर समझ के द्वारा शांति की रचना करते हुए अधिक लोगों को रोटरी के वृहद वैश्विक समुदाय को अनुभव करने का मौक़ा देते हैं।

हमारे विनिमय कार्यक्रमों जैसे रोटरी यूथ एक्सचेंज और रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज में इन घटकों को शामिल करना या बनाए रखना:

- सदस्यों और प्रतिभागियों को विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव करने, नए दोस्त बनाने और उनकी वैश्विक जागरूकता को व्यापक करने के नए तरीके सुझाएँ
- उन लोगों के लिए सदस्यता को और अधिक सहज और सुलभ बनाएं जो समय, स्वास्थ्य अथवा वित्तीय क्षेत्र से सम्बन्ध रखते हैं
- मजबूत आपसी सांस्कृतिक संचार और समझ और आखिर में अधिक स्थिर और शांतिपूर्ण समाज बनाने के लिए प्रोत्साहित करें

### लड़कियों का सशक्तिकरण

2021-22 में रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता द्वारा शुरू की गई पहल को मेकिनली यथावत रखेंगे जिसे 2022-23 में रो ई अध्यक्ष जेनिफर जोन्स ने भी जारी रखा है, जो दुनिया भर में लड़कियों और महिलाओं की शक्ति उजागर करने और उनके द्वारा आवाज उठाने पर केंद्रित है। रोटरी लड़कियों के लिए स्वास्थ्य, भलाई, शिक्षा, आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार के तरीके खोजने के लिए अपने सदस्यों का आव्हान करती है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया *rotary.org/initiatives23-24* पर जाएँ।

आये हैं, रोटरी पर चर्चा करने नहीं। यह सभी रोटरी को सक्रिय और आकर्षक बनाने के सम्बन्ध में हैं।''

मेकिनली सहमति जताते हुए देखते हैं। ''यही है लचीली रोटरी है और यही इसका भविष्य है,'' वह कहते हैं।

टेबल के चारों ओर खड़े लोगों की आँखों में उस आदमी के लिए प्रशंसा स्पष्ट रूप से झलक रही है जो रोटरी इंटरनेशनल का अध्यक्ष बनने जा रहा है - स्कॉटलैंड से दूसरे और यूके से छठे व्यक्ति। रोटरी क्लब ऑफ़ क्रीन्सफेरी के अध्यक्ष सैंडी मैकेंजी ने जोर देकर कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर हम सब को बहुत गर्व है। ''हम बहुत खुश हैं,'' मैकेंजी कहते हैं। ''गॉर्डन एक जमीन से जुड़ा हुआ विनम्र, रोटेरियन है। उनके पैर हवा में नहीं जमीन पर टिके हुए हैं।''

**मैंने नज़दीक से देखा है कि रोटरी दूसरों की देखभाल और उनकी मदद करने का एक सशक्त माध्यम है। दुनिया भर में रोटरी ने मुझे दोस्त ही नहीं दिए हैं बल्कि दुनिया की बेहतर समझ भी दी है।**

उनकी क्लब की साथी केट गिब ने खुलासा किया कि उन्हें शुरू से ही कैसे आभास था कि लगभग 30 साल से उसके बढ़िया दोस्त एक दिन रोटरी इंटरनेशनल के शिखर पर पहुंचेंगे। ''मुझे याद है कि हमारे क्रीसफेरी पैरिश चर्च के मंत्री, डेविड कैमरन से कहा था - पूर्व ब्रिटिश प्रधान मंत्री नहीं - कि ये आदमी एक दिन रोटरी इंटरनेशनल अध्यक्ष बनेगा,'' वो कहती हैं। ''इसे आप पूर्वाभास कह सकते हैं। गॉर्डन संकोची, विनम्र और मेहनती शख्स है।''

मेकिनली अपने रग्बी खेलने के दिनों में दूसरी पंक्ति के फॉरवर्ड होते थे और नंबर 8 पर थे - ''प्रतिभा की कमी के चलते एक भरोसेमंद करियर छोटा रह गया,'' उन्होंने माना। भोजन के बाद, अपने दोस्तों के साथ केल्सो रग्बी मैच में, वह दोनों टीमों

के जोशीले प्रशंसकों के बीच आगे की पंक्ति में लगे स्टैंड से देख रहे हैं। यह एक तेज़ गति से खेला जा रहा मैच है जिसमें दर्शकों द्वारा ढेर सारी मजाकिया टिप्पणियां की जा रही हैं।

रग्बी उनके पारिवारिक जीवन का एक अहम् हिस्सा है। पूर्व में मेकिनली की दंत चिकित्सा प्रैक्टिस मरेफील्ड रग्बी स्टेडियम से जरा सी दूर थी। जब उन्होंने 2016 में अपनी प्रैक्टिस बेचीं तो एक शर्त रखी कि उन्हें स्कॉटलैंड के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए वहां उन्हें पार्किंग सुविधा मिले।

हेतर मेकिनली वो दिन याद करती हैं जब केल्सो में टेलीविजन कैमरे उनकी बेटी सारा पर केंद्रित थे जो उस वक्त छोटी बच्ची थी और अपने पिता गॉर्डन के साथ एक मैच देख रही थी। प्रसिद्ध बीबीसी रग्बी कमेंटेटर बिल मैकलेरन ने सुरीले अंदाज़ में ये शब्द कहे थे हाँ, ''यहां बॉर्डर्स में वे बचपन से ही तैयारी शुरू कर देते हैं।''

गाला ने केलो पर 36-31 से देर से किये गए दो पेनल्टी गोल से जीत हासिल की। जब हम मैदान छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, हेतर ने नोट किया: ''गॉर्डन अपने भाषणों में मजाक करते हैं कि वह रो ई अध्यक्ष की नामांकन समिति से

*हाविक, स्कॉटलैंड में द बॉर्डर्स डिस्टिलरी में मेकिनली।*

*ईस्ट लोथियन में मेकिनली अपनी पोतियों, फ्लोरेंस (बीच में) और आइवी के साथ।*

किसी के आने का इंतजार कर रहे हैं जो कहेगा, 'क्षमा करें, हमने गलत व्यक्ति को अध्यक्ष बनने के लिए निमंत्रण दिया है। हम सूची में अगले व्यक्ति को बुलाना चाहते थे!'''

''यह बहुत बड़ा सम्मान है। हम राष्ट्र प्रमुखों से मिल रहे हैं, शानदार जगहों पर जा रहे हैं, और मैं अपनेआप को चिकोटी काट रही हूं, ममैं तो सिर्फ हेतर हूं। आखिर हम यहाँ क्या कर रहे हैं?'' वह कहती हैं। ''हम 500 निवासियों वाले स्कॉटलैंड के एक छोटे से गांव से हैं और यहां हम रोटरी इंटरनेशनल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।''

उठने से पहले, वह स्वीकार करती है कि उन्होंने जो हासिल किया है, उस पर उसे बहुत गर्व है: ''बेशक,'' वह कहती है, ''लेकिन कृपया उसे मत बताना!''

*चित्र : मोनिका लोज़िन्स्का*

*रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी पत्नी शिप्रा के साथ।*

# भारत में रोटरी के टैलेंट पूल की पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना अभी बाकि है

**रशीदा भगत**

आगामी निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी को यह कहते सुनना उतना ही आश्चर्यचकित करने वाला था कि उन्हें हर शाम लगभग एक घंटे तक अपने दोस्तों के साथ गपशप करना पसंद है, जितना कि उन्हें कोलकाता में *लक्ष्य* प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंच से पुराने पश्चिमी गीतों पर झूमते हुए देखना था। उनकी पत्नी शिप्रा आपको बताती है कि एक ठेठ बंगाली होने के नाते, उन्हें चावल और मछली पसंद है, और उन्होंने इसे अपना मुख्य आहार बना लिया है।

मैं चेन्नई में उनके और शिप्रा के साथ एक बातचीत के लिए बैठती हूं, और वह रोटरी के सामने खड़ी चुनौतियों, निदेशक के रूप में उनकी प्राथमिकताओं पर अपने विचारों को स्पष्ट रूप से साझा करते है और संकल्प लेते है कि ''भारत में रोटरी में अधिक महिला सदस्यों को आकर्षित करने के लिए मैं जो कुछ भी कर सकता हूं उसे करूंगा। मैं यह भी देखने का प्रयास करूंगा कि हम उन्हें नेतृत्व के अवसर कैसे प्रदान कर सकते है।''

अनिरुद्धा के पिता भारत सरकार के लिए काम करने वाले एक मौसम विज्ञान अधिकारी थे, ''और चूंकि उनकी नौकरी में तबादले होते रहते थे, इसलिए हम अलग-अलग और दूर-दराज के स्थानों में रहे। इसलिए जीवन के बहुत शुरुआती चरण से, मेरा सामना इतनी सारी अलग-अलग संस्कृतियों, क्षेत्रों, लोगों, और कभी-कभी अप्रिय स्थानों से हुआ! हमने भयानक बवंडर का अनुभव किया है और इसने मेरे दिमाग पर प्रकृति के प्रकोप की एक छाप छोड़ी है।''

उन्होंने चंडीगढ़ से अपनी प्री-इंजीनियरिंग की, और चूंकि वह एक अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी थे, इसलिए उन्होंने अपने विश्वविद्यालय के लिए पूरे पंजाब में फुटबॉल खेला। यह अनुमान लगाना भी मुश्किल नहीं है कि उनका पसंदीदा फुटबॉल खिलाड़ी मेसी है। बाद में उन्होंने कलकत्ता से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

## शुरुआती वर्ष

अपने शुरुआती करियर के बारे में अनिरुद्धा कहते है, ''मैं एक बहुत ही मध्यम वर्गीय परिवार से आता हूं और पारंपरिक रूप से हम बंगालियों की ज्यादातर धारणा है कि हमें नौकरी में होना चाहिए, किसी प्रकार की सुरक्षित नौकरी होनी चाहिए, न कि व्यवसाय में। और उस समय एक बैंक की नौकरी को सबसे वांछित माना जाता था।'' इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक होने के बाद, वह पैरी एंड कंपनी में शामिल हो गए, कुछ समय के लिए बैंगलोर में काम किया और फिर 1980 में कलकत्ता लौट आए।

''लेकिन उद्यमिता की भावना मेरे भीतर थी... और मैं कुछ न कुछ उद्यम करना चाहता था।'' कॉलेज के उनके एक वरिष्ठ, जो मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ काम कर रहे थे, ने उन्हें यह सुझाव दिया कि ''आप फिल्म प्रसंस्करण क्यों नहीं करते? तब 16 मिमी और 35 मिमी का नया प्रारूप आया था।'' जनता सरकार सत्ता में थी और कलकत्ता 16 मिमी

फिल्मों के प्रसंस्करण के केंद्रों में से एक होने के लिए तैयार था, जबकि 35 मिमी फिल्में चेन्नई और बॉम्बे जाती थी।

''मैंने 16 मिमी फिल्म प्रसंस्करण का कार्य शुरू किया। लेकिन फिर सरकार, नीति और प्रौद्योगिकी बदल गई; 16 मिमी की फिल्म चली गई और वीडियोग्राफी का दौर आया।'' उन्हें ट्रैक बदलना पड़ा और वह प्रसंस्करण और मुद्रण में स्थानांतरित हो गए, लेकिन पहली पीढ़ी का उद्यमी होने के कारण, उन्हें वित्त सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम ने उनके व्यवसाय का समर्थन किया। ''मैंने अपना उद्यम शुरू किया; मेरा ब्रांड Zoom16 है, क्योंकि मैंने 16 मिमी की फिल्मों के साथ शुरुआत की थी,'' वह मुस्कुराते है।

उस समय, उन्हें रोटरी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन अपने व्यवसाय में व्यस्त होने के कारण, उन्होंने इस पर विचार नहीं किया। ''लेकिन फिर मेरे एक सहयोगी ने जोर देकर कहा कि आप जैसे लोगों को रोटरी में शामिल होना चाहिए, इसलिए 1994 में, मैं रोटरी क्लब कलकत्ता मेट्रो सिटी में चार्टर सदस्य के रूप में शामिल हो गया।''

## नेतृत्व की भूमिकाएं

वास्तव में रोटरी गतिविधियों में संलग्न होने में उन्हें तीन साल लग गए। ''उस समय शेखर (मेहता) गवर्नर नामित थे और उन्होंने मुझे अपनी कोर टीम में शामिल होने के लिए राजी किया। चूंकि मैं प्रिंटिंग व्यवसाय में था, उन्होंने मुझे अपनी प्रकाशन समिति का सह-अध्यक्ष बनाया।''

**रोटरी भारत में होने वाली सभी नकारात्मक चीजों से मुक्त होना चाहिए। हम रोटरी के सभी पहलुओं में बहुत अच्छा कर रहे है। लेकिन इससे हमारा नाम खराब हो रहा है।**

नेतृत्व की भूमिका का स्वाद चखने और उसमें सफल होने के बाद, अनिरुद्ध 2000-01 में क्लब अध्यक्ष और 2007-08 में मंडल गवर्नर बने।

गवर्नर के रूप में उनके वर्ष की मुख्य बातों के बारे में पूछे जाने पर, वह कहते है कि पिछले साल मंडल रो ई मंडल 3290 के रूप में एकीकृत था; इसमें पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप और नेपाल के नौ राजस्व जिले शामिल थे। अगले वर्ष, इसे 3291 और 3292 में विभाजित किया गया। ''यह 187 क्लबों के साथ एक विशाल मंडल था और मेरे दोहरे उद्देश्य थे; भारत और नेपाल के प्रत्येक क्लब के सदस्यों से मिलना। मैंने भारत में तीन सप्ताह बिताने का फैसला किया और चौथा नेपाल को समर्पित किया क्योंकि नेपाल अलग होने की कगार पर था और मुझे एक स्वतंत्र मंडल बनने के लिए उन्हें बहुत समर्थन देना पड़ा,'' वह कहते है।

## निदेशक का पद

मैं उनसे पूछती हूं कि किसी समय आपको ऐसा लगा की आप रो ई निदेशक बन सकते है। बिल्कुल नहीं। ''निदेशक बनना कभी मेरे रडार पर नहीं रहा। हर बार जब शेखर और अन्य लोगों ने संभावना पर चर्चा की, तो मैंने हमेशा कहा 'नहीं, नहीं।' मैंने सोचा कि मेरी उम्र बढ़ रही है और व्यापक दौरों की आवश्यकता होगी, इसलिए हो सकता है यह मेरे लिए सही नहीं हो। हो सकता है कि मैं इसके साथ न्याय न कर पाऊं। क्योंकि मैं जो कुछ भी करता हूं, उसे अच्छी तरह पूरा करता हूँ।''

लेकिन फिर रोटरी में कई दोस्तों ने उन्हें



# एक नज़र में

**संगीत** - सूफी संगीत मेरा पसंदीदा है; मैंने 2010 के बाद से इसे वास्तव में पसंद करना शुरू किया। मुझे लगता है कि बोल के साथ-साथ धुनों का एक सुखदायक प्रभाव होता है, क्योंकि संगीत जीवन के फ़लसफ़े को प्रसारित करता है। मुझे पुराना फिल्मी संगीत भी पसंद है। मुझे हार्ड रॉक पसंद नहीं है ... मुझे मधुरता पसंद है।

**भोजन:** शिप्रा कहती है: घर का बना भोजन, ज्यादातर चावल और मछली... यह उनका मुख्य और पसंदीदा भोजन है!

**खाना पकाना:** उस क्षेत्र में मैं बिलकुल ज़ीरो हूं!

**धार्मिक:** मैं मंदिरों में जाता हूं लेकिन धर्म को लेकर कट्टर नहीं हूं। मैं अपनी प्रार्थना और सम्मान देने के लिए मंदिरों में जाता हूं; मैं भगवान से डरने वाला व्यक्ति हूं, लेकिन इस बात की कोई बंदिश नहीं है कि मुझे इसके लिए तिरुपति या उसके लिए किसी अन्य मंदिर में जाना पड़े।

**पढ़ना:** ओह, मैं बहुत कुछ पढ़ता था, खासकर सोने जाने से पहले। लेकिन इन दिनों बहुत अधिक समय नहीं मिलता है। जब किताबों की बात आती है, तो मेरा मानना है कि सीखने का कोई अंत नहीं है और हम में से प्रत्येक के पास सीखने की अनंत क्षमता है। मैं उन पुस्तकों को पसंद करता हूं जो आत्म-सुधार और प्रौद्योगिकी से सम्बंधित होती है और जिन्होंने मानव जीवन को बदल दिया है। मेरे पसंदीदा लेखक जैक वेल्च है।

**यात्रा:** मुझे विदेशी स्थानों के लिए ज्यादा आकर्षण नहीं है। मेरा मानना है कि भारत में अनेक मोहक और ऐतिहासिक स्थान है जो विभिन्न परिदृश्यों की पेशकश कर सकते है। आमतौर पर, मुझे शांतिप्रिय एवं प्राकृतिक स्थान पसंद है, क्योंकि मैं एक कंक्रीट जंगल में रहता हूं। मुझे जयपुर इसके रंग और जीवंतता के कारण पसंद है, मुझे यह आकर्षक लगता है। ऊटी एक और पसंदीदा जगह है... मेरा पोता लॉरेंस स्कूल में पढ़ रहा था और मुझे यह पसंद आया। (शिप्रा: हम साल में एक बार पुरी जाना पसंद करते है।)

**आराम:** अच्छी फिल्में देखकर मिलता है। और शाम को अपने दोस्तों के साथ कम से कम 45 मिनट से एक घंटे तक गपशप करके भी!

**फिटनेस:** मैं रोजाना 45 मिनट के फिटनेस सत्र का पालन करता हूं; ज्यादातर योग और चलना और कुछ अन्य व्यायाम।

**फिल्में:** सिनेमा के लिए मेरी पसंद इतने दशकों में बदल गई है क्योंकि मैं मानसिक और भावनात्मक रूप से विकसित हुआ हूं। मुझे एक मजबूत संदेश वाली लघु फिल्में पसंद है, जो अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एक्शन फिल्में मुझे पसंद नहीं है।

**रोटरी में मार्गदर्शक:** मूल रूप से दो व्यक्ति; पहले मेरे प्रशिक्षक अंजन कुमार थे, वह शेखर के ट्रेनर भी थे। और दूसरे पीआरआईपी शेखर मेहता।

प्रोत्साहित किया, यह कहते हुए कि चूंकि उन्होंने कई अलग-अलग भूमिकाएं निभाई है, इसलिए उन्हें इस पद के लिए प्रयास करना चाहिए।

## निदेशक के रूप में प्राथमिकताएं

अनिरुद्ध का कहना है कि निर्देशक के रूप में उनकी पहली प्राथमिकता यह देखना होगी कि ''रोटरी को भारत में होने वाली सभी नकारात्मक चीजों से मुक्त होना चाहिए। यह रोटरी के सभी पहलुओं में बहुत अच्छा कर रहा है। लेकिन इससे हमारा नाम खराब हो रहा है।''

नकारात्मकताओं को परिभाषित करने के लिए प्रेरित करने पर, वह कहते है, ''चुनावी शिकायतें; किसी भी छोटे से मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और लोग रो ई

*बाएं से: RID अनिरुद्धा रॉयचौधरी के साथ शाश्वती (बहू), अरुंधति (बेटी), तनु रॉय (दामाद), अरिंधम (बेटा) और शिप्रा।*





अध्यक्ष को मेल भेज रहे है, और हंगामा कर रहे है। ऐसा करके, वे हमारे अच्छे नाम, और हमारे द्वारा किए जाने वाले महान काम और सेवा परियोजनाओं को खराब कर रहे है। इतने सारे स्तरों, क्लबों, मंडलों आदि पर सब कुछ ठीक किया जा सकता है... मुझे इस पर काम करना है। अभी, निदेशक वेंकी और महेश इससे निपट रहे है और मैं चुपचाप देख रहा हूं।''

उनका कहना है कि क्लब स्तर से ज्यादा, ये विवाद मंडल स्तर पर हो रहे है। ''और यह सब चुनाव और पदों की वजह से हो रहा है। इंसानी मनोवृत्ति ऐसी है कि अगर मैं एक सफल नेता बन गया हूं, तो मैं उस ताकत को कायम रख सकता हूं। इसलिए जब एक बार गवर्नर का पद चला जाता है, तो व्यक्ति खोया हुआ महसूस करता है, और पद छोड़ने के लिए अनिच्छुक होता है।'' लेकिन रोटरी की संरचना और नियम ऐसे है कि एक बार आपका कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद, आपको पीछे हटना होगा और नए लोगों को पदभार संभालने की अनुमति देनी होगी।

क्या वह पीडीजी की बात कर रहे है? ''बेशक, पीडीजी! मैंने ऐसे कई पीडीजी देखे है जो क्रूर तरीके से व्यवहार करते है जो रोटरी जैसे मंच पर नहीं होना चाहिए। हमें इसे सुलझाना होगा।''

## परियोजनाओं पर ध्यान दें

आगामी निदेशक क्लबों को परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी कहेंगे। ''मैं हमेशा एक परियोजना-केंद्रित व्यक्ति रहा हूं,

## शिप्रा की भूमिका

रोटरी यात्रा में उनकी पत्नी शिप्रा की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर, आरआईडीई अनिरुद्धा कहते है: ''शिप्रा हमेशा बहुत शांत और शर्मीली रही है, वह ज्यादा नहीं बोलती है, लेकिन वह हमेशा मेरे पीछे थी, पीछे से शांत लेकिन मजबूत समर्थन दे रही थी। जब मैं बहुत व्यस्त था, तो उसने बच्चों और हमारे घर की देखभाल की। उसके साथ के बिना, मैं वहां नहीं होता जहां मैं आज हूं।''

शिप्रा कहती है कि उन्हें गर्व है... ''बहुत ज्यादा गर्व है की वह निदेशक के पद तक पहुँचे है। मुझे पता है कि अगले दो साल उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, लेकिन मैं उनके साथ रहूंगी। मैं यह भी निश्चित रूप से जानती हूं कि वह जो कुछ भी करते है, वह हमेशा उसे अच्छी तरह से करने की कोशिश करते है। वह बरीकी से योजना बनाते है और उसे अच्छी तरह से निष्पादित करते है।''

इसलिए मैं सेवा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा। मैं अपने क्लब और मंडल नेतृत्वकर्ताओं से कहूंगा कि वे बड़ी परियोजनाएं शुरू करें। यदि आप अच्छी परियोजनाएं करते है तो पैसा एक समस्या नहीं होगी; यह सभी स्रोतों से आएगा, और नए संसाधन खुलेंगे।''

**मैं न केवल अधिक महिला सदस्यों को लाने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा, बल्कि उन्हें नेतृत्व के अवसर भी दूंगा।**

वह कहते है कि भारतीय अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है और कई कंपनियां समुदाय के लिए काम करने में रुचि रखती है। ''लोगों का मानस धीरे-धीरे बदल रहा है, वे अधिक परोपकारी होते जा रहे है; अगर आप अच्छे काम के लिए पैसे मांगते है, तो यह आ जाता है,'' वह कहते है।

लेकिन जहाँ सी एस आर कोष सामुदायिक कल्याण परियोजनाओं के लिए उपलब्ध है, ''हमें अपने क्लबों को व्यवस्थित करना होगा। कई क्लब संगठित नहीं है, उनकी बैलेंस शीटें उचित नहीं है। आज, किसी भी सी एस आर कार्य के लिए, आपको अपनी वार्षिक रिपोर्ट देनी होगी, इसलिए आपके रिकॉर्ड सही होने चाहिए, आपको उचित मंच पर एक पंजीकृत निकाय होना चाहिए, एक गैर-पंजीकृत इकाई को कॉर्पोरेट्स द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा, ठीक बैंकों की तरह जिनमें केवाईसी अनिवार्य हो गया है।''

उन क्षेत्रों पर आते हुए जहां भारत में रोटेरियन को अधिक काम करने की आवश्यकता है, अनिरुद्धा कहते है कि बुनियादी साक्षरता और शिक्षा में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हमें पानी के क्षेत्र में बहुत अधिक काम करना होगा। वह ESRAG (पर्यावरण स्थिरता रोटरी एक्शन ग्रुप) के सदस्य है, और पर्यावरण पर केंद्रित परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे। ''यह आज एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां आप अपने पूरे क्लब को व्यस्त रख सकते है। रोटरी के लिए सदस्यों की भागीदारी और जुड़ाव बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसा नहीं हो रहा है और लोग चले जाते है क्योंकि उन्हें अच्छा काम करने का कोई मौका नहीं मिलता है। पर्यावरण में, आप बहुत कुछ कर सकते है।''

वह एक छोटे से वृक्षारोपण अभियान का उदाहरण देते है; केवल 30 सदस्यों वाले एक छोटे से क्लब का प्रत्येक सदस्य हर महीने एक

पेड़ लगा सकता है और इसकी देखभाल कर सकता है। एक साल में वे 360 पेड़ लगा चुके होंगे; ''और यह कुछ ऐसा होगा जो सदस्यों को कुछ अच्छा करने की जबरदस्त भावना देगा।''

### भारत में रोटरी

भारत में रोटरी के बारे में बात करते हुए, वह कहते है, ''यहां बहुत सारी सकारात्मक चीजें है; सबसे बड़ा हमारा विशाल मानव संसाधन और हमारे पास विशाल प्रतिभा पूल है। लेकिन इस विशाल प्रतिभा पूल की वास्तविक क्षमताओं का इस्तेमाल किया जाना अभी बाकि है। इस क्षेत्र में, हमने पूरी फिल्म की एक झलक मात्र ही देखी है। यदि हम वास्तव में इस विशाल संसाधन का दोहन कर सके, तो भारत में रोटरी अपनी पूरी क्षमता तक खिल जाएगी।''

**कई क्लब संगठित नहीं है, उनकी बैलेंस शीटें उचित नहीं है। किसी भी सी एस आर कार्य के लिए, आपको अपनी वार्षिक रिपोर्ट देनी होगी, इसलिए आपके रिकॉर्ड सही होने चाहिए।**

वह बताते है कि रोटरी एक संगठन के रूप में इतनी विकसित हो गई है कि ''आज यह किसी भी सरकार - राज्य या केंद्र - के लिए एक बहुत प्रभावी भागीदार हो सकती है। रोटरी को अब एक अल्प समय के सेवा प्रदाता के रूप में नहीं देखा जा सकता है। हमें सरकार के सहयोग से भारत के विकास और प्रगति के लिए काम करने वाले राष्ट्र निर्माताओं के रूप में देखा जाना चाहिए।''

अनिरुद्धा का कहना है कि रो ई में भी भारत को सम्मान की नजर से देखा जाता है। वह बोर्ड की एक बैठक का उदाहरण देते है जिसमें उन्होंने अप्रैल 2023 में भाग लिया था, जहां 2029 सम्मलेन के आयोजन स्थल को तय करना एजेंडे में था। उन्होंने कहा, ''मैंने पाया कि नई दिल्ली का नाम, जिसे हमने प्रस्तावित किया था, जिसमें द्वारका में बनने वाले एक बड़े कन्वेंशन सेंटर का पूरा विवरण दिया गया था,

गायब था।'' उन्होंने इस मामले को उठाया और उन्हें आश्वासन मिला कि दिल्ली 2030 सम्मलेन के लिए संभावित स्थलों की सूची में शामिल होगा।

वह पूछते है, ''भारत आर्थिक रूप से बहुत अच्छा कर रहा है, हम टीआरएफ में दूसरे सबसे बड़े योगदानकर्ता है और कुल सदस्यता में नंबर 2 पर है। हम एक बड़ी ताकत है, इसमें कोई संदेह नहीं है। और जब लिस्बन और हैम्बर्ग जैसी छोटी जगहों पर रोटरी सम्मेलन हो सकते है, तो भारत में क्यों नहीं।''

## महिलाओं की सदस्यता

महिलाओं की सदस्यता की बात करें तो, अनिरुद्ध चिंतित है कि इस पहलू में ''चीजें संतोषजनक नहीं है। दुनिया भर में, रोटरी में महिलाओं की सदस्यता 23 प्रतिशत है, लेकिन भारत में, यह केवल 19 प्रतिशत है। 2025 तक महिला सदस्यों के लिए रो ई का लक्ष्य 25 प्रतिशत है, इसलिए हमें इस दिशा में और इस लक्ष्य के लिए बड़े पैमाने पर काम करना होगा। मैं न केवल अधिक महिला सदस्यों को लाने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा, बल्कि उन्हें नेतृत्व के अवसर भी दूंगा।''

पिछले दिनों, रो ई मंडल 3211 PETS में, ''मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि टीना एंटनी को डीजीएनडी नामित किया गया था और वह उस मंडल की पहली महिला गवर्नर बनेंगी।''

*2006 में चंडीगढ़ के रोटरी जोन इंस्टीट्यूट में थाईलैंड के पीआरआईडी नोरासेथ पाथमानंद और उनकी पत्नी खुनयिंग चोटिमा के साथ रॉयचौधरी दंपत्ति।*

एक और पहलू जो इस आगामी निदेशक को चिंतित करता है वह है ''क्षेत्रीय स्तरों पर रोटरी में सोचने की प्रवृत्ति। निदेशक के रूप में मेरा मूल सिद्धांत सभी को संगठन के बारे में पूरी तरह से सोचने के लिए कहना होगा।''

## रोटरी के सामने चुनौतियां

इस समय रोटरी के सामने मौजूद कई चुनौतियों के बारे में बताते हुए, अनिरुद्ध कहते है कि पहली चुनौती इसकी घटती सदस्यता, नेतृत्व में निरंतरता, नई प्रणालियों की आदत डालने में अनुकूलनशीलता जो नहीं हो रहा है, क्षेत्रीयकरण जिसके बारे में हम लंबे समय से बात कर रहे है, (आरआईबीआई प्रायोगिक परियोजना ने काम नहीं किया है, वह कहते है) और पोलियो के बाद अगली बड़ी परियोजना की पहचान करना है।

ये ऐसे मुद्दे थे जिन पर नेतृत्व को पूरा ध्यान देने की आवश्यकता थी। ''हम पश्चिमी गोलार्ध में सदस्यता क्यों खो रहे है, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोपीय क्षेत्रों में?'' उनका मानना है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि इन देशों ने कई दशक पहले पोलियो का उन्मूलन किया था, और उनके पास कोई बड़ा कारण नहीं है जिसे वे ले सकते है या उससे जुड़ सकते है। व्यावहारिक काम करने की गुंजाइश कम होती है, इसलिए थकान होती है। रो ई नेतृत्व के पास ङ्गपोलियो के बाद क्याफ पर एक योजना तैयार होनी चाहिए। पोलियो के पूर्ण उन्मूलन पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए भी, हमें अपने अगला बड़ा कार्यक्रम को तैयार करना होगा।''

*चित्र: रशीदा भगत और विशेष व्यवस्था*

*अनिरुद्धा रॉयचौधरी ने पीआरआईपी शेखर मेहता (दाएं), पीडीजी रंजन ढींगरा और पीआरआईडी मनोज देसाई (बाएं) की उपस्थिति में एक साक्षरता बैठक में एक समझौते पर हस्ताक्षर किया।*

*एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा*

# Shri Vaishnav Vidyapeeth Vishwavidyalaya, Indore

ADMISSIONS 2023-24

ADVT.

**City Office:** Shri Vaishnav Vidya Parisar, 177 Jawahar Marg, South Rajmohalla, **INDORE**-2
**Campus:** Indore-Ujjain State Highway, **INDORE**-453111.
**Mob.: 9303700163, 9303700164, 9303700165, 9303700166, 9303700168**

## LEARN TO BE PROACTIVE WITH FUTURE READY SYLLABUS AND REAL-TIME INDUSTRY EXPOSURE.

**AFTER 10+2 or Graduation, know the option for tomorrow by asking experts today!**

**Scholarships for the Meritorious Students** | **Relief for the Children of COVID-19 Warriors**

## EXCELLENT TRACK RECORD

**Approved under Section 2(f) of the UGC Act, 1956**

↗ MoU with Hanyang University, South Korea ; St. Cloud State University, USA ; University of Science & Technology, Meghalaya for Student/Faculty Exchange and Joint Research. ↗ MoU with TCS for Technical Collaboration. ↗ MoU with NRDC (Ministry of Science & Technology) for transfer of technology to industry. ↗ MoU with NCSSS (National Cyber Safety and Security Standards) for Technical Collaboration. ↗ MoU with Tata Power Ltd. for Technical Collaboration. ↗ Agreement with CISCO Network Academy. ↗ Agreement with Bosch India. ↗ MoU with Microsoft Corporation (India) Pvt. Ltd. for Technical Collaboration. ↗ MoU with IBM for Technical Collaboration. ↗ MoU with Red Hat for Technical Collaboration. ↗ Apple Authorised Training Centre Agreement for Education. ↗ MoU with Mitsubishi Electric India. ↗ MoU with ICT Academy ↗ MoU with Mahatma Gandhi National Council of Rural Education (MGNCRE), Government of India, Ministry of Education. ↗ MoU with Impetus Technology India Pvt. Ltd. for Technical Collaboration. ↗ MoU with Manmade Textiles Research Association (MANTRA) for Technical Collaboration ↗ MoU with ICAR- Indian Institute of Soybean Research ↗ MoU with Trascender Services Private Limited (TSPL), Mumbai for high quality paramedical education to the students.↗ Fees Structure is approved by the Government of Madhya Pradesh. ↗ Ranked jointly by Innovation Cell of the Ministry of Education (Government of India) and AICTE in Top 50 Most Preferred Institutions in 2021.

## ENGINEERING AND TECHNOLOGY

**B. Tech.** (4 years)
Agricultural Engineering/Automobile Engineering/ AE (Electric Vehicle Engineering)/ Civil Engineering/Electronics and Computer Science Engineering/Electrical Engineering (Solar Energy-Tata Power)/Electrical & Electronics Engineering/Electrical Engineering/ Electronics and Communication Engineering/ EC (Internet of Things)/ ME (Artificial Intelligence & Machine Learning)/ CE (Artificial Intelligence & Machine Learning)/ ECE (Artificial Intelligence & IoT)/ Electronics and Instrumentation Engineering/ Instrumentation & Control Engineering/ Mechanical Engineering/Mechanical Engineering (Plant Engineering-Tata Power)/ Mechatronics/ Railway Engineering/Robotics and Automation/Electronics (VLSI Design & Technology)

**M. Tech.** (2 years)
Civil (Geotechnical Engineering)/ Civil (Structural Engineering)/Civil (Transportation Engineering)/Civil (Water Resources Engineering)/Digital Communication/ Digital Instrumentation/ Embedded System & VLSI design/Industrial Engineering/ Mechanical (Thermal and Design Engineering)/ Power Electronics/Power System / Renewable Energy/ Virtual Instrumentation/ Construction Technology & Management/ Automation & Robotics

**Diploma Programs** (3 years)
Automobile Engineering /Civil Engineering/ Electrical Engineering /Electronics and Instrumentation Engineering/Electronics Engineering/Mechanical Engineering/ Mechatronics Engineering/ Solar Energy / Integrated Circuit (IC) Manufacturing

**B. Tech.** (4 years)
Computer & Communication Engineering/ Computer Science & Business Systems- (TCS)/ Computer Science Engineering/CSE (Mobile Applications)-Apple (AATCE)/ CSE (Artificial Intelligence - IBM)/ CSE (Big Data and Cloud Engineering-Impetus)/CSE (Data Science-IBM)/ CSE (Enterprise System- red hat)/ CSE (FullStack Development & Blockchain- IBM)/CSE (Information and Cyber Security-NCSSS)/ CSE (Artificial Intelligence and Machine Learning-Microsoft)/ Information Technology/IT (Data Science-IBM)/ IT (FullStack Development & Blockchain-IBM)/ CSE (Internet of Things-IBM)

**M. Tech.** (2 years)
Computer Science Engineering/ Computer Science Engineering (Big Data Analytics)/ Computer Communication Engineering/ Information Security

**Dual Degree Programs**

**B. Tech. + M. Tech.** (4+2 years)
Computer Science Engineering/ Computer Science Engineering (Big Data Analytics)/ Computer Science Engineering (Cloud Computing)/Computer Science Engineering (Cyber Forensic)/Information Communication Technology/ Information Technology.

**B. Tech. + MBA** (4+2 years)
Computer Science Engineering/ Information Technology

**Diploma Program**
**One-Year** Post Graduate Diploma in Computer Applications (PGDCA)
**Six-Months** Diploma in Computer Hardware and Networking (DCHN)

**B. Tech.** (4 years)
Garment & Fashion Technology/ Textile Engineering/ Technical Textiles

**M. Tech.** (2 years)
Textile Engineering/Textile Chemistry

**B. Sc.** (4 years) Fashion Design

**Diploma Program** (3 years)
Textile Engineering

## FORENSIC SCIENCE

**B.Sc. (Hons.)** (4 years)
Digital & Cyber Forensics

**B.Sc.** (3 years)
Forensic Science/ Forensic Psychology

**B.A./ B.Sc.** Criminology

**M.Sc.** (2 years) Forensic Science/ Forensic Psychology/ Cyber Forensics

**M.A./ M.Sc.** (2 years) Criminology

**Dual Degree Program**

**B.Sc.+ M.Sc.** (3+2 years)
Forensic Science/ Forensic Psychology

## ARCHITECTURE

**B.Arch.** (5 years)

**B.Des.** (4 years) Interior Design/ Product Design/Graphics & Animation

**M.Des.** (2 years) Interior Design

**M.Des.** Graphics & Animation

**Dual Degree Program**

**B.Des.+ M.Des.** (4+2 years)
Interior Design/ Product Design/ Graphics & Animation

## PLANNING

**B.Plan** (4 years)

**M.Plan** (2 years) (Urban Planning)

## MANAGEMENT

**MBA** (2 years)
Engineering Management/ Family Business & Entrepreneurship/ International Business/ Media Management/Agri-business/ Business Analytics/Advertising and Public Relations/Tourism/ Rural Management-MGNCRE/ Hospital & Healthcare Management/ Marketing/ Human Resource/ Finance/ Fintech

**BBA (Hons.)** (4 years)

**BBA** (3 years)

**BBA (Fintech)** (3 years)

**BBA (Rural)** (3 years)

**Dual Degree Programs**

**BBA + MBA** (3+2 years)
Marketing/HR/Finance/Operations/ Fintech/Rural Management-MGNCRE

**MBA** (2 years) (Industrial Management)
Open to Engineering Graduates only.

## JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

**M.A.** (2 years)
Journalism and Mass Communication/ Hindi Journalism

**Dual Degree Program**

**B.A. + M.A.** (3+2 years)
Journalism and Mass Communication

## FINE ARTS

**BFA** (4 years)
Painting/ Animation

**MFA** (2 years)
Painting/ Animation

## AGRICULTURE

**B.Sc. (Hons.)** (4 years) Agriculture Horticulture / Agri-Business Management

**M.Sc.** (2 years)
**Agriculture/ Horticulture**
Genetics and Plant Breeding/ Entomology/ Plant Pathology/ Soil Science & Agricultural Chemistry/ Agronomy/ Horticulture (Fruit Science)/ Horticulture (Vegetable Science)/Agricultural Economics/ Agricultural Extention Education / Live Stock Production & Management

## SCIENCE

**B.Sc.** (3 years)
Physics/ Chemistry/ Maths/ Life Science/ Computer Science/ Biotechnology/ Electronics/ Instrumentation/ Statistics/ Economics

**B.Sc. (Hons.)** (4 years)
Physics/ Chemistry/ Maths/ Computer Science/Biotechnology/Electronics/ Instrumentation/Statistics/Economics

**M.Sc.** (2 years)
Physics/ Chemistry/ Maths/ Environmental Science/ Analytical Chemistry/Biotechnolgy

**Dual Degree Program**

**B.Sc. + M.Sc.** (3+2 years)
Physics/ Chemistry/ Maths/ Statistics

## COMPUTER APPLICATIONS

**BCA** (3 years) Big Data Analytics-IBM

**B.Sc.** (3 years) Data Science

**M.Sc.** (2 years) Computer Science

**MCA** (2 years) Banking Technology

**MCA** (2 years)

**Dual Degree Programs**

**BCA + MCA** (3+2 years)

**BCA + MCA** (3+2 years)
Banking Technology

## SOCIAL SCIENCES, HUMANITIES AND ARTS

**B.A.** (3 years)

**B.A. (Hons.)** (4 years)
Psychology/ Economics/ Public Administration/ English Literature/ Sociology/Political Science/ Anthropology/ History/ Hindi Literature/ Sanskrit

**B.S.W.** (3 years)

**M.A./M.Sc.** (2 years)
Psychology/ Applied Psychology/ Public Administration/ Clinical Psychology/ Counselling Psychology/ English Literature/ Sociology/ Economics/ Education/Anthropology/History/ Political Science/Hindi Literature/Sanskrit

**M.S.W.** (2 years)

**Dual Degree Program**

**B.S.W. + M.S.W.** (3+2 years)

**B.Lib. I.Sc. + M.Lib. I.Sc.**
**One- Year Advanced Diploma in French**

## COMMERCE

**B.Com (Hons.)** (4 years)
Banking & Finance/ Entrepreneurship/ Tax Procedure/ Computer Applications

**B.Com** (3 years)
Banking & Finance/ Entrepreneurship/ Tax Procedure/ Computer Applications

**M.Com** (2 years)

**Dual Degree Programs**

**B.Com+ M.Com** (3+2 years)

**B.Com + MBA** (3+2 years)

## LAW

**LL.B (Hons.)** (3 years)

**LL.M** (2 years) Business Law/ Criminal Law

**LL.M** (1 year)
(Business Law, Criminal Law, Human Rights)

**Integrated Programs** (5 years)

**B.A.LL.B (Hons.)**
**B.B.A.LL.B (Hons.)**
**B.Com. LL.B (Hons.)**

## HOME SCIENCE

**M.Sc.** (2 years) Food & Nutrition

**Dual Degree Program**

**B.Sc.+ M.Sc.** (3+2 years) Food & Nutrition

## PARAMEDICAL SCIENCES

**Bachelor of Medical Lab. Technician** (3 years)

**DIPLOMA PROGRAMS** (2 years)
X ray Radiographer Technician/ Medical Lab. Technician/ Cath. Lab. Technician/ Dialysis Technician/ Optometric Refraction/ Optometrist Contact Lens/ Anesthesia Technician/ Yoga/ Naturopathy

**Teaching Assistanceship (TA) of ₹12,400 (Rupees Twelve Thousand Four Hundred Only) for all GATE Qualified Candidates admitted in 02 years full time M.Tech Program, subject to MHRD/UGC/AICTE Guidelines**

**Note: (1) SVET (Shri Vaishnav Entrance Test) will be held on July 2 and 16, August 6 and 20, 2023. The seats in various programs will be filled on the basis of prescribed Tests/ SVET-2023.**

## FACULTY OF DOCTORAL STUDIES & RESEARCH

Management/ Physics/ Chemistry/ Maths/ Life Science/ Psychology/ Library Science/ Computer Applications/ Computer Science/ Computer Engineering/ Environmental Science/ Electronics Engineering/ Electrical Engineering/ Mechanical Engineering/ Textile Technology/ Civil Engineering/ IT/ Forensic Science/ English/ Journalism and Mass Communication/ Biotechnology/ Fine Arts/ Agriculture/ Horticulture/ Silviculture & Agroforestry/ Economics/ Political Science/Commerce/ Sociology/ Anthropology/ Public Administration /Design/ Education / Law / Fashion Design / History

FOR VIRTUAL TOUR OF SVVV CAMPUS- https://clickeffect.co.in/svvv/

FOR ONLINE WEBSITE- Scan me

Toll Free: 1800 233 9111
Helpline: 1800 102 9191

SEPARATE HOSTEL FACILITY FOR BOYS & GIRLS.

**For details, visit: www.svvv.edu.in admission@svvv.edu.in**

*रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन और विद्या।*

# एक ऊर्जावान, मुखर और यथार्थवादी रो ई निदेशक

**रशीदा भगत**

शुरुआत में ही उनकी पत्नी विद्या मुझसे पूछती हैं: क्या आप चाहते हैं कि वो ईमानदारी से जवाब दें ... ''ठीक है, मैं कोई नाम नहीं लूँगा, आगामी रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन मज़ाक में कहते हैं। मुंबई में हरियाली से आच्छादित उनके विशाल फ्लैट में इस दम्पति के बीच चल रही चुहलबाजी से उनका पारस्परिक सौहार्द स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। इन खूबसूरत पौधों और क्रीपर्स का श्रेय विद्या को जाता है। वह आम के छोटे पौधों की ओर इंगित करते हुए कहती हैं: ''ये हमारे रोटरी क्लब देवनार के जैव-विविधता पार्क में भेजे जाएंगे, जिसका उद्घाटन हाल ही में आगामी रो ई अध्यक्ष गॉर्डन मेकनली ने किया था।''

उनके ईमानदार होने का संदर्भ निश्चित ही सीधे सीधे हाल ही में जोन 4 और 7 में रो ई निदेशक पद के लिए हुए चुनाव से पनपी कड़वाहट, चुनाव शिकायतों और चुनौतियों से संबंधित है। यहां तक कि आरआईपीई गॉर्डन मैकिनली ने भी *रोटरी न्यूज़* से कहा था कि सबसे भारी समस्या भारत से आने वाली चुनाव सम्बंधित शिकायतें है।'' वो भी तब जब भारत रोटरी में इतना बढ़िया काम कर रहा है।

राजू इस से सहमति जताते हुए कहते हैं कि ''चुनाव प्रक्रिया में नेताओं का हस्तक्षेप प्रत्येक स्तर पर बंद करना होगा। जहां तक मेरा सवाल है तो मैं बहुत स्पष्ट कहता हूं कि मेरा कोई उम्मीदवार नहीं है, मैं किसी का भी समर्थन करने का प्रस्ताव नहीं करता और अपने निदेशक कार्यकाल के दौरान, यदि कोई शिकायत आयी तो मैं सख्ती से पेश आऊंगा। चाहे कोई कितने ही ऊँचे पद पर हो, ''वो मुझे (रो ई) बोर्ड के समक्ष, समीक्षा के लिए मसले रखने से विचलित नहीं कर सकेगा, आख़िरकार इससे भारत में रोटरी के विकास और इसकी छवि को आघात पहुंचता है।''

लेकिन इन नकारात्मकताओं को दर किनार करते हुए वे कहते हैं कि भारत के पास बहुत सारी उपलब्धियां हैं। ''एक समय हम माँगने वाला देश थे; आज हम देने वाला देश हैं और टीआरएफ में दान देने रोटरी विश्व में नंबर 2 पर हैं। ताइवान, कोरिया, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया और

**अगर मैं गलत लगूं तो मुझे टोकिये; मुझसे भी भूल हो सकती है। मैं मान लूँगा, मुझे कोई घमंड नहीं है। आखिरकार, हम सेवा के व्यवसाय में हैं। लेकिन ध्यान रहे, स्वस्थ आलोचना करें। लोगों की पीठ पीछे नहीं बोलें।**

*राजू और विद्या (बाएं से) दामाद रोहित, बेटियां रोहिता, अधिता, दामाद अजय और पोते निखिल के साथ।*

इतने सारे यूरोपीय देशों से आगे निकलना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। अकेले यही हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि है।''

दूसरे, भारतीय रोटेरियन दुनिया में सबसे अधिक वैश्विक अनुदान (ग्लोबल ग्रांट) करते हैं; ''यदि हम 50 जीजी करते हैं, तो अगला देश केवल 5 या 6 करता है। हम ग्रांट करने में बहुत आगे हैं, जो कितने सारे लोगों की ज़िन्दगी को छूता है। इसलिए हम जितनी सेवा करते हैं, उस क्षेत्र में तो हमें कोई नहीं छू नहीं सकता। लेकिन एक चेतावनी है - इसमें वित्तीय पारदर्शिता स्पष्ट होनी चाहिए, जिसकी हमारे यहां कुछेक जगह पर कमी है। आइए हम सच्चाई पर पर्दा ना डालें। इसे व्यवस्थित करने की जरूरत है हमें; एक ट्रस्टी के रूप में भरत (पांड्या), अनिरुद्ध (रॉयचौधरी) और मैं यह देखने के लिए प्रयास करेंगे कि इसका प्रबंधन उचित प्रकार से हो।'' वह मानते हैं कि ऐसा बहुत कम परियोजनाओं में होता है, ''लेकिन ये तो कोई बहाना नहीं हुआ, बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए।''

**पब्लिक इमेज बिलबोर्ड, अखबार की कटिंग से कहीं अधिक है और यह प्रचार से अलग है... लोगों के मन में सार्वजनिक छवि बनानी होगी।**

कुल मिला कर निष्कर्ष यह है कि ''रोटरी एक अद्भुत संगठन है जिसमें हम नए आयामों का समावेश करते हुए इसे आगे बढ़ा सकते हैं। विश्व से पोलियो उन्मूलन या जाम्बिया में मलेरिया उन्मूलन कर जीवन बचाने की कल्पना और कौन कर सकता था? इसकी छवि धूमिल करने वालों को बाहर निकाल करना चाहिए। लेकिन लोगों में अपने दिल की बात कहने की हिम्मत होनी चाहिए जो कि नहीं हो रहा। अगर मैं गलत लगूं तो मुझे टोकिये ; मुझसे भी भूल हो सकती है। मैं मान लूँगा, मुझे कोई घमंड नहीं है। आखिरकार, हम सेवा के व्यवसाय में हैं। लेकिन ध्यान रहे, स्वस्थ आलोचना करें। लोगों की पीठ पीछे नहीं बोलें।''

राजू बॉम्बे में बड़े हुए हैं, उनके पिता शिपिंग व्यवसाय में थे। शुरू में उन्होंने अपने चाचा

**यदि मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठ नेतृत्व सहित सभी स्तरों पर नेता चुनाव से दूरी बना लें, तो इससे संघर्ष कम होंगे और सेवा कार्य करने के लिए वातावरण बनाने में भी सहायता मिलेगी।**

के साथ एक व्यापार किया था; आपातकाल के दौरान, कानून के छात्र के रूप में अदालतों में भाग लेने के दौरान, उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, भाषण, स्वतंत्रता, मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलों की अदालती कार्रवाई को देखा, ''सभी मामलों में राम जेठमलानी जैसे और अन्य महान वकीलों को अदालत में बहस करते देख मुझे लगा कि इसी पेशे को अपनाना चाहिए, यही वो पेशा है जिसमें आप स्वतंत्र रूप से सोच सकते हैं और एक वकील के रूप में अपना दिमाग हमेशा क्रियाशील रहेगा।''

1976 में बॉम्बे में गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से स्नातक होने के बाद से वह एक वरिष्ठ वकील हैं जो मूल रूप से सिविल और कॉर्पोरेट मुकदमों की वकालत करते हैं।

रोटरी में प्रवेश कैसे हुआ, आगामी निदेशक बोले कि 1981 में उनकी शादी के बाद, यह युगल बांद्रा में अपने माता-पिता के घर से देवनार के घर स्थानांतरित हो गया, ''वहां हमारा कोई जानकार नहीं था, कोई मित्र नहीं।'' चंद्रकांत मिर्जे मंडल अध्यक्ष थे और एक नया क्लब शुरू करना चाहते थे। इस युवक को एक प्रारंभिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था और 1986 में रोटरी क्लब देवनार के चार्टर सदस्य बन गए जो अब अपने 36 वें वर्ष में है, जहां उन्हें नए दोस्त बनाने का अवसर मिला। ''वो दोस्ती ही है जिसने मुझे रोटरी की ओर खींचा था,'' वे कहते हैं। उधर 2018-2019 में एक सक्रिय इनर व्हीलर और

इनर व्हील अध्यक्ष बनने के बाद विद्या 2001 में क्लब में शामिल हुईं। वर्तमान में वो क्लब की अध्यक्ष हैं और वो सार्जेंट-एट-आर्म्स हैं।

1996 में राजू क्लब के अध्यक्ष रहे और 2009-10 में गवर्नर बने। कितना आसान रहा वो सफर? ''सच कहूँ तो गवर्नर बनने की मेरी कोई इच्छा नहीं थी, क्योंकि अध्यक्ष पद ने मेरी प्रैक्टिस पर असर डाला था। लेकिन (टीआरएफ ट्रस्टी उपाध्यक्ष) भरत पांड्या और (पीडीजी) राहुल टिंबाडिया ने मुझे मंडल सचिव और समन्वयक के पद के लिए राजी कर लिया। तब कहीं जा कर मुझे एहसास हुआ कि मैं मंडल का नेतृत्व भी कर सकता हूं और इसलिए मैंने मंडल अध्यक्ष के पद के लिए आवेदन किया।''

डीजी रहते हुए उन्होंने मौन रह कर कार्य करने वालों की शिनाख्त की; उनके सम्मेलन में एक वेश्या और एक समलैंगिक को मान्यता दी गई थी, ''डीईआई के रोटरी मंत्र बनने से भी काफी पहले।''

अभी हाल ही में, हैम्बर्ग सम्मेलन में भरत और (PRID) कमल (संघवी) ने मुझे राज़ी किया कि अब समय आ गया है कि आप निदेशक बनने का प्रयास करें क्योंकि रोटरी को सत्यनिष्ठा, नैतिक और अन्य मूल्यों की आवश्यकता है जो भारत में रोटरी के भीतर छिन्न भिन्न हो रहे हैं। मैं तैयार हो गया कि लेकिन ये

*दामाद रोहित और बेटी रोहिता के साथ राजू और विद्या।*

# विद्या कहती है

मैं विद्या राजू से पूछती हूं कि क्या उन्होंने रोटरी द्वारा अपने पति का काफी समय ले लेने पर कभी नाराजगी जताई है। उसकी स्पष्ट प्रतिक्रिया: ''हाँ और नहीं, दोनों, खासकर जब बच्चे बड़े हो रहे थे। वकील के रूप में उन्हें अक्सर बंबई से बहुत दूर जाना पड़ता था। जब वह यात्रा पर होते, हम योजना बनाते थे कि जब वह लौटेंगे तो हम ये करेंगे वो करेंगे। लेकिन आने के बाद वो या तो रोटरी इवेंट्स या किसी अन्य काम के लिए निकल जाते थे।''

दोनों युवा लडकियां बाहर खाना चाहती थीं, ''और वो दिल्ली से लौट कर घर का खाना खाना चाहते थे. लेकिन वह एक बेहतरीन पिता हैं... उनके लिए उनकी दुनिया दोनों बेटियां ही हैं। वे उनके लिए उनके पेशे से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।''

विद्या विशिष्ट बच्चों के लिए प्रशिक्षित शिक्षिका हैं; ''मैंने पढ़ाना छोड़ दिया था क्योंकि लड़कियां छोटी थीं और कई बार ये घोर अवसादी, बहुत निराशाजनक भी होता था।''

जब उनसे राजू को निदेशक का पद मिलने पर उनकी व्यक्तिगत प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया, तो कन्धे उचकाते हुए बोलीं: ''मेरे लिए वह अभी भी मेरे पति और मेरे राजू हैं। बड़ा अजीब लगता है जब लोग अब उन्हें सर आदि कह कर बुलाते हैं। कभी-कभी तो साफ़ पता चल जाता है कि वे सिर्फ उन्हें खुश करना चाहते हैं, पर क्यों? वह इतने सीधे-सादे व्यक्ति हैं, उन्हें तो सर कहलाना भी पसंद नहीं है!''

वह आँख मारते हुए कहती है: ''बेशक मुझे उन पर बहुत गर्व है। लेकिन वह साफ़ दिल व्यक्ति है; वो संशय नहीं करते।'' राजू हस्तक्षेप करते हैं: ''इनसे पूछो कि मैं कितनी बार सही साबित हुआ हूँ? वकील के रूप में हम अदालत में मनोविज्ञान सीखते हैं। इसलिए जब मैं किसी व्यक्ति से मिलता हूं, तो हाथ मिलाने से पहले ही मुझे पता चल जाता है कि वह सच्चा है या नहीं।''

तो क्या आप उन्हें निष्पक्ष और ईमानदार कहेंगी, मैं विद्या से पूछती हूं। ''ओह, वह बहुत अधिक वकील है; यही समस्या है, वह हर चीज़ की गहराई में उतर जाते हैं।'' आगे पति कहते हैं, मैं अपने मन की बात कहता हूं, लेकिन इससे पहले मैं विश्लेषण करता हूं और देखता हूं कि क्या यह तथ्यों और साक्ष्यों से समर्थित है। मैं नियमों का पक्षधर हूं। ही कार्यभार या नियुक्ति का एकमात्र मानदंड गुण और योग्यता होनी चाहिए। योग्यता के अनुसार नहीं चलने से ही अतीत में रोटरी को नुकसान हुआ है।''

*बेटियों रोहिता, अश्विता और पोते निखिल के साथ राजू और विद्या।*

सोच कर कि यदि मैं हार गया तो कोई चुनावी शिकायत नहीं करूंगा। मैंने उनसे कहा कि अगर मेरे भाग्य में निदेशक बनना लिखा है, तो मैं कोशिश ज़रूर करूंगा, लेकिन इसे भगवान पर छोड़ दूंगा।''

लेकिन अंत में चुनाव पर दाग लग ही गए; क्यों, मैंने पूछा। ''हमारे देश में वरिष्ठ नेताओं की सांठ-गाँठ से ऐसा हुआ।''

उन्होंने ज़ोर दे कर कहा, क्योंकि यह एक सच है! यह मामला रो ई बोर्ड तक भी गया लेकिन ये सब भारत में रोटरी के लिए ठीक नहीं है क्योंकि हम बहुत बढ़िया काम करते हैं।''

## उनके कार्यकाल की प्राथमिकताएं

निदेशक के रूप में अपनी प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में राजू बताते हैं: ''निरंतरता; अगर समाज में कुछ अच्छा काम चल रहा है तो उसे जारी रहना चाहिए। भरत ने *दो चम्मच कम चार कदम आगे* के नारे से शुरुआत की थी क्योंकि मधुमेह का विस्फोट हो रहा है और 30-50 आयु वर्ग में बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल तो कहर बरपा रहा है। लोगों की ज़िन्दगी बचाने के लिए, मैं इसे पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव करता हूं।''

*टीआरएफ ट्रस्टी उपाध्यक्ष भरत पांड्या के साथ।*

उनके कार्यकाल के दौरान डीजी और डीजीई के लिए संदेश स्पष्ट होगा; ''मुझे नहीं लगता कि मंडल अध्यक्षों को मंडल की परियोजनाओं की शुरुआत करनी चाहिए; उन्हें क्लबों द्वारा आरम्भ किया जाना चाहिए और मंडल अध्यक्षों को एक मार्गदर्शक के रूप में उनका सहयोग करना चाहिए।'' क्लब के नेताओं को भली भांति मालूम रहता है कि किसी समुदाय विशिष्ट की आवश्यकताएं क्या हैं, ''इसलिए आम तौर से उन सभी पर कुछ थोपना क्लब अध्यक्ष के नेतृत्व को प्रभावित करता है, जो विनाशकारी होगा क्योंकि हमें सदस्यता, परियोजनाओं और टीआरएफ के लिए क्लब स्तर पर ही नेताओं का सृजन करना होगा। उस नेतृत्व की उपेक्षा कर, उन्हें काटकर आप संगठन को विकसित करने के बजाय उसका नुकसान कर रहे हैं।''

डीजी और डीजीई क्या कर सकते हैं, सार्वजनिक छवि बनाने के लिए दोनों मिल कर एक प्रभावशाली परियोजना कर सकते हैं है, जो बिल

# एक नज़र में

**भोजन:** मूल रूप से, मैं एक दक्षिण भारतीय हूं, मुझे हमारा दक्षिण भारतीय खाना बहुत पसंद है, लेकिन महाराष्ट्रीयन और गुजू भोजन भी पसंद है, बशर्ते इसमें तेल कम हो।

**कुकिंग:** हा हा, अगर मैं बनाऊंगा तो कोई नहीं खाएगा। मुझे नहीं पता कि रसम में कौन सी दाल डलती है।

**धार्मिक:** मैं ईश्वर में विश्वास रखता हूं, मैं रोज़ मंदिर नहीं जाता क्योंकि मैं हर किसी में भगवान देख सकता हूं और अगर मैं रोटरी जैसे सेवा के मंदिर में अच्छा कार्य करता हूं, तो मुझे मंदिर जाने की क्या जरूरत है। लेकिन मैं भगवान में बहुत विश्वास करता हूं और मैं घर पे रोज पूजा करता हूं। मैं गिरजाघरों और मस्जिदों में भी गया हूं; मुझे किसी भी धार्मिक स्थल पर जाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होती क्योंकि मेरा मानना है कि भगवान एक है जिसके विभिन्न रूप और नाम हैं।

**यात्रा:** मुझे घूमना बहुत पसंद है, मेरे पसंदीदा शहर बहुत सारे हैं; लेकिन मेरी सबसे पसंदीदा जगहों में से एक कश्मीर है। इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है।

**पढ़ना:** (हंसते हुए) जो मुझे फायदा दे! मैं बाकी चीजें भी पढता हूँ। स्वामी शिवानंद द्वारा लिखित- *माइंड: इट्स मिस्ट्रीज एंड कण्ट्रोल* मेरी पसंदीदा पुस्तकों में से एक है।

**पसंदीदा लेखक:** ऐन रैंड

**संगीत:** शास्त्रीय संगीत पसंद है। पुराने बॉलीवुड गाने बहुत पसंद हैं।

**फिल्में:** मैं फिल्मों का शौकीन नहीं हूं। (विद्या: इन्हें साथ न ले जाना ही बेहतर है। जाते ही हॉल में सो जाते हैं और खर्राटे लेना शुरू कर देता है। लेकिन हमें नाटक देखना ज्यादा पसंद हैं। हाल ही में हम *साउंड ऑफ म्यूज़िक* देखने गए थे। नीता अंबानी कल्चरल सेण्टर में ब्रॉडवे नाटक।)

**आराम :** (विद्या: राजू इसका जवाब तुम दो, मैं भी जानना चाहती हूं!) हां, मैं ज़रा हाइपर हो जाता हूँ ... मैं हर काम बारीकी से करने में विश्वास रखता हूँ। एक पूर्णतावादी... इंदौर इंस्टिट्यूट (जिसकी वे अध्यक्षता कर रहे थे) के बाद, भरत और मैंने इंस्टिट्यूट ख़त्म होने के 15 मिनट के भीतर सब खाते बंद कर दिए, सभी विक्रेताओं को भुगतान किया और 30 मिनट के भीतर हवाई अड्डे के लिए निकल लिए थे। लेकिन समस्या यह है कि मैं दूसरों से भी ठीक वैसी ही उम्मीद करता हूं, जो संभव नहीं होता! (विद्या: वह एक ए प्लस व्यक्तित्व के धनी हैं)।

**स्वस्थता:** सुबह टहलता हूँ ; बहुत नियमित नहीं हूँ!

**भविष्य का सपना:** मेरे और मेरे परिवार के लिए एक स्वस्थ जीवन। अपने बच्चों और पोते के साथ अधिक समय बिताना पसंद करूंगा और अपने सपनों के स्थलों की यात्रा करूंगा। हम जल्द ही कंबोडिया और वियतनाम के लिए रवाना होंगे।

**आपकी कानूनी प्रैक्टिस :** सोमवार से गुरुवार काम के लिए होगा, जब तक कि कुछ आकस्मिक न घट जाये। शुक्रवार से रविवार मूल रूप से रोटरी के लिए होगा।

---

**मेरे लिए वह अभी भी मेरे पति और मेरे राजू हैं। बड़ा अजीब लगता है जब लोग अब उन्हें सर आदि कह कर बुलाते हैं। वह इतने सीधे-सादे व्यक्ति हैं, उन्हें तो सर कहलाना भी पसंद नहीं है!**

**विद्या राजु**

---

**खेल:** शुरुआत में यह क्रिकेट हुआ करता था। मैं बीसीसीआई के लिए कोर्ट में उपस्थित होता हूं। फुटबॉल और टेनिस से मुझे लगाव है। युवावस्था में बैडमिंटन खेला करता था।

**रोटरी में महिलाएं:** मुझे लगता है कि वे अभूतपूर्व नेता हैं। जब मैं डीजी था तब मेरे यहां 23 महिला अध्यक्ष थीं; उनमें से दो अध्यक्ष बनने की अनिच्छुक थीं और वही उस समूह में सर्वश्रेष्ठ साबित हुईं। भारत में महिलाओं को जब भी अवसर मिला, उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। हम सभी को उन्हें आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहिए... वास्तव में किसी भी जाति, पंथ, रंग या लिंग का विचार किये बिना प्रत्येक रोटेरियन को प्रगति का अवसर देना चाहिए।

### विद्या की भूमिका

अद्भुत! मुझे नहीं लगता कि उनके सहयोग के बिना मैं इस मुकाम तक पहुँच पाता। जब 22 अप्रैल को मेरे चयन के खिलाफ शिकायत आई तो मैं उपाध्यक्ष के रूप में सीओएल में गया हुआ था। उसने मुझे फोन किया, इसे पढ़ा और बोली : 'राजू, मुझे नहीं लगता कि हमें इस संगठन में बने रहना चाहिए चलो दोनों इस्तीफा देते हैं। कैसे - कैसे आरोप लगाए हैं, ज़रा देखिये।' उन्होंने डेटा चुराया था और झूठे आरोप लगाए थे। हालाँकि मैं एक आपराधिक शिकायत दर्ज कर सकता था, पुलिस विभाग में मेरे दोस्तों ने, जो हुआ, मुझे उसकी जानकारी दी थी, लेकिन अगर मैं ये करता, तो मैं संगठन को ही नुकसान पहुंचाता। वो बोलीं कि आप इस्तीफा दे दो, लेकिन मेरा कहना था कि हम लड़ेंगे। शिकायत में कोई दम ही नहीं है। वो मान गई और मेरे साथ खड़ी रही। वह मेरी सबसे अच्छी आलोचक हैं। कई बार जब आप मंच से उतर जाते हैं तो आपको पता नहीं चलता है कि आपने अच्छा बोला है नहीं, लेकिन लोग हमेशा कहेंगे कि आप महान हैं, लेकिन विद्या हमेशा ईमानदारी से आलोचनात्मक विश्लेषण करती रही है। इससे ज़्यादा और क्या चाहिए मुझे।

बोर्ड और अखबारों की कटिंग से कहीं अधिक प्रभावशाली होगी। पब्लिक इमेज, पब्लिसिटी से बिलकुल अलग है... ''पब्लिक इमेज का निर्माण लोगों के दिमाग में करना होता है। मैं मंडल अध्यक्षों से यह भी कह रहा हूं कि वे क्लब अध्यक्षों से कहें कि उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के बजाय, क्लबों को सामाजिक उद्यमियों, व्यापारिक नेताओं या राजनेताओं को अपनी प्रभावशाली परियोजनाओं के लिए आमंत्रित करना चाहिए। यह ना सिर्फ आपके सीएसआर में सहयोगी होगा बल्कि सदस्यता भी बढ़ाएगा।''

फर्जी क्लबों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और सदस्यों से धन एकत्र करने के बाद रो ई को सदस्यता की देय राशि का भुगतान करने में ईमानदारी भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर ध्यान देने की ज़रुरत है। ''मैं डीजी से आग्रह करता हूं कि वे विनम्रता, सरलता और सज्जनता को अंगीकार करें, अपने अहं को अलविदा कहें।'' वे कहते हैं। अपने एक अन्य संदेश में उनका कहना है कि ''यदि मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठ नेतृत्व सहित सभी स्तरों पर नेता चुनाव से दूरी बना लें, तो इससे संघर्ष कम होंगे और सेवा कार्य करने के लिए वातावरण बनाने में भी सहायता मिलेगी।''

उन्होंने कहा कि भारत में रोटेरियनों को टीबी और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और उपचार के क्षेत्र में और अधिक काम करना चाहिए क्योंकि इसकी बहुत आवश्यकता है।

**आज हम टीआरएफ में दान देने रोटरी विश्व में नंबर 2 पर हैं। ताइवान, कोरिया, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया और इतने सारे यूरोपीय देशों से आगे निकलना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। अकेले यही हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि है।**

सेवा परियोजनाओं के लिए सीएसआर फंड के उपयोग पर, राजू को लगता है कि इसमें जबरदस्त गुंजाइश है, लेकिन इस में एक अड़चन है। ''सीएसआर योगदान की मान्यता पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है ताकि हम न केवल पारिवारिक कंपनियों से, बल्कि अन्य बड़े कॉरपोरेट्स से भी अधिक सीएसआर फंड जुटाने में सक्षम हो सकें।''

एक श्रेष्ठ रोटरी लीडर बनने के लिए आवश्यक गुणों पर उन्होंने कहा, ''इस सूची में शीर्ष पर हैं नैतिकता, अखंडता और एक सकारात्मक दृष्टिकोण। एक नेता को सहिष्णु, दयालु, दूरदर्शी और विश्वसनीय होना चाहिए। रोटरी नेताओं को संगठन का प्रचार करना चाहिए न कि स्वयं का। यह सेवा को स्वयं से ऊपर होना चाहिए न कि स्वयं सेवा से ऊपर।''

अंत में उन्होंन ऊख पर कहा - ''यह तो होना ही चाहिए और लेकिन हमारे देश के कुछ हिस्सों में रूढ़िवादी मानसिकता के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा। समलैंगिक, ट्रांसजेंडर, हमसे अलग नहीं हैं। वे सभी ईश्वर की संतान हैं... हमें उन्हें अपने साथ सम्मिलित करना चाहिए, उनका सम्मान करना होगा और उनका ख़याल रखना होगा।''

*चित्र: रशीदा भगत*
*और विशेष व्यवस्था*

*एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा*

# रोटेरियन बदलाव के बहादुर

**वी मुत्तुकुमारन**

*RIPE स्टेफनी अर्चिक*

जूझो या उड़ चलो? क्लब के वैसे सदस्य अथवा क्लब के नए रोटेरियन्स जो अपने क्लबों से असंतुष्ट हैं, उनके पास एक विकल्प है कि वे समान सोच वाले सदस्यों का एक समूह बनाएँ और संस्था को बेहतर बनाने के लिए या तो संस्था से डटकर जूझें या फिर साथ उड़ चलें'' ऐसा रो ई अध्यक्ष निर्वाचित स्टेफनी अर्चिक ने कहा।

रोटरी क्लब मद्रास, रो ई मंडल 3232 की साप्ताहिक बैठक में एक ऑनलाइन प्रस्तुति के दौरान उनके सहयोगी पी डी जी टॉम गम्प, रो ई मंडल 5950, यू के, क्लब संस्कृति में बदलाव विषय पर कहा- ''लोग क्लब छोड़ देते हैं लेकिन रोटरी नहीं, ऐसा इसलिए कि जिस तरह के कार्य उन्हें सौंपे जाते हैं, उससे वे नाखुश रहते हैं और वे क्लब छोड़ देते हैं। नए सदस्यों को व्यस्त रखने के लिए क्लब का माहौल अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, माहौल घूमने वाले दरवाजे की तरह नहीं होनी चाहिए।'' दरअसल, क्लब का माहौल वैश्विक प्रोजेक्ट्स (ग्लोबल प्रोजेक्ट्स) पाने की ताकत दर्शाता है और क्लब का माहौल रोटरी की पहुँच की ताकत है। यदि कोई क्लब बड़े- बड़े प्रोजेक्ट्स कर रहा है, उस क्लब के सदस्य फाउंडेशन में सहयोग कर रहे हैं और क्लब को वैश्विक अनुदान (ग्लोबल ग्रांट्स) मिल रहे हैं, ''मतलब क्लब के सदस्यों की एकजुटता और सामर्थ्य से क्लब सुचारु रूप से चल रहा है।''

**लोग क्लब छोड़ देते हैं लेकिन रोटरी नहीं, ऐसा इसलिए कि जिस तरह के कार्य उन्हें सौंपे जाते हैं, उससे वे नाखुश रहते हैं और वे क्लब छोड़ देते हैं।**

लेकिन क्लबों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपने सदस्यों का सही आकलन करें, उनकी रुचियों को जाने और मुख्य रूप से रोटरी में किस तरह के कार्य करना चाहते हैं। अर्चिक ने कहा ''सर्वेक्षण कर यह पता लगाना चाहिए कि वे असंतुष्ट क्यों हैं, और यह जानें कि उनके साथ यदि कोई समस्या है तो उस समस्या का निदान आवश्यक है।'' उन्होने फिर कहा- बदलाव और विविधता को अपनाना एक अलग तरह की अनुभूति की तलाश कर रहे युवाओं को आकर्षित करने का बेशक एक सही तरीका है।

## नए क्लब बनाएँ

नए 'उद्देश्य-आधारित' क्लब्स रोटरी को तेजी से आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे। इसके अलावा अर्चिक ने कहा, ''ऐसे क्लब्स नए सदस्यों को अधिक समय तक सदस्य बनाए रखेंगे, अलग- अलग व्यवसायों के युवाओं को आकर्षित करेंगे। रोटरी को आगे बढ़ाने के लिए रोटेरियन्स को बदलाव लाने का बहादुर और उत्प्रेरक बनना होगा।''

रोटरी के *चेंज मॉडल* पाँच पहलुओं की व्याख्या करते हुए उर्चिक ने कहा- सही आकलन (सदस्यों और उनकी समस्याओं का), डिजाइन (क्लब की सफलता पर एक नज़र), बनावट (संचार नीति), निभाना (वैसे सदस्यों को आगे लाएँ जो बदलाव को समझते हुए उसे स्वीकारते हैं),और अंत में प्रगति को बनाए रखना (संरचनाओं को स्थापित करके और उद्योग में निवेश करके)। टॉम गम्प ने कहा- जब तक रोटरी की सेवा, फेलोशिप और फोर-वे-टेस्ट की मूल विचारधारा बनी रहती है, ''हम युवाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए लचीले हो सकते हैं।''

रोटरी क्लब मद्रास की अध्यक्ष जयश्री श्रीधर ने कहा कि- देश के तीसरे सबसे पुराने क्लब के रूप में रोटरी क्लब कलकत्ता और बम्बई के बाद अब उनका क्लब अगले वर्ष 95वें वर्ष में प्रवेश करेगा। लीगेसी क्लब का उदघाटन 10 मई 1929 को हुआ था और उस वर्ष जुलाई में क्लब को चार्टर मिला था, ''1979 में लाल खसरा कार्यक्रम और 1985 में पोलियो उन्मूलन की क्लब ने पहल की।'' इस ऑनलाइन मीट में दुनिया भर से लगभग 140 रोटेरियन्स शामिल हुए थे।■

# हम केवल एक उद्यान नहीं बनाना चाहते है, बल्कि एक पूरा जंगल बनाना चाहते है

**रशीदा भगत**

डीजीई और डीजीएन के लिए हाल ही में कोलकाता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम, लक्ष्य, की मुख्य विशेषताओं में से एक रो ई निदेशक महेश कोटबागी की अध्यक्षता में पर्यावरण पर आयोजित एक सत्र था। टीआरएफ के विशाल दानकर्ता रविशंकर डाकोजू ने बताया कि कैसे रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड्स के नेतृत्व में, जिसके वह पूर्व अध्यक्ष है, कर्नाटक के कोलार जिले में केजीएफ टाउनशिप में साइनाइड के ढेरों से भरी जहरीले नरक जैसी जगह को परिवर्तित करके पेड़ों से भरे एक हरे-भरे क्षेत्र में बदला गया जिसमें अब पक्षी और जानवर भी रहते है।

उन्होंने समझाया कि अंग्रेजों ने कोलार स्थित सोने की खदानों से सोना निकाला था; ''खदान से सोना निकालने के लिए आपको गारे में से सोने को अलग करने के लिए साइनाइड का उपयोग करने की आवश्यकता होती है।'' अंग्रेजों के जाने के बाद, खनन बंद कर दिया गया और पूरा क्षेत्र सूख गया, और ''हवा से उड़ने वाली अवशिष्ट साइनाइड की धूल ने केजीएफ टाउनशिप में लोगों के स्वास्थ्य पर कहर बरपाया, जिससे कैंसर, तपेदिक और अन्य बीमारियां हुईं।''

इसे तब तक एक खोया हुआ कारण माना जाता था जब तक कि रोटरी ने कदम नहीं रखा, स्थानीय सरकार के साथ साझेदारी बनाई और उसका विश्वास नहीं जीता। क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए, ''हमने विभिन्न स्तरों पर गड्ढे खोदे, प्रत्येक गड्ढा 14x2x2 फीट का था। विभिन्न स्तरों पर लगभग 14,000 गड्ढे बनाये गए, और प्रत्येक गड्ढे में जंगली घास के साथ पेड़ और कैक्टस लगाए गए। घास नमी को बरकरार रखती है और मिट्टी को बांधती है।''

पेड़ बढ़ने लगे लेकिन एक हद तक बढ़ने के बाद किसी उबड़-खाबड़ जमीन आने के कारण मरने लगे। हरियाली को सहारा देने के लिए खाद की जरूरत थी।

''आप मानेंगे नहीं, हमें सचमुच बेंगलुरु से कोलार तक खाद की 'तस्करी' करनी पड़ी, क्योंकि बदबूदार खाद के परिवहन की अनुमति नहीं थी। लेकिन हम रोटेरियन कभी हार नहीं मानते। हमें असफल होने से कोई फर्क नहीं पड़ता... मैं अपने पूरे जीवन में असफल रहा हूं; कक्षा 10 में तीन बार असफल रहा, और बस कक्षा 12 पास करने में कामयाब रहा! वैसे भी, हम इसे आधी रात को परिवहन करते थे और हमने बेंगलुरु से कोलार तक लाई गई 700 टन खाद से सभी 14,000 गड्ढों को भर दिया,'' डाकोजू ने तालियों के बीच कहा।

''आखिरकार, हम जीत गए और साइनाइड ने हार मानना शुरू कर दिया। रोटेरियनों ने 1.2 लाख पौधे और 15,000 कैक्टी लगाए और हम इसे वन भूमि बनाना चाहते है। हमने सिंगापुर चेरी लगाई है और अब पक्षी, सांप, खरगोश और काले हिरण भी आते है।''

यह सफलता की कहानी रोटरी के लिए एक महान प्रशंसा थी; सरकार ने यह कहते हुए हार मान ली थी कि यह एक अत्यधिक जहरीला क्षेत्र है और यहां कुछ भी नहीं पनप सकता है। लेकिन जैसा कि पीआरआईपी शेखर मेहता ने कहा: ''आपको विफलता का सामना करने के लिए पागल, भावुक या साहसी होना चाहिए। हमने ऐसा किया और हम जीत गए।''

पीडीजी सुरेश हरि के साथ, डकोजू, जो अब रोटरी क्लब बैंगलोर में शामिल हो गए है, ने एक नई परियोजना शुरू की है, ''जहां हम कर्नाटक के सबसे शुष्क क्षेत्रों में से एक में एक लघु वन बनाने के लिए 1,500 एकड़ जमीन ले रहे है। यह एक

महत्वाकांक्षी और व्यापक परियोजना है, जिसमें 5 लाख पेड़ लगाने, दो झीलों को बहाल करने, घास के मैदान स्थापित करने, जानवरों की रक्षा करने और क्षेत्र के 8,000 आदिवासियों की आजीविका बढ़ाने के लिए ₹26 करोड़ खर्च होंगे। ESRAG (एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी रोटरी एक्शन ग्रुप) में परियोजना निदेशक मीनाक्षी वेंकटरमण हमारी मदद कर रही है। वह हमें बताती है कि घास के मैदान विकसित करें, सिर्फ पेड़ लगाते न रहें।''

यह स्वीकार करते हुए कि ''यह एक बहुत महत्वाकांक्षी परियोजना थी, उन्होंने कहा, इसे बड़ी सोच कहा जाता है... हम एक उद्यान या एक वृक्षारोपण नहीं बल्कि एक पूरा जंगल स्थापित करना चाहते है, और इस तरह ग्रह को कुछ वापस देना चाहते है।''

बैठक को संबोधित करते हुए, मीनाक्षी ने कहा कि एशिया और अफ्रीका दोनों में रोटेरियनों को सामने आ रहे पर्यावरण संकट का जवाब देना होगा; पाकिस्तान ने पिछले साल अचानक बाढ़ देखी थी और श्रीलंका को अपनी कृषि प्रणालियों के ढहने के दुःस्वप्न का सामना करना पड़ा था।

यह कहते हुए कि पर्यावरण परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध होने जा रहा है, उन्होंने परागण, एक नदी को अपनाने, पर्यावरण से कार्बन और मीथेन को कम करने से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में बात की। ''तीन तरीके है जिनसे हम इसे कम कर सकते है, मिट्टी, मैंग्रोव और मूंगा चट्टानों पर काम करके।'' रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में घोषणा की थी कि रोटरी मैंग्रोव के विकास पर बड़ी परियोजनाएं करेगी। उन्हें प्रतिभागियों को यह बताते हुए खुशी हुई कि इस काम के लिए 30 वैश्विक अनुदान कतारबद्ध थे।

रोटेरियनों द्वारा की गई परियोजनाओं पर डेटा गायब होने के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए, मीनाक्षी, जो रोटरी क्लब नीलगिरी वेस्ट की सदस्य है, ने कहा, हमें रोटेरियन के रूप में हमारे प्रभाव को मापने की आवश्यकता है। ''हम सभी ने पेड़ लगाने की आरआईपीई इयान रिसले की चुनौती को स्वीकार किया, लेकिन किसी को नहीं पता कि कितने पेड़ लगाए गए थे।''

रो ई मंडल 3141 के डीजी संदीप अग्रवाल ने उस जैव विविधता पार्क का विवरण दिया जिसे उनके मंडल ने उनके क्लब, रोटरी क्लब बॉम्बे, के नेतृत्व में बॉम्बे विश्वविद्यालय में डेढ़ एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया था। ''वहां हमने बांस उगाने वाला जेन गार्डन, एक एम्फी थिएटर स्थापित किया है, एक झील को पुनर्जीवित किया है और पुनर्नवीनीकृत सामग्री से बने एक विशाल इंद्रधनुष को स्थापित किया है।'' पेड़ों पर क्यूआर कोडित किये गए है और रोटेरियन अगले 10 वर्षों के लिए इस पार्क के विकास और रखरखाव में शामिल होंगे। ''हमने एक प्रकृतिवादी नियुक्त किया है और 40-50 के समूहों में स्कूली बच्चों को लाना शुरू कर दिया है, जो पार्क के चारों ओर घूमने और प्रकृति से जुड़ने वाले प्रकृतिवादी के साथ 4 से 5 घंटे बिताते है।''

चूंकि पार्क अगले 10 वर्षों तक उनकी देखभाल में रहेगा, ''हम इसमें तेजी से वृद्धि करने जा रहे है। पहले से ही हमने एक छोटी पवन चक्की और एक संवादात्मक झरना स्थापित किया है; जब बच्चे स्थिर साइकिलों पर पैडल चलाते है, तो पानी गिरना शुरू हो जाता है। रोटरेक्ट क्लबों ने बहुत सारे रचनात्मक विचारों के साथ इस पार्क में वृद्धि करने में कुछ रुचि दिखाई है,'' उन्होंने कहा।

KIIT इनक्यूबेटर के प्रमुख मृत्युंजय स्वर ने कहा कि वह एक ऐसे विश्वविद्यालय से पड़े है जो नवाचार संस्कृति और 'इनक्यूबेटर' नामक एक पारिस्थितिकी तंत्र लेकर आया है, जिसने समाज के लिए समाधान के बारे में सोचने वाले युवा दिमागों की 380 से अधिक कंपनियों को प्रोत्साहित किया है।

जिन लोगों के साथ उन्होंने काम किया, वे सस्ते उत्पाद बनाने में लगे हुए थे; ''हम स्थानीय समस्याओं को हल करने के लिए सबसे अच्छे दिमाग, नीति निर्माताओं, नवप्रवर्तकों, बुद्धिजीवियों को लाते है, और ऐसे समाधान देते है जो व्यापक होने योग्य, टिकाऊ और सस्ते होते है।'' एक उदाहरण उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पीने योग्य पानी का परीक्षण करने के लिए ''एक बेहद सस्ती तकनीक का दिया; इसकी लागत केवल कुछ पैसे है।''

पर्यावरणीय स्थिरता पर शुरू की गई कई परियोजनाओं के लिए रोटेरियन की सराहना करते हुए, निदेशक कोटबागी ने कहा, ''हमें कार्बन उत्सर्जन को कम करने के महत्व को समझना होगा। आज नियम लागू है और कई औद्योगिक घराने इस पर नजर रख रहे है। मैंग्रोव का विकास रोटरी की एक अद्भुत परियोजना है, और हमें पिछले साल इस क्षेत्र में किए गए अच्छे काम को जारी रखने की आवश्यकता है।'' ■

*दाएं से: RIDE अनिरुद्धा रॉयचौधरी; केआईआईटी इनक्यूबेटर के प्रमुख मृत्युंजय स्वर; रविशंकर डाकोजू; RID महेश कोटबागी; मीनाक्षी वेंकटरमन, निदेशक, परियोजनाएँ, ESRAG; और लक्ष्य अध्यक्ष पीडीजी ई के सगाधेवन।*

ADVERTORIAL

# District 3110

**Prachi & Pawan Agarwal**
District Governor, RID 3110
(2022-23)



## District 3110 Crossing the Magical Figure of US $ 1 Million

They say that the records are made to be broken. This record of District 3110 needs to be broken, year after year. And no-one will ever complain. The District which had no respectable standing in TRF giving, has suddenly discovered its potential, which is immense and abound. Rotarians of 3110 have utilized the leveraging power of TRF for doing meaningful and impactful projects throughout the year. As a result, the total giving to TRF this year has crossed the magical figure of $ 1 Million. Congratulations to the generous donors of the District!

Pawan & Prachi Agarwal

*Congratulations*
**All the members of District 3110**
for
**crossing TRF contribution of**
**US $ 1 Million**
**1st Time Ever in District 3110**
Thanks to Generous Donors for this monumental achievement !!

## AKS Member (Chair Circle)

It is an honor for District 3110 and RC Kashipur that District Governor Pawan Agarwal and First Lady, Prachi Agarwal have become AKS Member (Chair Circle) by a total accumulated contribution of $ 500,000 to TRF. Rtn Pawan Agarwal is the first ever serving District Governor in India to achieve the recognition of both AKS Member (Trustee Circle) & AKS Member (Chair Circle) in the year of service as DG.

*Congratulations*
**DG Pawan Agarwal and First Lady Prachi Agarwal**
for becoming
**AKS Member (Chair Circle)**
by donating
**US $ 500,000**
to **The Rotary Foundation**

## Approval of 9th Global Grant Projects in Current Year

*Congratulations*
**RC ALIGARH**
**for approval of District's 9th Global Grant this year**

**Total Cost : USD 53,000**
The Grant aims to provide opthalmic equipment for eyecare services and surgeries



PDG Devendra Kumar Agarwal
ARRFC

PDG Sharat Chandra
DRFC

Rtn. Vinay Krishna
Chair, District Grants Committee

It's a matter of great pride and pleasure for the District to get approval for its 9th Global Grant Project in the current year. The project proponent is RC Aligarh, which is one of the oldest clubs and the largest club of the District. The project aims to provide "Ophthalmic Equipment for Eyecare Services and Surgeries". The total cost of the project is USD 53,000. This is the biggest ever Global Grant project in Aligarh in terms of cost.

## Approval of 13th CSR Project in Current Year

Naini Papers (P) Ltd. contributed USD 22,777 (Rs 18,67,714) for a CSR Project which aims for "Establishing Eight Women Vocational Training Centres for Stitching" in association with RC Kashipur. This is the 13th CSR project by our District in the current year. The Managing Director, Rtn Pawan Agarwal and Mrs Prachi Agarwal have become "AKS Member (Chair Circle)" by this contribution to TRF.

NAINI
Ethically Firm, Environmentally Strong

*Congratulations*
**RC KASHIPUR**
**for approval of CSR Grant for**
establishing 8 Women Vocational Training Centres for Stitching
at a project cost of
USD 22,777
in association with CSR partner
**Naini Papers Limited**

## Major Donors

*Congratulations*
**Rtn Dr. Varun Kumar Gupta & Rtn. Namrata Gupta**
RC Aligarh Central
for the generous & benevolent contribution to
**The Rotary Foundation**
as
**MAJOR DONORS**
2022-23

ADVT.

## Participation of DG & First Lady in RI Convention, Melbourne

With RI President Jennifer Jones

With PRIP KR Ravindran

With IPRIP Shekhar & Rashi Mehta

With RID A.S. Venkatesh

TRF Unity Ball Dinner of AKS Members

Registration Counter at MCEC

"End Polio Now Booth" at House of Friendship

## Break-Out Session by DG Pawan Agarwal

## Distribution of Baby Warmers

MELBOURNE 2023

# साउथ एशिया कि चकाचौंध

*PRIP KR रवींद्रन और उनकी पत्नी वनाती। रो ई अध्यक्ष जेनिफर जोन्स, RIDE टीएन सुब्रमण्यन को बधाई देती हुयी। चित्र में विद्या और पीडीजी जॉन डेनियल भी शामिल हैं। PRID मिकेल अल्बेर्ग दायीं ओर बैठे हैं।*

*रोटेरियन रविशंकर डकोजू और पाओला RIPE गॉर्डन मेकिनली और हेतर के साथ।*

*ऊपर: बाएं से: विनीता, जे के थॉमस, **RID** विकी पुलिज़, रो ई मंडल 3211 सहायक गवर्नर सुसन कोशी और **RID** वेंकटेश।*

*बाएं: रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश और विनीता मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में रो ई सम्मेलन के दौरान दक्षिण एशिया रिसेप्शन में मेहमानों का अभिवादन करते हुए।*

*दाएं: रो ई अध्यक्ष जोन्स और **RID** वेंकटेश एक दूसरे को बधाई देते हुए।*

*साउथ एशिया रिसेप्शन के अध्यक्ष पीडीजी एम मुरुगानंदम ने **RIDE** अनिरुद्धा रॉयचौधरी और शिप्रा को सम्मानित किया।*

*श्रीलंका के पीडीजी भाशकुमार राजन, कृष राजेंद्रन और गौरी राजन (रो ई मंडल 3220) ने पीआरआईपी शेखर मेहता और राशि को बधाई दी। बाईं ओर अमिता कोटबागी चित्र में दिखाई दे रही हैं।*

*बाएं से: **RID** वेंकटेश, फैज़ किदवई, रो ई अध्यक्ष जोन्स, टीआरएफ ट्रस्टी अज़िज़ मेमन, रोटेरियन अनिल श्रीवत्स, उनकी पत्नी दीपाली, पीआरआईपी मेहता, पीआरआईडी कमल संघवी, टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या, **RID** महेश कोटबागी और डीजी एन नंदकुमार।*

*ऊपर: कार्यक्रम के अध्यक्ष मुरुगानंदम ने टीआरएफ ट्रस्टी पांड्या और माधवी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।*
*दाएं: बाएं से (खडे): पीडीजी राजीव शर्मा, सुमेधा नंदकुमार, पीडीजी जे श्रीधर और टीआरएफ ट्रस्टी गीता मानेक। (बैठे): अनिल श्रीवत्स, मिथिलेश झा, और **PDG** आर भरत।*

*ऊपर: (दाएं से) पाओला रविशंकर, पीडीजी सुरेश हरि, आशा और रोटेरियन नीरज भटनागर।*

*RIDs वेंकटेश और किदवई।*

*PRIP के आर रवींद्रन और RID वेंकटेश।*

*PRID मनोज देसाई और शर्मिष्ठा के साथ इवेंट चेयरमैन मुरुगानंदम।*

*रो ई अध्यक्ष जोन्स मेहमानों का स्वागत करती हुई।*

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

Rotary PEOPLE OF ACTION

# एक महाराष्ट्रीयन गांव के लिए पर्यावरण अनुकूल स्टोव

**जयश्री**

*रोटरी क्लब पनवेल एलीट की अध्यक्ष स्वाति लखिते (दाएं) और क्लब के सदस्य आदिवासी महिलाओं को पर्यावरण के अनुकूल चूल्हे वितरित करते हुए।*

रोटरी क्लब पनवेल एलीट, रो ई मंडल 3131, ने महाराष्ट्र के पनवेल के पास पहाड़ी गांव वरावने में दस आदिवासी परिवारों को अद्वितीय धुआं रहित स्टोव वितरित करने के लिए एक परिवर्तनकारी मिशन शुरू किया। ये स्टोव, जिन्हें पंवल रॉकेट स्टोव (पीआरएस) कहा जाता है, जलाने के लिए लकड़ी के बजाय टहनियों का उपयोग करते है, और रिकॉर्ड समय में भोजन पकाते है। क्लब अध्यक्ष स्वाति लिखिते कहती है, ''पीडीजी दीपक शिकारपुर ने इस मॉडल को हमारे सामने पेश किया और हमने इसे पेड़ों को बचाने के लिए एक आदर्श समाधान पाया, जिन्हें पारंपरिक चूल्हा में लकड़ी के उपयोग के लिए अंधाधुंध काटा जा रहा था।''

स्टोव निर्माता एप्लिनोवा के तकनीशियनों के साथ क्लब की छह महिलाओं ने एक स्कूल में इकट्ठा हुई 50 महिलाओं को इस स्टोव की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करने हेतु एक गांव का दौरा किया। तकनीशियनों ने स्कूल परिसर में गुल मोहर के पेड़ के नीचे से कुछ गिरी हुई टहनियों को इकट्ठा किया, स्टोव चालू किया, और उसे टहनियों की सहायता से जलाया। ''दर्शक पूरी प्रक्रिया से प्रभावित थे और यह देखकर चकित थे कि कैसे, छह लोगों के लिए पर्याप्त चावल, केवल 15 मिनट में पकाया गया था। सबसे अच्छी बात, उन्होंने टिप्पणी की, दम घोंटने वाले धुएं की अनुपस्थिति थी,'' स्वाति मुस्कुराते हुए कहती है।

क्लब ने इस पर्यावरण के अनुकूल परियोजना को प्रायोगिक आधार पर शुरू किया था, लेकिन हम अन्य परिवारों से अनुरोध मिलने से भी आश्चर्यचकित थे। ''हालांकि, हम अगले चरण में जाने से पहले गांव में इसकी सफलता का आंकलन करना चाहते है। स्टोव पहले उत्तराखंड और हुबली में रोटरी क्लबों द्वारा घरों में वितरित किए गए थे, और हमें वहां के क्लबों से इसके प्रभाव और संवहनीयता के बारे में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।'' प्रत्येक स्टोव जिसकी मूल कीमत ₹3,080 है, उसे ₹2,500 में खरीदा गया था। वह आगे कहती है कि प्रत्येक लॉट के निर्माण में 21 दिन लगते है। कंपनी के तकनीशियनों ने तीन युवाओं

# स्टोव के बारे में

स्टोव 'रॉकेट स्टोव' सिद्धांत पर काम करता है जो छोटे व्यास की लकड़ी के ईंधन का उपयोग करता है जिसे एक इन्सुलेटेड लम्बवत चिमनी युक्त दहन कक्ष में जलाया जाता है, जिससे आग की लपटों का खाना पकाने की सतह तक पहुंचने से पहले पूर्ण दहन सुनिश्चित होता है। निर्माता की वेबसाइट *applinnova.com* में उल्लिखित पंवल रॉकेट स्टोव की कुछ विशेषताएं यहां दी गई हैं:

पीआरएस-वी5 एक धुआं मुक्त, किफायती बायोमास स्टोव है जो पेड़ों से गिरी टहनियों का उपयोग करके 5-6 लोगों का भोजन पका सकता है। इसे कुछ सूखी घास, पत्तियों या कागज का उपयोग करके आसानी से प्रज्वलित किया जा सकता है और पारंपरिक स्टोव की तरह इसमें हवा-फूंकने या मिट्टी का तेल डालने की आवश्यकता नहीं होती है।

यह लगभग 6-8 टहनियों (लगभग 150 ग्राम लकड़ी) का उपयोग करके 15 मिनट में 20 कप चाय बना सकता है, 8-10 टहनियों के साथ 1 किलो चावल और 12-15 टहनियों का उपयोग करके 30 मिनट में 10 रोटियां पका सकता है।

स्टोव का लंबा डिजाईन एक चिमनी की तरह काम करता है और स्टोव के माध्यम से बहने वाली हवा का एक मजबूत प्राकृतिक झोंका बनाती है ताकि स्टोव अपनी परिचालन अवधि में लगभग धुआं रहित काम कर सके।

राख को बाहर निकालने के लिए आग को बुझाने या खाना पकाना रोकने की भी आवश्यकता नहीं होती। यह जलती हुई लकड़ियों को जगह पर रखते हुए ईंधन की जाली को बाहर निकालकर किया जा सकता है। इस तरह परिचालन के बीच में राख निकलने से आप जितनी देर चाहे तब तक निर्बाध खाना पका सकते है।

स्टोव को आसानी से तैयार किया जा सकता है, उठाने योग्य है और पिकनिक जाने पर कैंपिंग स्टोव के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

*एक तकनीशियन पहाड़ी गांव में आदिवासी श्रोताओं को चूल्हे की कार्यप्रणाली समझाता हुए।*

को स्टोव के समस्या निवारण और रखरखाव के लिए प्रशिक्षित किया।

रोशन, एक युवा ग्रामीण, स्कूल के पीछे एक पहाड़ी की अपनी बचपन की यादों को याद करते है। ''पहाड़ी के घुमावदार रास्ते तब विशाल पेड़ों से घिरे हुए थे। लेकिन जैसे-जैसे मैं बड़ा होता गया, मैंने देखा की कैसे वे सभी जलाऊ लकड़ी के लिए धीरे-धीरे काट दिए गए।'' आज यह सिर्फ एक बंजर भूमि बन गई है। उन्होंने मानसून के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले अपने सूखे शेड में लकड़ी के लट्ठे रखे होने की ओर इशारा किया। ''कल्पना कीजिए कि ढेर बनाने के लिए कितने पेड़ों को काटा गया होगा,'' वह कहते है।

रोटेरियनों ने ग्रामीणों को समझाया कि पारंपरिक चूल्हे से निकलने वाले धुएं को सांस के साथ लेना फेफड़ों के लिए कितना हानिकारक था। स्वाति कहती है, टहनियों के ईंधन वाले धुआं रहित स्टोव धुएं की जहरीली धुंध के बिना दिल और घरों को गर्म करेंगे, और प्रभावी पर्यावरण देखभाल का एक सरल समाधान बनेंगे। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

# पुणे में हृदय जागरूकता अभियान

**टीम रोटरी न्यूज़**

7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हृदय की सेहत को बढ़ावा और सीपीआर (cardio pulmonary resuscitation) के प्रति जागरूक होने के लिए सामान्य लोगों के बीच रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड और रीवाइव हार्ट फाउंडेशन ने साथ मिलकर तीन सप्ताह तक चलने वाले प्रोजेक्ट 'धड़कन' सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम पुणे के अलग-अलग स्थानों पर किया गया। एम एल ए सिद्धार्थ शिरोले ने इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया।

प्रोजेक्ट निदेशक केतन शाह जो क्लब के तत्काल पूर्व अध्यक्ष हैं, ने कहा कि इस कार्यक्रम में डॉ जगदीश हिरेमठ, डॉ सुनील साठे और आरएचएफ के डॉ किंजल गोयल जैसे प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञों का मार्ग दर्शन रहा।

लोगों की अचानक कार्डाइक अरेस्ट और चक्कर खाकर गिरने की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें 40 साल की उम्र के अपेक्षाकृत तंदुरुस्त लोग भी शामिल हैं जिनकी अचानक दिल के दौरे से मौत हो जाती है। विभिन्न सत्रों के दौरान तत्काल सीपीआर देकर ऐसे लोगों को एक बार फिर से स्वस्थ होकर जीने की कोशिश पर बल दिया गया।

लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए शहर में कई तरह के आयोजन- जैसे, मीडिया में साक्षात्कार दिये गए, संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। शाह का अनुमान है कि रोटरी क्लब, पीवाईसी डेक्कन जिमखाना और कई अन्य संस्थानों के साथ- साथ एक दर्जन हृदय रोग विशेषज्ञों की भागीदारी ने इस जागरूकता और शिक्षाप्रद आयोजन द्वारा पुणे के हजारों लोगों को जागरूक किया। प्रत्येक प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र के बाद टीम ने मराठी और अँग्रेजी दोनों भाषाओं में मुफ्त पुस्तिकाएँ वितरित कीं। सीपीआर देने और प्रभावित व्यक्तियों के फिर से स्वस्थ होकर जीने के लिए आवश्यक मशीनों के संचालन की पूरी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में पाँच एईडी मशीनें लगाई गईं। काजोल, अजय देवगन, शिल्पा शेट्टी और अभिषेक बच्चन जैसे बॉलीवुड सितारों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस प्रोजेक्ट का समर्थन किया। शाह ने कहा- हमें खुशी है कि हमारे क्लब के नेतृत्व में रोटेरियन्स द्वारा की गई कड़ी मेहनत से यह प्रोजेक्ट एक सफल और शानदार प्रोजेक्ट रहा। हृदय की सेहत और सीपीआर देने के संदेश को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से फैलाया गया और उम्मीद है कि पुणे को भारत का सबसे 'हृदय सुरक्षित' शहर बनाने में काफी मदद मिलेगी। ■

*पुलिस कर्मियों के लिए एक सीपीआर क्रियान्वयन डेमो।*

ADVT.

www.iisuniv.ac.in

# IIS (deemed to be UNIVERSITY) JAIPUR

FORMERLY **ICG**

# Admissions Open 2023-24

## UG/PG/Ph.D./D.Litt./D.Sc. & Professional Programmes

### Undergraduate Programmes
- B.A.
- B.Sc.
- B.Com.
- B.A./B.Sc./B.Com. Hons.
- B.A./B.Sc./B.Com. - Research
- B.A./B.Sc./B.Com. Hons. - Research

### Specialized Programmes
- **B.Com. Hons.** (Proficiency in Chartered Accounting/Proficiency in Company Secretaryship) Specialized programmes and separate academic calendars for aspirants of CA & CS.
- **B.Com. Hons.** (Applied Accounting and Finance) Accredited by ACCA UK

### UG-Professional Programmes
- **B.A.** (J.M.C.)
- **B.F.A.**
- **B.C.A.**
- **B.Sc. Hons.** (Forensic Science)
- **B.Sc. Hons.** (Data Analytics & AI)
- **B.Sc. Hons.** (Home Science)
- **B.Sc. Hons.** (Fashion Design)
- **B.Sc. Hons.** (Multimedia & Animation)
- **B.Sc. Hons.** (Jewellery Design & Technology)
- **B.B.A.**
- **B.B.A.** (Aviation & Tourism Management)
- **B.Voc.*** *UGC Approved

### Integrated Programmes
- **B.A. B.Ed.***
- **B.Sc. B.Ed.*** *NCTE Approved
- **B.Sc. M.Sc.** (Nano Science & Technology)

### Post Graduate Programmes
- M.A.
- M.Sc.
- M.Com.
- M.F.A.
- M.S.W.
- M.Sc. Home Science
- M.B.A. (Semester Based)
- M.A./M.Sc. in Yogic Sciences
- RCI approved professional diploma in Clinical Psychology

### DISTINGUISHING FEATURES
- Extra & Co-curricular Activities
- Placement Support
- Wi-Fi enabled campus
- Conveyance / Hostel Facility
- NCC, NSS, Sports

### Co-Educational Programmes
**@ IISU Block, ISIM Campus,**
**Mahaveer Marg, Mansarovar**
- **B.C.A.**
- **B.B.A.**
- **B.Lib.Sc.**
- **M.A.** (Digital Media & Communication)
- **M.C.A.**
- **M.B.A.** (Dual Specialization, Trimester based)

MBA/MCA AICTE Approved

### Short Term Courses
- Cyber Security and Cyber Law (Online)
- Certificate Course in Textile Design

### Research Programmes
- **Ph.D.** (Admission through Research Entrance Test.)

Research Entrance Test : **22 July 2023**

### Preparatory Classes along with UG/PG Programmes
- Civil Services
- NET
- USCMA

### College of Physiotherapy & Allied Health Sciences
(Co-Educational) & IIS Sitapura Campus
- B.P.T.
- M.P.T.
- Ph.D.

FOR COUNSELLING AND ANY QUERIES, CONTACT AT

**9358819994**
ARTS & SOCIAL SCIENCES

**9358819995**
SCIENCE

**9358819996**
COMMERCE & MANAGEMENT

**8949322320**
PHYSIOTHERAPY

or mail at : **admissions@iisuniv.ac.in**



## BHAAVIKA THANVI
B.A. (HONS.)-PSYCHOLOGY, 2020 BATCH

**UPSC CIVIL SERVICES 2022**
**RANK - 100**

### SOME OF OUR DISTINGUISHED ALUMNAE


**Padmini Solanki**
IAS


**Aruna Rajoria**
IAS


**Yasha Mudgal**
IAS


**Darshika Rathore Ajinkya**
Endpoint, Middle East, UAE


**Laxmi Tatiwala**
Chartered Accountant


**Shweta Sirohi Gupta**
Careflight, Sydney, Australia


**Beenu Dewal**
8th Rank, RAS 2018


**Manvi Soni**
International Shooter


**Priyanka Raghuvanshi**
RPS


**Fg. Lieutenant Swati Rathore**
Indian Air Force


**Vasundhara Singh**
Dietician, AIIMS, New Delhi

**Fg. Off. Shivanshi Pathak**
Indian Air Force


**Bhawana Garg**
RAS


**Maj. Komal Rathore**
Indian Army


**Lt Karnika Singh**
Indian Army

**Sqn. Ldr. Unnati Sahera**
Flying Officer

Gurkul Marg, SFS, Mansarovar, Jaipur, Rajasthan-302020
+0141 2400160 / 161, 2397906 / 07
Toll Free No. : **1800 180 7750**

Rotary PEOPLE OF ACTION

# खुशहाल स्कूलों से खुश छात्रों तक

रशीदा भगत

गोवा में मई की एक गर्म शाम को पणजी जिमखाना जीवंत हो उठा, जहां अच्छी तरह तैयार हुई स्कूली छात्राओं की आवाज गूंज रही थीं, जिनमें से प्रत्येक ने हेलमेट पहन रखा था और जो एक नई चमकदार गुलाबी साइकिल पर सवार होने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं, जिसके वे अभी-अभी गर्वित हकदार बने थे।

गुलाबी साइकिलों और बालिका शक्ति का उस शाम हुआ वह विस्फोट रोटरी क्लब पणजी मिडटाउन की एक परियोजना की वजह से हुआ था जिसके अध्यक्ष और सदस्यों ने परेशान करने वाले आंकड़ों पर कार्रवाई करने का फैसला किया कि कैसे वंचित परिवारों की इतनी सारी किशोरियां युवावस्था में स्कूल छोड़ देती है क्योंकि उनके पास परिवहन सुविधाएं नहीं होती है और उन्हें 2 से 5 किमी दूर स्थित स्कूलों में पैदल जाना पड़ता है। 500 लाभार्थी 25 स्कूलों में कक्षा 5 से 9 तक की छात्राएं हैं।

*रोटरी क्लब पणजी मिडटाउन द्वारा दी गयी साइकिलों के साथ स्कूली बच्चे।*

जब क्लब अध्यक्ष सिद्ध सरदेसाई अपने वर्ष के लिए एक प्रतिष्ठित परियोजना की योजना बना रहे थे, ''मैंने सोचा कि मुझे कुछ बड़ा करना चाहिए, और अपनी परियोजनाओं को लॉन्च करते समय पीडीजी रवि वडलामणि के पैमाने के करीब पहुंचना चाहिए वह हमेशा बड़ा सोचता है।'' इस विचार को ध्यान में रखते हुए, उनकी टीम ने गरीब परिवारों की ग्रामीण लड़कियों को 500 साइकिलें देने की योजना तैयार की, ताकि उनके पास अपने स्कूल तक पहुंचने के लिए एक सुरक्षित साधन हो सके। क्लब में 78 सदस्य हैं और वे जानते थे कि सुरक्षित परिवहन के अलावा, कई छात्राएं स्कूल इसलिए छोड़ देती है क्योंकि लंबी पैदल यात्रा न केवल उन्हें थका देती है, बल्कि उन्हें मौसम की अनिश्चितताओं के भरोसे भी छोड़ देती है - जैसे कि कठोर गर्मी और मूसलाधार वर्षा।

सरदेसाई बताते है कि चूंकि यह उनके क्लब का रजत जयंती वर्ष है, इसलिए परियोजना को उल्लेखनीय, टिकाऊ और प्रभावशाली होना था। 500 साइकिलों के लिए ₹20 लाख के धन की आवश्यक थी और दो कंपनियों - वियानार इंफ्रा एलएलपी और मारीकेटी फूड्स ने अपने सीएसआर कोष के माध्यम से परियोजना को वित्त पोषित किया। उद्घाटन समारोह में कंपनियों का प्रतिनिधित्व क्रमशः सैवियो मोंटेरो और स्पाइरो ग्रेना द्वारा किया गया था। रोटेरियन सुरक्षा विशेषता को नहीं भूले; लड़कियों के सिर को स्कूल जाते समय संरक्षित करने की आवश्यकता थी और वेस्ट कोस्ट मोहित इस्पात फाउंडेशन ने हेलमेट प्रायोजित किये।

स्कूलों के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान की गई, ताकि केवल सबसे योग्य लड़कियों को ही साइकिल मिले। क्लब अध्यक्ष उन मूल सिद्धांतों को समझाते है जो यह सुनिश्चित

ROTARY CLUB of PANAJI MID-TOWN

करने के लिए निर्धारित किए गए हैं कि इस परियोजना से अधिकतम लाभ प्राप्त हो। ''जबकि लड़कियों के चयन का मानदंड स्कूल और उनके घरों के बीच की दूरी और परिवार की वित्तीय स्थिति थी, साइकिल लड़कियों को यह स्पष्ट समझाइश के साथ प्रस्तुत की गई थी कि अगर लड़की किसी भी कारण से स्कूल छोड़ती है, तो साईकिल को किसी अन्य योग्य छात्रा को दे दिया जायेगा।'' यही बात तब भी लागू होगी जब लड़कियां स्कूलों से पास आउट होंगी; अनिवार्य रूप से साइकिलें, भले ही लड़कियों को प्रस्तुत की गई हों, 25 स्कूलों की संपत्ति हैं, ताकि आने वाले वर्षों में अधिकतम संख्या में लड़कियां इस परियोजना से लाभान्वित हो सकें और शिक्षा के माध्यम से सशक्त हो सकें। रंग को जानबूझकर चमकदार गुलाबी रखा गया है ताकि परियोजना की दूसरी शर्त को सुनिश्चित किया जा सके - वाहनों का उपयोग केवल लड़कियों द्वारा स्कूल जाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि परिवार द्वारा दैनिक काम करने या खेती के काम में भाग लेने के लिए। और निश्चित रूप से उन्हें गांव के चोरों से बचाने के लिए!

भारतीय क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ, डीजी वेंकटेश देशपांडे (रो ई मंडल 3170), क्लब सचिव सचिन भंडारे, रजत जयंती समारोह के अध्यक्ष मिलिंद शंखवाकर और क्लब के पूर्व और भावी अध्यक्षों सहित गणमान्य व्यक्तियों से इस सशक्त उपकरण को प्राप्त करने वाली लड़कियां खुशी से झूम रही थीं। इस शानदार कार्यक्रम में, इस परियोजना की अंतर्निहित विषयवस्तु - सशक्तिकरण, स्वतंत्रता और अंतहीन संभावनाएं जो शिक्षा लाती हैं - को दोहराने के लिए गुब्बारे छोड़े गए।

बैठक को संबोधित करते हुए, डीजी देशपांडे ने ग्रामीण लड़कियों को गतिशीलता देने की इस पहल के लिए क्लब को बधाई दी और साइकिल प्राप्त करने वालों को उपहार का सर्वोत्तम उपयोग करने और अपनी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की सलाह दी। अमरनाथ ने कहा, ''यह उत्कृष्ट परियोजना मुझे अपने बचपन की याद दिलाती है जब एक बोर्डिंग स्कूल में मुझे अपनी पहली साइकिल मिली थी और इसे पाने के लिए मैं रोमांचित था।''

इन 500 लड़कियों में से प्रतिभाशाली लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलाने में मदद करने की संभावना पर, सरदेसाई ने कहा कि ऐसी छात्राओं की क्लब की चल रही 25 साल पुरानी परियोजना *साक्षरता* द्वारा मौद्रिक मदद के लिए स्वत: जांच की जाएगी। ''यह एक शैक्षिक अनुदान परियोजना है, जहां हम कक्षा 1 से स्नातक तक अल्प सुविधा प्राप्त छात्राओं की शिक्षा का वित्तपोषण कर रहे हैं। यह 1998 में शुरू हुई थी। लेकिन अब जब सरकारी स्कूलों में शिक्षा मुफ्त है, तो हम स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए छात्राओं को वित्त पोषित कर रहे है।''

वह उन कठिन नियमों के बारे में बताते हैं जो यह सुनिश्चित करने के लिए बनाये गये है कि क्लब से धन गैर-शैक्षिक गतिविधियों पर बर्बाद नहीं किया जाता है। जबकि यह योजना मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य व्यावसायिक और स्नातक पाठ्यक्रमों की शिक्षा को वित्तपोषित करती है, पैसा विद्यार्थी के पहले सेमेस्टर को पूरा करने के बाद ही जारी किया जाता है। तो यह लगभग एक प्रतिपूर्ति की तरह है। इससे पहले, हमने पाया कि कुछ ऐसे विद्यार्थी भी थे जो पैसे ले रहे थे लेकिन पाठ्यक्रम नहीं कर रहे थे; दुर्भाग्य से, जो मुफ्त दिया जाता है उसकी सराहना कम की जाती है। इसलिए अब हम ये नए नियम लेकर आए हैं।

उच्च शिक्षा के लिए जाने वाली छात्राओं के अनुपात पर, वह कहते है, मुझे यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हाल ही में हमने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 11 अनुदानों को मंजूरी दी थी, जिनमें से छह छात्राएं थीं। पहले हम हैप्पी स्कूल किया करते थे; अब हमें लगता है कि हम विद्यार्थियों के चेहरे पर ख़ुशी ला रहे है! ■

# वह व्यक्ति जिसने मदद का हाथ बढ़ाया

राजेन्द्र साबू

जोनाथन बाबातुंडे माजियाग्बे एक महान नेता थे। 2003 में, जॉन ने रो ई अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने वाले पहले अफ्रीकी बनकर और 2008 में न्यासी प्रमुख बनकर इतिहास रचा। इतिहास के मूल्य में मजबूत विश्वास रखने वाले, वह एक बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध और जानकार रोटरी नेता थे।

वह 1967 में रोटरी में शामिल हुए। वह रोटरी क्लब अबुजा मेट्रो, रो ई मंडल 9125, नाइजीरिया, के सदस्य और रोटरी क्लब कानो के पूर्व सदस्य थे। वह अपनी पत्नी आयो के साथ टीआरएफ के प्रमुख दानकर्ता और परोपकारी भी थे। उन्हें टीआरएफ के साइटेशन फॉर मेरिटोरियस सर्विस और डिस्टिंगुइश्ड सर्विस अवार्ड से नवाज़ा गया था। उन्होंने पोलियो उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के लिए समर्पित होने हेतु कई पोलियो समितियों में कार्य किया।

जब वह 1988-90 में रो ई निदेशक थे, तो वह फरवरी 1989 में अंबाला में मंडल 308 के सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए थे। उषा और मैं जॉन और उनकी पत्नी एड से उनके चंडीगढ़ दौरे पर मिले थे। उन्होंने ओपन हैंड स्मारक को देखा, एक प्रतीकात्मक संरचना जो देने के लिए हाथ और लेने के लिए हाथ, शांति और समृद्धि और मानव जाति की एकता का प्रतीक है। जब मैं रो ई अध्यक्ष बना, तो मेरी थीम स्वयं से परे देखो थी। तब जॉन ने हंसते हुए कहा कि वह हाथों पर एक थीम रखते। इसके बाद, वह रो ई अध्यक्ष बने और उन्होंने मदद के लिए हाथ बढ़ाना थीम चुनी, जहां दो हाथ समान स्तर पर है और प्राप्त करने वाला व्यक्ति सहायता देने वाले व्यक्ति के बराबर खड़ा है।

> जोन इतिहास के मूल्य में मजबूत विश्वास रखने वाले, वह एक बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध और जानकार रोटरी नेता थे।

13 दिसंबर, 2003 को रो ई अध्यक्ष के रूप में मजियाग्बे ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक ओ पी वर्मा की उपस्थिति में सुखना झील, चंडीगढ़, में शांति स्मारक का अनावरण किया। उन्होंने कहा, रोटरी वैश्विक समझ और शांति के लिए प्रतिबद्ध है, जिसे दुनिया से गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और बीमारी को दूर करने के ठोस प्रयासों के माध्यम से ही हासिल किया जा सकता है। बाद में, उन्होंने विभिन्न रोटरी परियोजनाओं की जांच करने के लिए शहर की झुग्गियों का भी दौरा किया।

जॉन एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने खाते, सोते और जागते हर समय रोटरी और पोलियो का सपना देखा। वह स्वयं से पहले सेवा में विश्वास करते था। वह रोटरी सम्मलेन के लिए ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया, में थे जब उन्हें रोटरी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालने से कुछ दिन पहले, जून 2003 में उनकी पत्नी एड के निधन की खबर मिली। लेकिन इस घटना ने उस उद्देश्य के लिए उनके उत्साह को कम नहीं किया। वह बहुत दुख में थे लेकिन उन्हें जिम्मेदारी लेनी पड़ी। उन्हें निष्कलंक एवं शांति व्यक्ति माना जाता था।

2003-04 में पीआरआईपी मार्क मलोनी उनके सहयोगी थे और उस दौरान उन्होंने जॉन को ङ्गरोटरी परिवारफ वाक्यांश को सही मायने देते हुए देखा। वह उत्सुक थे कि रोटेरियनों को उन रोटेरियनों के परिवारों को साथ और समर्थन प्रदान करना चाहिए जिन्हें नुकसान या बीमारी का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने 2007 में आयो से शादी की, उनका एक बेटा फोलोरुंसो और तीन पोते-पोतियां हैं। उषा और मैं रो ई सम्मेलनों और अंतर्राष्ट्रीय सभाओं में आयो और जॉन से मिले। आयो बहुत जल्दी रोटरी परिवार का हिस्सा बन गई और हम चार करीबी दोस्त बन गए।

जॉन पेशे से वकील थे। उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की थी और वह बार ऑफ इंग्लैंड एंड वेल्स के सदस्य थे। वह फर्म जेबी मजियाग्बे एंड कंपनी में प्रमुख भागीदार थे, और ङ्गनाइजीरिया के वरिष्ठ अधिवक्ताफ भी थे, एक पदवी जो उन लोगों को प्रदान की जाती है जो वकालत में खुद को प्रतिष्ठित साबित करते है। वह बॉडी ऑफ़ बेंचर्स के सदस्य थे, कानो राज्य की अंतरिम न्यायिक सेवा समिति में कार्य करते थे, नाइजीरियाई बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय बार एसोसिएशन के सदस्य थे।

*पीआरआईपी जोनाथन माजियागबे (बाएं से दूसरे) **PRIPs** ग्लेन एस्टेस, राजेंद्र साबू, बिल बॉयड, रो ई पोलियोप्लस समिति के अध्यक्ष रॉबर्ट स्कॉट, **PRIPs** कार्ल स्टेनहैमर, लुइस विसेंट गिए और भिचाई रत्ताकुल के साथ आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव्स एंड रूरल डेवलपमेंट की संस्थापक राजश्री बिड़ला को सम्मानित करते हुए।*

जॉन कानो के एंग्लिकन सूबे के पूर्व चांसलर, नाइजीरियाई रेड क्रॉस सोसाइटी की कानो शाखा के अध्यक्ष और कानो चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री, माइंस एंड एग्रीकल्चर के सदस्य थे। 2008 में, उन्हें ऑर्डर ऑफ द फेडरल रिपब्लिक ऑफ नाइजीरिया से सम्मानित किया गया।

जॉन ने अपने कानूनी पेशे से इतनी जल्दी सेवानिवृत्त होने की योजना नहीं बनाई थी। लेकिन 2010 में, परिस्थितियों से विवश होकर और गुर्दे की विफलता से जन्मी स्वास्थ्य चुनौतियों के कारण, उन्हें जिम्मेदारियों से विराम लेना पड़ा। वह सप्ताह में दो या तीन बार डायलिसिस पर थे, जिससे उनका काम प्रभावित हुआ। सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाओं की तलाश में, वह अबुजा में स्थानांतरित हो गए।

कई बार, मैं चिकित्सा मिशन के लिए नाइजीरिया गया। दिसंबर 2012 में, मेडिकल मिशन टीम अबुजा, नाइजीरिया, गई थी। जॉन पोलियो सुधारात्मक सर्जरी करने के लिए परियोजना के संरक्षक थे। चिकित्सा मिशन गतिविधियों का समन्वय टीम लीडर के रूप में डॉ गिरीश गुने, परियोजना अध्यक्ष के रूप में डॉ दीपक पुरोहित और परियोजना परामर्शदाता के रूप में डॉ राजीव प्रधान द्वारा किया गया था। यह पहली बार था जब पोलियो सुधारात्मक सर्जरी करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ एक विशेष शल्य चिकित्सा टीम अफ्रीका गई थी। जॉन और उनकी पत्नी आयो ने एक शाम के लिए उनकी मेजबानी की। भारत के उच्चायुक्त ने आधिकारिक दूतावास पर एक स्वागत समारोह का भी आयोजन किया।

पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी चिकित्सा मिशन के लिए एक स्वयंसेवक के रूप में वहां मौजूद थे और उन्होंने नाइजीरियाई स्वास्थ्य मंत्री को पुणे में निर्मित 20 इनक्यूबेटर सौंपे। तत्कालीन आरआरएफसी विनय कुलकर्णी ने अपने मंडल से पूरे इनक्यूबेटर जुटाए थे।

हम दो अस्पतालों में काम कर रहे थे, अबूजा में यूनिवर्सिटी टीचिंग और दूसरी तरफ फेडरल मेडिकल सेंटर। टीम को मर्मस्पर्शी अनुभव तब हुआ जब बोर्नो राज्य के मादुगुरी की मानद आयुक्त डॉ सलमा अनस-कोलो ने यूनिवर्सिटी टीचिंग अस्पताल का दौरा किया और कहा कि उनके राज्य के 45 बच्चे पोलियो सर्जरी के लिए इस अस्पताल की ओर जा रहे थे, लेकिन बस में गलत धारणा दी गई कि उनकी नसबंदी की जाएगी और बच्चे और उनके माता-पिता भाग गए। वह उनमें से 15 को वापस लाने में सफल रही और उनकी सर्जरी की गई थी। वह उन्हें ठीक होते देखकर इतनी रोमांचित थी कि उन्होंने वापस जाने और सकारात्मक संदेश फैलाने का वादा किया।

बच्चों को बसों से लाया गया था और हम हमेशा बसों की निगरानी करते थे क्योंकि हमें डर था कि बोको हराम के लोगों द्वारा बसों को हाईजैक कर लिया जाएगा। बसों का सुरक्षित आगमन बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि उनके बिना हमारे सर्जनों और डॉक्टरों कुछ नहीं कर पाते। बच्चों को एक छात्रावास में रखा गया था जो लगभग 15 मिनट की दूरी पर था।

कल्याण, जॉन और मैंने रोटरी की नाइजीरिया नेशनल पोलियोप्लस कमेटी के अध्यक्ष बुसुई ओनाबोलू को बदलने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सभा में टीआरएफ अध्यक्ष विल्फ विल्किंसन से मुलाकात की, क्योंकि वह पोलियोप्लस के तहत कुछ भी नहीं कर रहे थे और पीडीजी डॉ टुंजी फुंशो 2013 में इसके अध्यक्ष बने। इसके बाद, डॉ टुंजी और जॉन की अथक वकालत और प्रयासों के कारण नाइजीरिया अगस्त 2020 में पोलियो मुक्त हो गया।

जॉन आश्चर्यजनक बुद्धिमत्ता के साथ नैतिकता के प्रतीक थे। वह एक विश्वासपात्र और एक आदर्श व्यक्ति थे। हम आभारी है कि रोटरी ने हमें मिलाया। जॉन का हाथ अब परमेश्वर के हाथों में है। मैं उन्हें सलाम करता हूं।

*लेखक पूर्व रो ई अध्यक्ष है*

# रोटरी ने अध्यक्ष माजियाग्बे के रूप में एक प्रतिष्ठित रोटेरियन को खो दिया

**कल्याण बेनर्जी**

रोटरी जगत एक प्रतिष्ठित नाइजीरियाई, अफ्रीकी और अंतर्राष्ट्रीय शख्सियत जोनाथन बाबाटुंडे माजियाग्बे के निधन से दुखी है जो अपने 89वें जन्मदिन से कुछ सप्ताह पहले ही 27 मई को चल बसे।

लंदन विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक करने के बाद, उन्हें 1964 में इंग्लिश एंड वेल्स बार में बुलाया गया, 1965 में उन्होंने नाइजीरियाई लॉ स्कूल में भाग लिया और 1966 में उन्हें नाइजीरियाई बार में भर्ती कराया गया।

एक पथप्रदर्शक होने के नाते, वह 2003 में रो ई के एक सदी के इतिहास में उसके अध्यक्ष बनने वाले पहले अफ्रीकी थे और उन्होंने सभी अफ्रीकी रोटेरियनों को उन पर बहुत गर्व महसूस करवाया। एक सच्चे मानवतावादी और सभी लोगों के प्यारे होने के नाते, चाहे वे किसी भी जनजाति, धर्म, जाति या पंथ के हों, वह हमेशा *मदद करने के लिए तैयार* रहते थे, और स्वाभाविक रूप से, 2003 में रो ई अध्यक्ष के रूप में यहीं उनकी थीम भी बनी।

रो ई अध्यक्ष के रूप में उनकी स्थायी विरासतों में से एक परिवार को अपने फैमिली ऑफ रोटरी कार्यक्रम के साथ रोटरी गतिविधियों के मूल में रखना रहा है; परिवार पर रोटरी का ध्यान आज भी मजबूत बना हुआ है। उन्हें 1989 में विधान परिषद् में रोटरी में महिलाओं को प्रवेश देने के प्रस्ताव को आगे रखने के लिए भी याद किया जाएगा।

यदि रोटरी अंतर्राष्ट्रीय ने अफ्रीका को पोलियो मुक्त बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाई, तो अध्यक्ष माजियाग्बे ने शुरुआत से अफ्रीका में पोलियो उन्मूलन प्रयासों का नेतृत्व किया और वह अफ्रीका क्षेत्रीय पोलियोप्लस समिति के प्रथम अध्यक्ष थे। रो ई अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने, अपने पूर्ववर्तियों और उत्तराधिकारियों की तरह, हमारे पोलियोप्लस कार्यक्रम को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ज़ोर और संसाधन दिया ताकि हम दुनिया के बच्चों के लिए अपना वादा पूरा कर सकें; एक पोलियो-मुक्त दुनिया का वादा।

इसके बाद, उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय पोलियोप्लस समिति में कई वर्षों तक सेवा दी। वह नाइजीरियाई राष्ट्रीय पोलियोप्लस समिति के सलाहकार के रूप में हमारे पोलियो उन्मूलन प्रयासों में शामिल रहे और नाइजीरिया में पोलियो के अंत और 2015 में अफ्रीका को पोलियो मुक्त क्षेत्र के रूप में प्रमाणित होने तक कार्य करते रहे। वह अपने अंतिम दिनों तक अफ्रीकी पोलियोप्लस समिति के साथ शामिल रहे।

*नीचे दाईं ओर से: 2011 में न्यू ऑरलेन्स में रो ई कन्वेंशन में पीआरआईपी जोनाथन माजियाग्बे; पीआरआईपी राजेंद्र साबू; बिल गेट्स, सह-संस्थापक, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन; और पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी।*

माजियाग्बे ने रोटरी में हमारे लिए एक अमिट विरासत छोड़ी है। 1961 में उनके क्लब रोटरी क्लब कानो, जो नाइजीरिया का पहला क्लब भी था, की स्थापना के छह साल बाद वह उसमें शामिल हुए। अपनी अनुकरणीय सेवा के कारण उन्हें 1988 में रो ई के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया।

एक पूर्व निदेशक के रूप में, उन्हें भारत में एक मंडल सम्मेलन में रोटरी अध्यक्ष का प्रतिनिधित्व करने का कार्यभार सौंपा गया था। कच्छ में रोटरी क्लब भुज, रो ई मंडल 3050, ने वहां एक प्राथमिक विद्यालय प्रायोजित किया, जिसका नाम उनकी पत्नी एडे माजियाग्बे के नाम पर रखा गया था।

उन्हें 2001 में 2003-04 के लिए रो ई अध्यक्ष नामित किया गया था। दुर्भाग्य से, उनकी पत्नी एड गंभीर रूप से बीमार हो गई और लंदन में उनके इलाज के बावजूद, मई 2003 में उनका निधन हो गया।

वह जेबी मजियाग्बे एंड कंपनी के प्रमुख साझेदार थे, जो एक कानूनी फर्म थी जिसकी स्थापना उन्होंने 1971 में की थी। एक वकील के रूप में उनकी प्रतिभा के बावजूद, वह प्रचालन में आने से बहुत पहले ही मध्यस्थता के मार्ग की सलाह देने के लिए जाने जाते थे, भले ही उनकी कानूनी फर्म के लिए मुकदमेबाजी को आगे बढ़ाना अधिक लाभदायक होता। उन्हें 1980 में नाइजीरिया के वरिष्ठ अधिवक्ता (SAN) के प्रतिष्ठित पद से सम्मानित किया गया था, जो उत्तरी नाइजीरिया में किसी पेशेवर कानूनी व्यवसायी को पहली बार मिलने वाला सर्वोच्च सम्मान था।

**उन्हें 1989 में विधान परिषद् में रोटरी में महिलाओं को प्रवेश देने के प्रस्ताव को आगे रखने के लिए भी याद किया जाएगा।**

कानूनी वकालत और मानवता में उनके कई योगदानों के सम्मान में, माजियाग्बे को राष्ट्रीय सम्मान - ऑर्डर ऑफ द फेडरल रिपब्लिक ऑफ नाइजीरिया (OFR) - से सम्मानित किया गया। एक गैर-आदिवासी नाइजीरियाई होने के बावजूद, वह अपने मूल योरूबा के अलावा हौसा और इग्बो भाषा धाराप्रवाह बोलते थे। एक धर्मनिष्ठ ईसाई होते हुए भी उन्होंने मक्का में हज के लिए कई मुसलमानों को प्रायोजित किया।

उनके परिवार में पत्नी अयो माजियाग्बे और बेटा फोलोरुंशो मजियागबे है।

रोटरी जगत उनके नुकसान पर शोक व्यक्त करेगी, और हम सभी उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते है।

(PDG तुंजी फुंशो, अध्यक्ष, रोटरी नाइजीरिया राष्ट्रीय पोलियोप्लस समिति, की सहायता से लिखा गया)

*लेखक पूर्व रो ई अध्यक्ष है*

# रोटरी क्लब मद्रास नॉर्थ ने सफल महिलाओं का सम्मान किया

**टीम रोटरी न्यूज़**

रो ई अध्यक्ष जेनिफर जोन्स के नेतृत्व का सम्मान करने और उनकी थीम *इमेजिन रोटरी* का जश्न मनाने के लिए, रोटरी क्लब मद्रास नॉर्थ, रो ई मंडल 3232 ने रोटरी वर्ष 2022-23 के लिए इमेजिन उत्कृष्टता पुरस्कार की स्थापना की। यह पुरस्कार उन महिला नेताओं को मान्यता देता है जिन्होंने रोटरी के फोकस के सात क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है।

पीडीजी ISAK नज़र, पावई महिला कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि थे, जहां सात महिलाएं - कीर्ति जयकुमार, संस्थापक, लिंग सुरक्षा परियोजना; डॉ मनोरमा, संस्थापक, सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा सोसायटी; पद्मप्रिया टी एस, मुख्य कार्यकारी, सेनिटेशन फर्स्ट इंडिया; डॉ उमैयाल मुरुगेसन, प्रबंध निदेशक, श्री कुमारन हॉस्पिटल्स; अरुणा सुब्रमण्यम, प्रबंध ट्रस्टी, भूमिका ट्रस्ट; रिवर एनजीओ की संस्थापक मधु सरन और विधाई विधापोम की संस्थापक एस पद्मा प्रिया को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

*पीडीजी ISAK नज़र ने रोटरी क्लब मद्रास नॉर्थ के अध्यक्ष आनंद सरवनराज (बाएं) और सचिव जी विजयरागवन की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा सोसायटी के संस्थापक डॉ पी मनोरमा को पुरस्कार प्रदान किया।*

Rotary PEOPLE OF ACTION

# तुर्की के लिए कहानियों के माध्यम से धन जुटाना

किरण ज़ेहरा

रोटरी क्लब बैंगलोर व्हाइटफील्ड सेंट्रल, रो ई मंडल 3190, इंटरनेशनल सर्विस एवेन्यू की कल्चरल एक्सचेंज कमिटी के साथ, सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने और तुर्की में विनाशकारी भूकंप से प्रभावित लोगों की अत्यावश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्रवाई में जुट गया। रो ई मंडल 3190 के कल्चरल एक्सचेंज अध्यक्ष मनोज काबरे कहते है, ''सीमाओं के बंधन से परे एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में कहानी कहने की शक्ति को पहचानते हुए, हमने सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर



*जॉन रो, इंग्लैंड के एक कहानीकार।*

कंपनी ऐसनोवेशन और बेंगलुरु की स्टार्टअप इग्निशन टीम के साथ मिलकर एक अनोखे कार्यक्रम को तैयार किया, जिसमें 195 देशों के 195 कहानीकारों को एक साथ लाया गया, यह प्रदर्शित करते हुए कि कैसे प्रौद्योगिकी वैश्विक सम्बद्धता को बढ़ावा दे सकती है।''

*टर्न 2 तुर्की* शीर्षक वाला यह 24 घंटे का नॉन-स्टॉप ऑनलाइन कार्यक्रम ज़ूम प्लेटफॉर्म पर संपन्न हुआ, जिसने दुनिया भर से रोटेरियन और रोटरी के दोस्तों को आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में जापानी कामिशीबाई, रेखाचित्रों और अद्वितीय संगीत के साथ कहानियों को कहने की तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया गया। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, फ्रांस, मोरक्को, श्रीलंका, तुर्की और भारत के कहानीकारों ने इस सांस्कृतिक चित्रपट में योगदान दिया।

अंतर्राष्ट्रीय सेवा निदेशक शंकर शास्त्री और रश्मि टांकसली के समर्थन से, आयोजक दल ने 195 कहानीकारों के सहज समन्वय को व्यवस्थित किया

*लोरेंज़ो ऑगस्टा केलेंडर रोड़ आइलेंड, युएसए के एक कहानीकार।*

*डेस्टोइना अरिस्टीडो, ग्रीस से एक कहानीकार शिक्षिका।*

और उनके संबंधित टाइम ज़ोनों के आधार पर उनके सत्रों का समय निर्धारित किया। ऐसनोवेशन की सीओओ डॉ नीना गायत्री ने कार्यक्रम की एंकरिंग की, जबकि रो ई मंडल 2420, तुर्की, के डीजीएन डॉ मुराद अर्दक और रो ई मंडल 3190 के डीजी जितेंद्र अनेजा ने कार्यवाही का उद्घाटन किया।

जबकि सांस्कृतिक अंतर्दृष्टि और अनुभवों का आदान-प्रदान इस कार्यक्रम के केंद्र में रहा, अंतर्निहित उद्देश्य तुर्की के भूकंप प्रभावित लोगों के लिए धन जुटाना था। मंडल 3190 के सभी रोटरी क्लबों को तुर्की में प्रभावित समुदायों के लिए *rotary.org* में आपदा कोष में योगदान करने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया गया था।

ग्रीस की एक कहानी कहने वाली शिक्षिका डेस्पोइना अरिस्टीडो ने इस कार्यक्रम पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, ''हमने जो कहानियां सुनी और बताई, वे सुंदर थी, ज्यादातर विभिन्न देशों की लोक कथाएं थी। कहानियों में हम सभी को जोड़ने की शक्ति होती है; उनके माध्यम से मनुष्यों के रूप में हमारी समानताओं को इंगित करना आसान होता है। मुझे उम्मीद है कि हम भयानक भूकंप से पीड़ित अपने पड़ोसियों की मदद करने के लिए पर्याप्त धन जुटाने में कामयाब रहे। विचार और प्रार्थनाएं हमेशा अच्छी होती हैं, लेकिन धन जुटाने में मदद करना उनके साथ हमारी एकजुटता दिखाने का एक अधिक व्यावहारिक तरीका है।''

बेंगलुरु की एक कहानीकार गीता सुब्रमण्यन ने *टर्न 2 तुर्की* के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और इसे एक अच्छे कारण के लिए आयोजित एक अद्भुत कार्यक्रम के रूप में वर्णित किया। ''मैंने दुनिया के विभिन्न हिस्सों के अद्भुत कहानीकारों द्वारा प्रस्तुत उत्साहजनक और दिलचस्प कहानियों का पूरी तरह से आनंद लिया। इस आयोजन ने कहानीकारों के एक वैश्विक समुदाय को एक साथ लाया और एक नेक काम का समर्थन किया।'' ■

# स्वयं आवेदन करें

प्रत्येक वर्ष, रोटरी और द रोटरी फाउंडेशन का सहयोग करने वाली समितियाँ रोटरी की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं को क्रियान्वित करने पर अपना ध्यान केंद्रित करती हैं, जो हमें अपना प्रभाव बढ़ाने, अपनी पहुंच का विस्तार करने, प्रतिभागीयों की सहभागिता बढ़ाने और हमारी परिस्थिति के अनुरूप ढलने की क्षमता में वृद्धि की चुनौती देती हैं।

क्या आप रोटरी की सफलता में योगदान देना चाहेंगे।?
रोटरी वर्ष 2024-25 में हमें ऐसे योग्य रोटेरियन और रोटरेक्टर की तलाश है जो समिति में कार्य करते हुए अपने नेतृत्व कौशल का प्रयोग कर सकें। ये पद आपको अपनी व्यापारिक योग्यता और हुनर को साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं और प्रत्येक समिति के भीतर विविध दृष्टिकोण रखने में सहायक होते हैं। चार्ट में वर्णित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी इसमें आवेदन कर सकते हैं। नियुक्तियों की संख्या सीमित है। यदि किसी कारण आप इस वर्ष चयनित नहीं हो पाते तो अगले वर्ष पुनः आवेदन कर सकते हैं।

सभी समितियां ईमेल और आभासी मीटिंग के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में रहती हैं, और आम तौर पर प्रति वर्ष एक व्यक्तिशः बैठक करना अनिवार्य है। विशेषकर रोटरी और रोटारैक्ट दोनों की सदस्यता रखने वालों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

समिति की सदस्यता के बारे में और अधिक जानकारी या नियुक्ति के लिए किसी की अनुशंसा करने के लिए *on.rotary.org/application*2023 पर जाएं। आवेदकों का *my.rotary.org* पर पंजीकृत होना अनिवार्य है और यह निश्चित करें कि माई रोटरी प्रोफाइल में आवेदकों की वर्तमान संपर्क जानकारी उपलब्ध है। आवेदन 15 अगस्त तक कर सक्ते हैं।

## Committee openings

| Area of Expertise | Function on Committee | Prerequisites | Openings & Commitment |
|---|---|---|---|
| **Audit** | Advises leadership on audited financial reports, internal and external audits, and internal control systems | Independence, appropriate business experience, and demonstrated financial literacy in accounting, auditing, banking, insurance, investment, risk management, executive management, or audit governance. | **One position** with a four-year term |
| **Communications** | Advises leadership on Rotary's overall public image, branding, communications, content strategy and approach | Professional background and experience in internal and external communications, marketing, public image, brand and content strategy. | **Two positions** with three-year terms |
| **Diversity, Equity and Inclusion** | Advises leadership on the implementation of a diversity, equity and inclusion action plan | Professional or educational experience related to diversity, equity and inclusion. | **Two to four positions** with terms of up to three years |
| **Finance** | Advises the RI Board on Rotary's finances, including budgets, investment policy and sustainability measures | Professional background in a finance-related field; nonprofit experience preferred. Candidates should have experience in financial matters at the club and district levels. | **Two positions** with three-year terms |
| **Fund Development** | Provides guidance and advice to the Trustees of The Rotary Foundation on all aspects of fundraising | Significant fund development or fundraising professional experience. Committee members actively fundraise and support the Foundation. | **Three positions** with three-year terms |

| Area of Expertise | Function on Committee | Prerequisites | Openings & Commitment |
|---|---|---|---|
| **Learning** | Advises leadership with respect to creating effective learning opportunities for Rotary leaders and members | Adult learning expertise within or outside Rotary. Experience in the professional learning field including e-learning and/or with planning and implementing learning events at the member, club, district, zone and international levels. | **Two positions** with three-year terms |
| **Operations Review** | Advises leadership on the effectiveness of operations, administrative procedures, and standards of conduct. Serves as the advisory compensation committee to the Executive Committee of the RI Board. | Experience in management, leadership development, or financial management, and thorough knowledge of Rotary's operations. Appointments are limited to past RI directors and past Foundation trustees. | **One position** with a six-year term |
| **Strategic Planning** | Advises leadership on matters regarding the strategic plan | Significant experience in long-term planning, financial management, and RI and Foundation programme activities. | **Two positions** with four-year terms |
| **Technology** | Advises leadership with respect to enhancing technology practices, products, and strategy to improve the member and participant experience at Rotary | Expertise in technology development, security and data privacy, product and project management, and user/participant experience. Non-Rotarian technology experts may be appointed. | **Two positions** with three-year terms |


क्या आपने
रोटरी न्यूज़ प्लस
पढ़ा है?
या यह आपके जंक
फोल्डर में जा रही है?

हम हर महीने आपकी परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए ऑनलाइन प्रकाशन **ROTARY NEWS PLUS** निकालते हैं। यह प्रत्येक सदस्य को महीने के मध्य तक ई-मेल द्वारा भेजा जाता है।

*रोटरी न्यूज़ प्लस* हमारी वेबसाइट www.rotarynewsonline.org पर पढ़ें।

# निरंतर छुट्टियाँ

प्रीति मेहरा

**जैसा कि कहा जाता है, भूमंडल की खोज करें और अपने पदचिन्ह के अलावा कुछ भी न छोड़ें।**



गर्मी शुरू हो गई है और ऐसे समय में पहाड़ों पर जाना अच्छा लगता है लेकिन हम अपनी छुट्टियों को सार्थक कैसे बना सकते हैं? आपकी यात्रा को एक खुशहाल, जिम्मेवार और सबसे महत्वपूर्ण बात पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं।

यदि आप हवाई यात्रा कर रहे हैं तो केवल एक बार उड़ान भरने की विकल्प को चुनना चाहिए क्योंकि बार- बार लैंडिंग और टेक ऑफ कार्बन उत्सर्जन को बढ़ाते हैं। यदि आप समूह में यात्रा नहीं कर रहे हैं तो गाड़ी चलाने की बजाए हवाई यात्रा करना ज्यादा बेहतर हो सकता है। यदि आप समूह में हैं, तो सड़क मार्ग सबसे सतत माध्यम है क्योंकि आपके द्वारा खर्च किए गए संसाधनों को आप कई लोगों के साथ साझा करते हैं, जिससे आपका कार्बन प्रिंट कम होता है।

यदि आप किसी ट्रेवल एजेंसी द्वारा 'पर्यावरण के अनुकूल' यात्रा करने की योजना बना रहे हैं तो यह निश्चित करें कि वास्तव में यात्रा पर्यावरण के हित में ही हो। सही शब्दों में, एजेंसी कहीं अपनी मार्केटिंग हुनर के तहत सिर्फ आपको यह तो नहीं बता रही कि यह यात्रा पर्यावरण - जागरूक है।

कभी- कभी वास्तविकता जाने बिना 'जैविक' और 'प्राकृतिक' जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है। मार्केटिंग कला के धोखे से बचने के लिए थोड़ा सा अध्ययन कर लेना गलत नहीं होगा। जाँच कर लें कि क्या 'हरित संगठनों' ने यात्रा एजेंसी के काम और हॉलिडे पैकेजों का समर्थन किया है। क्या स्थानीय लोगों की मदद और स्थानीय सामग्री वास्तव में उपयोग में लाई जाती है और क्या उन स्थानों का, जहाँ आप ठहरने वाले हैं, पानी और कचरे का पुनर्चक्रण (रिसाइकल) होता है और सबसे महत्वपूर्ण बात क्या एजेंसी स्थानीय लोगों और उनकी संस्कृति, जिससे वे आपका परिचय कराएंगे, के प्रति संवेदनशील है।

याद रखें सही में हरित सैर-सपाटा जब भी जिन स्थानों की सैर करता है, उन स्थानों और लोगों को सही में गले लगाता है, और उन स्थानों और लोगों की अर्थव्यवस्था छीनने और अपने कचरे से उनके पर्यावरण को प्रदूषित करने के बजाए स्थानीय लोगों की अर्थव्यवस्था में योगदान देने की कोशिश करता है। इसलिए यात्रा ऑपरेटर और परिवहन का आकलन करने की कोशिश अवश्य करें।

कोई भी आपसे छुट्टी के दौरान एक पर्यावरण कार्यकर्ता की भूमिका निभाने की अपेक्षा नहीं करता है, लेकिन कुछ सरल पूछताछ से फर्क पड़ सकता है। उदाहरण के लिए आप उस होटल जहाँ आप ठहरे हुए हैं के पुनर्चक्रण (रिसाइकिल) कार्यक्रम की जाँच कर सकते हैं। यदि कहीं कोई कमी है तो आप इसे दिखा सकते हैं। अधिकांश आतिथ्य संस्थान अतिथियों की प्रतिक्रिया को काफी गंभीरता से लेते हैं।

पहाड़ो पर छुट्टियाँ मनाने का मतलब हमेशा छोटी या लंबी सैर पर जाना होता है और ऐसे में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता फर्क ला सकती है। ट्रेक की योजना बनाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि उन दिनों में मौसम साफ हो ताकि आप कहीं फंस न जाएँ और किसी तरह की बचाव की जरूरत न पड़े। अनुभवी पर्वतारोही आपको बताएँगे कि परिचित रास्तों का पालन करना सबसे अच्छा होता है ताकि आप पौधों को किसी तरह से नुकसान न पहुँचा पाएँ, साथ ही कीड़े- मकोड़ों की घरों को भी खराब करने की संभावना काफी कम होती है और आप खुद को संक्रमित या कीड़ों के काट लेने से बचा सकते हैं।

जो लोग ट्रेक पर जाते हैं उनकी एक खराब आदत होती है कि वे बिना सोचे समझे प्लास्टिक के कप, बोतलें और कचरे कहीं भी फेंक देते हैं।

हिमालय में किसी भी पगडंडी पर जाएँ या खूबसूरत झीलों के किनारे चलें तो आप देखेंगे कि आगंतुकों द्वारा चिप्स के खाली पैकेट और विभिन्न तरह के कचरे बिखरे हुए मिलेंगे। वृहद रूप में प्रकृति की खोज करते समय, एक हल्का थैला कचरों के रखने के लिए ले जाना बुरी बात नहीं होगी ताकि बाद में कचरे को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटाया जा सके।

ट्रेकर्स और ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टियाँ बिताने वालों को एक नियम सख्ती से पालन करना चाहिए कि वे जंगली जीवों को खिलाने या पालतू बनाने की कोशिश न करें। भारत भर में पक्षियों, हिरण और बंदर को पर्यटकों द्वारा खिलाया जाना एक समान्य दृश्य है। आप उन्हें खिलाकर बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं क्योंकि वे अपने भोजन के लिए इंसानों पर निर्भर होने लगते हैं। जंगल में कुछ जीव यह भी भूल जाते हैं कि खुद का बचाव कैसे करना है और सचमुच अपने भोजन के लिए पर्यटकों का इंतजार करने लगते हैं। इससे जानवर कमजोर हो जाते हैं।

जानवरों का मनोरंजन के लिए इस्तेमाल करने की एक कुप्रथा बन गई है। हाथी और ऊँटकी सवारी इसका उदाहरण है। अक्सर ये जानवर अपने स्थान से हटा दिये जाते हैं और उनसे अधिक काम लिया जाता है। ऊँट जो कि मरुस्थलीय स्थानों में रहने के लिए बने हैं, उन्हें नम समुद्र तटों पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए लाया जाता है, ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा नहीं देनी चाहिए।

जो लोग छुट्टियों पर सैर के लिए जाते हैं उन्हें वापस लौटते समय पुस्तिका, ब्रोशर और मानचित्रों को पर्यटक कार्यालयों को लौटा देनी चाहिए न कि उसे किसी होटल के कचरे के डब्बे में फेंकें, इससे यह निश्चित हो जाता है कि उनका पुनः उपयोग किया जाएगा। यह सही में एक संवेदनशील कार्य होगा यदि हम पढ़ी हुई पुस्तिका को पढ़ने के बाद वापस कर दें।

छुट्टियों में खरीददारी पर एक शब्द- दूर से लाये गए उत्पादों की बजाए स्थानीय निर्मित उत्पादों को खरीदें। हिमाचल एक पहाड़ी स्थान पर जाकर मुंबई में बने स्मारिका या गहने को खरीदने में वास्तव में कोई आनंद नहीं आता। दूर से इस तरह के उत्पादों को लाने में बहुत अधिक कार्बन फूट प्रिंट वातावरण को दूषित करता है। इसके अलावा लुप्त होते पौधों या जानवरों या दुर्लभ लकड़ी से बने उत्पादों को न खरीदें। खिलौने के जानवर अक्सर पर्यटकों को बेचे जाते हैं और आपको ऐसे सामान बेचने वाले व्यापारियों को सख्त मना कर देना चाहिए।

अंत में छुट्टी पर जाते समय पुनः प्रयोग में लाये जाने वाले पानी की बोतल ले जाना न भूलें। और हाँ, खरीददारी के लिए एक कपड़े का थैला भी साथ रखें। यह आपको उन प्लास्टिक थैले पर निर्भर होने से बचाएगा जो दुकानदार बहुत खुश होकर आपको देते हैं।

*लेखिका एक वरिष्ठ पत्रकार हैं,*
*जो पर्यावरण के मुद्दों पर लिखती हैं।*

# Subscribe NOW!

## for Rotary News Print Version & e- Version

## For the Rotary year 2023 – 2024

### Annual Subscription (India)

| Print version | e-Version |
|---|---|
| ₹480/- | ₹420/- |

Print version ☐ e- Version ☐

| | English | Hindi | Tamil |
|---|---|---|---|
| No. of Copies | | | |

For every new member the pro-rata is ₹40 a month.

Please attach the TYPED list of individual members with their complete address, PIN code, Mobile number and e-mail ID. Intimate language preference (English/Hindi/Tamil) against each member's name.

Payments can be made online at

**HDFC Bank, Montieth Road,**
**Egmore, Chennai.**
**Rotary News Trust**
**SB A/c No 50100213133460**
**IFSC: HDFC0003820**

Scan here to pay

Email us the UTR Number, Club Name, President/ Secretary's name, Amount and Date of Transfer.

Rotary Club of ..... RI District .....

Name of the President/Secretary .....

Address .....

.....

.....

City ..... State ..... PIN ☐☐☐☐☐☐

STD Code ..... Phone: Off. ..... Res. .....

Mobile ..... E-mail .....

Cheque/DD No. ..... Dated ..... for Rs. .....

Drawn on .....

in favour of "**ROTARY NEWS TRUST**" is enclosed.

Date: President/Secretary

Mail this form to:
Rotary News Trust, Dugar Towers, 3rd Floor, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008.
Tamil Nadu, India. Ph: 044 4214 5666, e-mail: rotarynews@rosaonline.org

Rotary PEOPLE OF ACTION

# एक झलक

टीम रोटरी न्यूज़

## बिचोलिम में बेघरों के लिए घर

*आईपीडीजी वेंकटेश देशपांडे, रोटरी क्लब बिचोलिम के सदस्यों के साथ, क्लब द्वारा निर्मित घर पर।*

डीजी वेंकटेश देशपांडे ने रोटरी क्लब बिचोलिम, रो ई मंडल 3170 द्वारा निर्मित घर की चाबियां एक ऐसे परिवार को सौंपी, जिन्होंने पिछले साल भारी बारिश के कारण महाराष्ट्र-गोवा सीमा पर एक गांव में अपनी मिट्टी का घर खो दिया था। जिन परिवारों के सिर पर छत नहीं है, उनके लिए क्लब द्वारा बनाया गया यह 21वां घर है। ■

## क्रिकेट के ज़रिये जागरूकता

*पीडीजी पी गोपालकृष्णन और पीडीजी एस राजेंद्रन ने रोटरी क्लब करूर टेक्सिटी क्रिकेट टीम के कप्तान सीबी कार्तिक को विजेता का कप प्रदान किया*

रोटरी क्लब करूर यंग जन, रो ई मंडल 3000, ने आँतों के कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। विभिन्न युवा संगठनों जैसे बीएनआई, जेसीआई, यी, वायईएस, सीएनआई और अन्य रोटरी क्लबों की बारह टीमों ने खेल में भाग लिया। ■

## सिलाई मशीनें दान की गईं

*सिलाई मशीनें प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के साथ मल्लीना।*

रोटरी क्लब तनुकु, रो ई मंडल 3020 रामचन्द्र राव ने 42 वंचित महिलाओं को 3 लाख की सिलाई मशीनें दान की। परियोजना की लागत का 85 प्रतिशत क्लब की सदस्य मल्लिना रामचंद्र राव ने अपनी फर्म गौतमी सॉल्वैंट्स के माध्यम से प्रायोजित किया था, जबकि शेष 15 प्रतिशत रोटेरियनों द्वारा वहन किया गया। ■

## एक ग्रामीण स्कूल के लिए शौचालय खंड

*स्कूल में टॉयलेट खंड के उद्घाटन के बाद IPDG कैलाश जेठानी के साथ क्लब के सदस्य।*

IPDG कैलाश जेठानी ने महाराष्ट्र के अंबरनाथ में ज्ञानमृत विद्यालय में रोटरी क्लब अंबरनाथ स्मार्ट सिटी, रो ई मंडल 3142, द्वारा निर्मित एक नए शौचालय खंड का उद्घाटन किया। ■

संगीत और माधुर्य

# खुशनुमा संगीत के फनकार

एस आर मधु

शम्मी कपूर के करियर में परिवर्तन के लिए कौन ज़िम्मेदार है, जिसकी शुरुआत 17 फ्लॉप फिल्मों से हुई? फिर 1957 में आई उनकी 18वीं फिल्म संगीतमय रोमांटिक *तुमसा नहीं देखा,* जिसमें ओपी नय्यर का संगीत था और जिसमें शम्मी का पुनर्जन्म हुआ था - तेज़तर्रार, स्टाइलिश, और मस्ती के साथ गाने गाते हुए, जिसने युवा भारत को जकड लिया था। *जवानियां ये मस्त मस्त, तुमसा नहीं देखा,* और *छिपने वाले सामने* आ युवाओं में पूरी मस्ती के साथ गूंजा था। शम्मी कपूर ने कहा था, ''ओपी नैय्यर ने मुझे गाना सिखाया, मुझे नाचना सिखाया, उन्होंने मुझे एक नई ज़िन्दगी दी।''

और फिर 1964 में आई ओपी और शम्मी कपूर की ब्लॉक बस्टर फिल्म *कश्मीर की कली।* जिस ने ऐसी ही सनसनी मचा दी थी। कश्मीर की वादियों और झीलों के बीच शर्मिला टैगोर के साथ रोमांस करते शम्मी कपूर पर फिल्माया गया गीत *दीवाना हुआ बादल* को अलौकिक प्रेमगीत'' के रूप में वर्णित किया गया है। *ये चाँद सा रोशन चेहरा* ने न सिर्फ अपने प्रशंसकों को मोह लिया था बल्कि यह शम्मी का भी पसंदीदा गीत था। एक बार जब उन्हें अपने गानों के लाइव शो में आमंत्रित किया गया तो बोले कि वह तभी आएंगे जब यह गाना बजाया जाएगा! शंकर-जयकिशन से पहले नैय्यर ने शम्मी कपूर की *जंगली* छवि स्थापित कर दी थी!

उनके देहांत को सोलह साल हो गए हैं लेकिन आज भी ओपी के प्रशंसकों की



*संगीतकार ओ पी नैय्यर*

अलग जमात है, जो उत्साह, उल्लास, आशा और उत्सव से भरपूर उनके नशीले गीतों से जुड़े हैं। उनके गीत रोमांस में डूबे हैं, कॉमेडी से गुदगुदाते हैं, तड़क-भड़क वाले कैबरे और भांगड़ा गीतों को ऊर्जा से सराबोर कर देते हैं। लेखक गणेश अनंतरामन ओपी को उम्मीद की धुन के रचयिता कहते हैं। ''हम पंजाबी लोग भोले भाले, सीधे सादे, जिन्हें कोई चालाकी नहीं आती।'' ओपी ने एक बार टिप्पणी की थी, ''हमारा संगीत भी ज़ोरदार है, जो ऊर्जा से भरपूर है, सटीक है, तेज-तर्रार है।'' पंजाबी और वेस्टर्न बीट्स के फ्यूजन ने उन्हें रीमिक्स इंडस्ट्री का चहेता बना दिया।

उन्होंने 79 फिल्मों में संगीत दिया; सकारात्मकता के अलावा,उनके गाने उत्कृष्ट माधुर्य, मदहोश धुनों, लय और शानदार आर्केस्ट्रा के लिए मशहूर हैं। गीता दत्त ने कहा था, ''रचना में वह शब्दों को नहीं, भावनाओं को पिरोते थे।'' वो इतनी प्रभावित थीं की जिस फिल्म में उनका संगीत हो उसके लिए अपनी फीस कम करने के लिए तैयार थीं।

उनकी सबसे लोकप्रिय फिल्में - *आर पार, सीआईडी, मिस्टर एंड मिसेज 55, नया दौर, तुमसा नहीं देखा, सोने की चिड़िया, हावड़ा ब्रिज, एक मुसाफिर एक हसीना, कश्मीर की कली, मेरे सनम, फिर वही दिल लाया हूं, बहारें फिर भी आएंगी* - बॉलीवुड संगीत के मील के पत्थर हैं। उन्होंने पाकिस्तान में भी खूब धमाल मचाया, लाहौर में लोगों ने उन्हें धरती का बेटा कहा।

उन्होंने फुट-टैपिंग ''तांगा बीट'' गानों को अपना ट्रेडमार्क बना लिया था। भारत के महानगरों में ओपी लाइव शो में *मांग के साथ-तुम्हारा (नया दौर, 1957), पिया पिया पिया (बाप रे बाप, 1957)* जैसे गाने हमेशा रहते थे; *ऐ दिल है मुश्किल (सीआईडी, 1956) और यूं तो हमने लाख हसीं (तुमसा नहीं देखा, 1957)।*

मोहम्मद रफ़ी ने इस सूची में उनके अंतिम गीत की प्रशंसा कुछ यूँ की: *यूँ तो हमने लाख संगीतकार देखे हैं, ओपी सा नहीं देखा।*

*मोहम्मद रफ़ी, ओ पी नैय्यर और गीता दत्त।*

## उनके संगीत की झलक

ओपी को ''ताल के बादशाह'' का खिताब दिया गया था। कुछ का कहना है कि यह लेबल अनुचित है क्योंकि वह राग के भी उस्ताद थे। पेश हैं उनके कुछ प्रसिद्ध गीतों की झलकियां हैं।

- *बाबूजी धीरे चलना* - गीता दत्त द्वारा प्रस्तुत (*आर पार,* 1954); अपने समय की जबरदस्त फिल्म।
- *मांग के साथ तुम्हारा* (1957)- इस अमर गीत के लिए रफी और आशा, दिलीप वैजयंती और ओपी की धुन में एक साथ नज़र आए।
- *ऐ दिल है मुश्किल जीना यहां* - गीता और रफी (*सीआईडी,* 1956)। जॉनी वॉकर पर फिल्माया गया *मुंबई मेरी जान* एक बहुत ही उत्साहपूर्ण गीत। लेकिन ओपी ने इसकी धुन रोमांटिक वेस्टर्न गीत *ओ माय डार्लिंग, क्लेमेंटाइन* से ली थी। यह गाना 1956 के *बिनाका गीतमाला* के चार्ट में शीर्ष पर पहुंचा था।
- *आइये मेहरबान* - आशा भोंसले, *हावड़ा ब्रिज, 1958।* इस सदाबहार नाइट क्लब नंबर में मधुबाला विस्मृत करती है, आशा झूमती हैं और ओपी की धुन मंत्रमुग्ध कर देती है।
- *जाइये आप कहां जाएंगे* (आशा, *मेरे सनम,* 1965)। लता खुद इसे गुनगुनाना पसंद करती थीं इससे बेहतर तारीफ और क्या हो सकती है!
- *कजरा मोहब्बत वाला* - रफी और शमशाद *(किस्मत, 1968)।* महिला बने बिस्वजीत और पुरुष बनी बबीता पर फिल्माया गया यह थिरकता युगल जबरदस्त हिट हुआ था।

**उनके देहांत को सोलह साल हो गए हैं लेकिन आज भी ओपी के प्रशंसकों की अलग जमात है, जो उत्साह, उल्लास, आशा और उत्सव से भरपूर उनके नशीले गीतों से जुड़े हैं।**

## उनका जीवन और करियर

ओपी का जन्म 1926 में लाहौर में डॉक्टरों, इंजीनियरों और नौकरशाहों के परिवार में हुआ था। बचपन कष्टदायक रहा - अपने माता-



**ऊपर से दक्षिणावर्त:**

- *(बाएं से) ओपी नैय्यर, निर्देशक शहीद लतीफ, गीतकार अंजान साहब और अभिनेता-निर्माता गुरु दत्त;*
- *एस डी बर्मन और ओपी नैय्यर;*
- *रफ़ी, गीतकार कवि प्रदीप और आशा भोसले के साथ;*
- *नौशाद और जयकिशन के साथ;*
- *शम्मी कपूर के साथ;*
- *आशा भोंसले के साथ।*

पिता द्वारा लगातार पिटाई, टाइफाइड से पीड़ित, यहां तक कि एक बार उन्हें पागल कुत्ते ने भी काट लिया था। बाद में उन्होंने कहा कि उनके संगीतमय पागलपन के लिए वही पागल कुत्ता जिम्मेदार था!

लेकिन शीघ्र ही उनकी संगीत प्रतिभा को पहचान मिली। वे 12 वर्ष के उम्र में गायन और अभिनय दोनों कर रहे थे। 15 साल की उम्र में, वह आकाशवाणी के लिए गाने तैयार कर रहे थे।

1947 में विभाजन में उनका परिवार भारत आ गया, लेकिन ओपी ने लाहौर छोड़ने से इनकार कर दिया। बाद में, जब उग्र भीड़ ने उनके मुस्लिम पड़ोसी से उस हिंदू लड़के को सौंपने की धमकी दी जिसे उसने छिपा रखा था। पिछले दरवाजे से किसी तरह ओपी छिप कर भाग निकले। नवंबर 1947 में वो अमृतसर निकल लिए।

उन्होंने संगीतकार के रूप में फिल्म *आसमान* के साथ फिल्म निर्माता दलसुख पंचोली के साथ शुरुआत की। कुछ बहुत अच्छे गानों के बावजूद फिल्म फ्लॉप हो गई, गुरुदत्त की *बाज़* सहित उनकी अगली दो फिल्में भी औंधे मुंह पडी। तीनों के टाइटल का आसमान से कोई ना कोई सम्बन्ध था, लेकिन ओपी का करियर जमीन से नहीं उठ पाया ।

जब उन्हें अपना भविष्य अंधकार में लग रहा था, गीता दत्त ने इस संगीतकार का नाम अपने पति को उनकी अगली फिल्म *आर पार* (1954) के लिए सुझाया था। इसके संगीत ने जादू कर दिया। आठ के आठ गाने हिट। ऐसा कहा जाता है कि बैजू बावरा और अनारकली की शास्त्रीय धुनों में डूबी जनता के लिए, आर पार की मजबूती, ताल, और इसके शोख, नटखट, कामुक गीत ताज़गी ले कर आये थे।

*आर पार* के साथ ओपी ने करियर की दूसरी पारी की शानदार शुरुआत की। *सीआईडी* (1956) बेहद सफल रही; फिर से, इसके सभी छह गाने हिट रहे। *ऐ दिल है मुशकिल जीना यहां,* (जॉनी वॉकर के लिए रफी), और *ले के पहला पहला प्यार* (रफी, गीता दत्त और शमशाद) ने संगीत की दुनिया में धूम मचा दी। *मिस्टर एंड मिसेज 55,* मधुबाला-गुरुदत्त स्टारर ज़बरदस्त हिट भी थी।

अचानक, ओपी के साथ सब कुछ बढ़िया होता ही चला गया। सितारा कलाकार दिलीप और वैजयंती अभिनीत 1956 की *नया दौर* ओपी की बहुमुखी प्रतिभा का उदाहरण है। इसका एक उत्कृष्ट कोरस गीत (*साथी हाथ बढ़ाना,* एक जोशीला देशभक्ति गीत *(ये देश है वीर जवानों का)* और अविस्मरणीय *मांग के*



*साथ तुम्हारा* था। इस सब से ऊपर, नौशाद रचित ओपी का बेहद खूबसूरत गीत *आना है तो आ* किया, एक ऐसा गीत जिसे विशुद्ध पूर्णता का प्रतीक कहा जाता है। *नया दौर* के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ संगीत का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था।

*नया दौर* से बॉलीवुड की सबसे सफल साझेदारियों में से एक शुरू हुई, ओपी और आशा भोसले के बीच। यह साझेदारी संगीतमय और भावनात्मक ही दोनों थी और 16 साल तक चली। ओपी की वजह से ही आशा अपनी बहन लता की परछाईं से बाहर आईं। उन्होंने आशा की आवाज़ को ही नहीं ढाला बल्कि उनकी प्रतिभा को तराशने में भी उनका योगदान है, वह 1957 से 1974 तक उनकी लगभग अनन्य महिला गायिका रहीं, फिर वे अलग हो गए। आशा ने ओपी के लिए 60 फिल्मों में 324 गाने गाए, जिसमें 167 सोलो शामिल हैं - गीता (62 गाने) और शमशाद (39 गाने) के कुल गानों से तीन गुना अधिक।

1958 के *हावड़ा ब्रिज* से आशा-ओपी जोड़ी प्रकाश में आई। आशा ने इस फिल्म में कई गाने गाए हैं, जिनमें एक नाइट क्लब में मधुबाला के शानदार नृत्य पर फिल्माया गया आइकॉनिक *आईये मेहरबान* भी शामिल है।

50 के दशक के बीच के बाद से अवाम पर ओपी का इतना असर हुआ कि अन्य संगीतकारों पर उनकी शैली को अपनाने का दबाव हो गया था। जिन निर्माताओं को वो महंगे लगे - *नया दौर* के बाद वो प्रति फिल्म एक लाख रुपये लेने लग गए थे - वो अन्य संगीतकारों की तरफ चले गए, लेकिन उनसे ओपी-शैली में गाने बनाने का अनुरोध करते थे। रवींद्र केलकर प्रलेखित अध्ययन मओपी से प्रभावित संगीतकारफ में शंकर जयकिशन और मदन मोहन जैसे कोटि के संगीतकारों का भी उल्लेख है। परिणाम: बाजार में ओपी के कई क्लोन खड़े हो गए और असली को इसका खामियाजा उठाना पड़ा।

**_बैजू बावरा_ और अनारकली की शास्त्रीय धुनों में डूबी जनता के लिए, _आर पार_ की मजबूती, ताल, और इसके शोख, नटखट, कामुक गीत ताज़गी ले कर आये थे।**

1961 में ओपी की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई थी। उन्होंने गीत और माधुर्य की गुणवत्ता को और मजबूत कर अपनी संगीत शैली को नया रूप देने का फैसला किया। उन्होंने गीत की मिठास बढ़ाने के लिए सारंगी के साथ सितार, सरोद और शहनाई का जम कर प्रयोग किया।

1960 का दशक भारत और विदेशों में नयाभिराम लोकेशंस पर फिल्माइ गई रोमांटिक फिल्मों का दशक था- ओपी के पुनर्जागरण के लिए एक आदर्श स्थिति, जो उनकी कई सुपरहिट फिल्मों के साथ हुआ, जिनमें *आप यूँ ही अगर* (रफी और आशा, *एक मुसाफिर एक हसीना,* 1962) शामिल हैं; *बंदा परवर, थाम लो जिगर* (रफी), *फिर वही दिल लाया हूं,* 1963);

*दीवाना हुआ बादल* (आशा-रफी) *जाइये आप कहां जाएंगे, आपके हसीन रुख* (रफी, *बहारें फिर भी आएँगी* 1967).

आपस में हुए मतभेद की वजह से आशा-ओपी की जोड़ी 1972 में फिल्म *प्राण जाए पर वचन ना जाए* के बाद आगे नहीं चल पाई। यह एक कड़वी बिदाई थी। हालांकि इस फिल्म में आशा के गीत *चैन से हम को कभी* को फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था लेकिन आशा ने इसे स्वीकार नहीं किया।

आशा के जाने के बाद ओपी के काम को वो प्रतिष्ठा नहीं मिली। आशा के साथ अपने अफेयर को लेकर वह बहुत पहले ही अपने परिवार से अलग हो गए थे। उन्होंने संगीत से दूरी बना ली और होम्योपैथी का अध्ययन किया (उन्होंने मुफ्त होम्योपैथ और ज्योतिष सेवाएं नि:शुल्क प्रदान कीं)।

उन्होंने अपने अंतिम कुछ वर्ष ठाणे में एक प्रशंसक युगल के पेइंग गेस्ट के रूप में गुजारे, जहां 2007 में उनकी मृत्यु हो गई।



**ओपी फिल्म तकनीशियनों के प्रति विनम्र और दयालु थे। अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर ये व्यवस्था की कि तकनीशियनों को उसी दिन भुगतान किया जाना अनिवार्य है।**

ओपी अपनी शर्तों पर जीवन जिए। वह ज़रा भी अनादर या तिरस्कार को ना तो भूलते थे ना ही क्षमा करते थे। वे अकेले संगीतकार थे जिन्होंने लता मंगेशकर के साथ कभी काम नहीं किया। सार्वजनिक रूप से, दोनों ने किसी भी अनबन से इनकार किया (लेकिन शुरूआती गलतफहमी के कई किस्से मौजूद हैं)। ओपी ने कहा कि लता एक अच्छी गायिका हैं, लेकिन उनकी पतली आवाज उनके गीतों के अनुरूप नहीं थी। उसकी आवाज सैंकड़ों में एक थी, ओपी ने टिप्पणी की, जबकि आशा की आवाज़ हज़ारों में एक थी! 1992 में उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की लता ठुकरा दी

1992 में उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया लता मंगेशकर पुरस्कार ठुकरा दिया जिसके साथ ₹100,000 के का नकद पुरस्कार भी था। रुपये ठीक हैं, लेकिन ओपी ने कहा, ये कैसे हो सकता है एक संगीतकार किसी गायक के नाम का पुरस्कार स्वीकार करे?

समय के बहुत पाबन्द थे वो और बहुत सख्त। एक बार खुद रफी, उनकी कामयाबी में शरीक प्रमुख जोड़ीदार और नज़दीकी दोस्त, रिकॉर्डिंग के लिए देर से पहुंचे। शायद ओपी को सबसे ज्यादा परेशानी, रफी के देर से आने की वजह रही होगी, जब रफ़ी बोले - शंकर-जयकिशन के यहां गाने की रिकॉर्डिंग की वजह से देर हो गई। सभी को झटका लगा, जब ओपी ने रिकॉर्डिंग रद्द कर दी, और रफी के साथ काम करना बंद कर दिया। (उन्होंने कुछ समय के लिए महेंद्र कपूर से गाने गवाए थे।)

वह फिल्म तकनीशियनों के प्रति विनम्र और दयालु थे। उन लोगों के भुगतान में देरी करने का चलन था और वो भुगतान के लिए फिल्म निर्माताओं के चक्कर लगाया करते थे। ओपी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर ये व्यवस्था की कि तकनीशियनों को उसी दिन भुगतान किया जाना अनिवार्य है। जिसके लिए संघ ने तहे दिल से उनका धन्यवाद किया था। जब एक निर्माता ने संगीतकार खय्याम के भुगतान में देरी की तो उसमें भी उन्होंने अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए हस्तक्षेप किया था।

अपने अच्छे समय में, ओपी रईसों की तरह रहते थे। वो कैडिलैक चलाते थे, रोलेक्स घड़ी और एक फेडोरा टोपी पहनते थे, वाईएसएल सिगरेट पीते थे, जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल और बंबई में ताज में अक्सर खाना उनके शौक थे और बड़ी उदारता से टिप दिया करते थे। लेकिन बाद के वर्षों में उन्होंने खुद को सादगी में समेट लिया।

उनकी दरार के तीन साल बाद, रफी ने ओपी को फोन कर के माफी मांगी और दोनों गले मिले। ओपी ने कहा ''आप मुझसे बेहतर इंसान हैं क्योंकि आप ने तो अपना अहंकार तोड़ दिया लेकिन मैं आज तक इससे बाहर नहीं आ सका हूँ।''

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार और रोटरी क्लब मद्रास साउथ के सदस्य हैं*

*एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा।*

## अप्रैल 2023 तक मंडल टीआरएफ योगदान

(अमेरिकी डॉलर में)

| मंडल संख्या | एनुअल फण्ड | पोलियो प्लस फंड | एंडोमेंट फण्ड | अन्य निधि | कुल योगदान |
|---|---|---|---|---|---|
| **India** | | | | | |
| 2981 | 61,420 | 778 | 0 | 1,184 | 63,382 |
| 2982 | 57,899 | 7,013 | 14,684 | 75,739 | 155,335 |
| 3000 | 77,512 | 5,910 | 500 | 2,441 | 86,364 |
| 3011 | 112,725 | 18,424 | 27,127 | 775,644 | 933,919 |
| 3012 | 31,500 | 1,447 | 77,335 | 430,042 | 540,324 |
| 3020 | 148,818 | 23,509 | 57,652 | 2,155 | 232,134 |
| 3030 | 132,812 | 33,957 | 10,012 | 36,806 | 213,587 |
| 3040 | 28,347 | 2,422 | 0 | 124,031 | 154,800 |
| 3053 | 90,296 | 3,636 | 10,000 | 40,757 | 144,688 |
| 3054 | 30,171 | 1,474 | 8,434 | 94,741 | 134,820 |
| 3060 | 148,235 | 5,176 | 14,183 | 164,458 | 332,052 |
| 3070 | 120,816 | 9,968 | 53,544 | 11,347 | 195,675 |
| 3080 | 42,493 | 9,563 | 0 | 101,262 | 153,318 |
| 3090 | 19,462 | 0 | 6,253 | 0 | 25,715 |
| 3100 | 92,216 | 900 | 25,012 | 20,266 | 138,394 |
| 3110 | 69,134 | 454 | 25,317 | 970,556 | 1,065,460 |
| 3120 | 43,088 | 513 | 0 | 26 | 43,627 |
| 3131 | 532,456 | 14,394 | 121,887 | 1,430,617 | 2,099,354 |
| 3132 | 53,827 | 8,006 | 50,000 | 5,602 | 117,435 |
| 3141 | 956,173 | 47,328 | 168,599 | 3,561,184 | 4,733,285 |
| 3142 | 328,449 | 5,910 | 63,535 | 280,416 | 678,310 |
| 3150 | 117,437 | 35,063 | 168,353 | 68,202 | 389,055 |
| 3160 | 34,045 | 3,453 | 0 | 3,675 | 41,173 |
| 3170 | 276,795 | 43,078 | 21,506 | 54,450 | 395,830 |
| 3181 | 156,280 | 2,661 | 25 | 9,674 | 168,640 |
| 3182 | 89,785 | 5,667 | 0 | 11,260 | 106,712 |
| 3190 | 240,297 | 19,026 | 108,411 | 435,842 | 803,575 |
| 3201 | 259,612 | 41,291 | 72,133 | 824,178 | 1,197,214 |
| 3203 | 66,653 | 18,384 | 9,293 | 139,916 | 234,246 |
| 3204 | 26,457 | 2,178 | 0 | 17,668 | 46,303 |
| 3211 | 197,194 | 7,415 | 33,845 | 17,985 | 256,438 |
| 3212 | 378,044 | 169,749 | 329 | 113,806 | 661,928 |
| 3231 | 66,084 | 23,958 | 36,278 | 15,044 | 141,364 |
| 3232 | 129,487 | 77,592 | 112,253 | 873,591 | 1,192,924 |
| 3240 | 147,311 | 20,513 | 26,000 | 3,850 | 197,674 |
| 3250 | 38,250 | 315 | 0 | 59,195 | 97,760 |
| 3261 | 33,637 | 931 | 25,366 | 5,277 | 65,211 |
| 3262 | 54,682 | 818 | 700 | 34,165 | 90,364 |
| 3291 | 106,545 | 2,798 | 65,371 | 16,546 | 191,259 |
| **India Total** | **5,596,444** | **675,670** | **1,413,938** | **10,833,599** | **18,519,651** |
| 3220 **Sri Lanka** | 84,774 | 15,537 | 5,500 | 1,420 | 107,230 |
| 3271 **Pakistan** | 132 | 35,715 | 0 | 2,025 | 37,872 |
| 3272 **Pakistan** | 6,805 | 12,687 | 0 | 6,000 | 25,492 |
| 3281 **Bangladesh** | 84,271 | 6,651 | 24,125 | 207,520 | 322,567 |
| 3282 **Bangladesh** | 53,563 | 7,001 | 2,000 | 10,320 | 72,884 |
| 3292 **Nepal** | 198,878 | 20,766 | 96,174 | 78,514 | 394,332 |
| **South Asia Total** | **6,024,867** | **774,026** | **1,541,737** | **11,139,397** | **19,480,027** |

वार्षिक कोष (AF) में SHARE, फोकस के क्षेत्र, विश्व कोष और आपदा प्रतिक्रिया शामिल हैं।

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

शब्दों की दुनिया

# आत्मसात करने वाला अध्ययन

संध्या राव

**जिसे देखो अब्राहम वर्गीज़ की ताज़ा पेशकश की चर्चा कर रहा है, तो बाकी चीजों के साथ हम भी कर लेते हैं।**

यूट्यूब पर एक क्लिप वायरल हुई है जिसमें ओपरा विन्फ्रे अब्राहम वर्गीज से उनकी नवीनतम पुस्तक *द कॉवेनेंट ऑफ़ वॉटर* के बारे में बात कर रही हैं। प्रशंसा करते हुए वो बोली कि यह उनकी अभी तक की शीर्ष सबसे प्रिय तीन पुस्तकों में है, जिसमें टोनी मॉरिसन भी शामिल है। 'और मैं 3 साल की उम्र से पुस्तकें पढ़ रही हूं,' उन्होंने आगे कहा।

पेशे से डॉक्टर और चार पुस्तकों के लेखक, चिकित्सा सिद्धांत और अभ्यास के प्रोफेसर, वर्तमान में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी मेडिकल स्कूल में शिक्षा के वाईस चेयर हैं, मद्रास मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र रह चुके हैं। उनकी पहली दो पुस्तकें - *माई ओन कंट्री* और *द टेनिस पार्टनर* - चिकित्सा क्षेत्र में उनके अनुभवों पर आधारित हैं। तीसरी, *कटिंग फ़ॉर स्टोन* के लिए, उन्होंने कल्पना का सहारा लिया है। सफलतापूर्वक। अनेक पुरस्कार के अलावा, यह किताब लगातार दो साल तक *न्यूयॉर्क टाइम्स* की बेस्टसेलर सूची में बनी रही थी।

वर्गीज़ अपने पेशे चिकित्सा की तरह अपने लेखन के प्रति भी उतने ही संजीदा हैं, यह इस बात से पता चलता है कि उन्होंने कुछ समय के लिए चिकित्सा से अवकाश ले कर आयोवा यूनिवर्सिटी में राइटर्स वर्कशॉप में प्रवेश लिया और वहां से मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स की डिग्री ली। लेखन पाठ्यक्रमों में, आयोवा, विश्व में सबसे अधिक मांग वाले पाठ्यक्रमों में एक है। कुछ वर्ष बाद प्रकाशित *माई ओन कंट्री* से उनकी चिंतन प्रक्रिया का प्रवाह और उनकी सुगम लेखन शैली परिलक्षित होती है।




विस्तृत, फिर भी आकर्षक; खोजी, मगर सावधान; सांसारिक पर जमीन से जुड़ी हुई। और ओपरा के साथ उस क्लिप में, उन्होंने दोहराया कि उनके लिए, चिकित्सा का कार्य अन्य सभी चीजों से पहले है और ये उनके सभी लेखन में दिखता भी है: भीतर, ऊपर, अंदर तक व्याप्त चिकित्सा। इसके अतिरिक्त, कहानी का शिल्प और कला जिसमें आदमी फिसलता चला जाता है। कई तरीके से, अब्राहम वर्गीस एक प्राचीन कहावत को प्रतिपादित करते हैं: व्यस्ततम लोग किसी न किसी तरह से समय ही नहीं निकाल लेते, बल्कि समय का अधिकतम सदुपयोग भी करते हैं।

यह कहानी - वर्तमान में स्क्रीन पर दिखाई जा रही - द केरल स्टोरी - और जो विभिन्न मंचों पर चर्चाओं का विषय है, मूलतः उससे कहीं अलग है - सच्ची है और मार्मिक है, पानी की अथाह उपलब्धता से समृद्ध और उर्वरा है। कुछ वृत्तांतों के अनुसार, केरल में करीब 50 नदियाँ, 35 झीलें हैं, बैकवाटर, जलाशयों, तालाबों के अलावा... , स्वाभाविक रूप से, पुस्तक के पार्श्व में इसका आधार है, पानी के साथ संबंध, जिसमें कहानी एक दरवाजे की तरह खुलती जाती है, जहां वे रहते हैं वहां के लोगों की सामाजिक, भौतिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और व्यक्तिगत विवरण की बारीकियां बड़ी मजबूती और कुशलता से गुंथी हुई हैं और भले ही कभी-कभी ऐसा प्रतीत होता हो - कुछ लोग कह सकते हैं, इसको जिस प्रकार सजाया गया है - ये पश्चिमी दर्शकों को सम्बोधित करती लगती है, लेकिन इसका ढांचा यथावत रहता है।

ये कहानी 1900 में त्रावणकोर से शुरु होती है, जहां एक 12 साल की बच्ची अपनी मां के साथ चटाई पर लेटी है। सुबह उसकी शादी एक 40 वर्षीय विधुर से होने वाली है जिसका एक छोटा बेटा भी है। वहां से यह कहानी अगली तीन पीढ़ियों तक, लगभग 80 वर्षों तक आगे चलती है। उपन्यास के केंद्र में एक छोटी लड़की है, बड़ी होकर वह नारीत्व प्राप्त करती है फिर दादी बन जाती है। ज़िंदगी में उसे कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है 'धीरे धीरे विवरण जुड़ने के साथ उन पृष्ठों में सृजित दुनिया बड़ी होती जाती है। आप *थारावद,* रसोई, नदी, पैदल पथ, अस्पताल, मरीजों, दावतों के विवरणों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं... और धीरे-धीरे, बहुत ही धीरे-धीरे, आपके सामने रहस्य खुलने लगते हैं, संबंध उजागर होने लगते हैं। कभी-कभी ये विवरण स्पष्टीकरण या एकालाप की तरह लिखे गए लगते हैं, लेकिन यह कहानी के प्रवाह से छेड़ छाड़ नहीं करते क्योंकि लेखन सहज, समृद्ध और परतों में है। बिना नाटकीयता लिए लिखा गया नाटक है।

---

**लुइसेली टैल मी हाड इट एंड्स में लुइसेली ने इस समस्या को फिर से उठाया है, जबकि आज भी, आप्रवासियों के विरुद्ध प्रतिरोध बढ़ रहा है, भले ही अमेरिका में वो हर जगह नज़र आते हों: सड़कों की मरम्मत करते, घर का काम करते हुए, यहां तक कि वीगन कैफे चलाते हुए।**

---

यह धीरे धीरे पढ़ने लायक है। इसलिए, जैसा कि लिस्बन में एक किताब की दुकान के नाम से पता चलता है, *लेर देवागर,* 'धीरे-धीरे पढ़ें।' पुर्तगाली भाषा में लिखी ग यह सिर्फ एक मंत्र है, गर्मी की दोपहर में और ट्रेन में लंबी यात्रा करते हुए आराम से पढ़ने की सलाह। मैं धीरे-धीरे पढ़ती हूं, लेकिन हर रोज़ लगातार।

टैल मी हाउ इट एंड्स : *एन एस्से इन फ़ोर्टी क्श्नन्स* वेलेरिया लुइसेली द्वारा लिखित एक अन्य प्रकार की यात्रा का एक छोटा लेकिन आंखें खोल देने वाला विवरण है। होंडुरास, ग्वाटेमाला, अल साल्वाडोर जैसे राष्ट्रों में अकल्पनीय भयावहता से बचने के लिए मजबूर बच्चों का खतरनाक मार्ग से मेक्सिको होते हुए सुरक्षा और मौलिक अधिकार की तलाश में संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचना। अमेरिका में आने वाले सभी शरणार्थियों को 'अप्रलेखित विदेशी' करार दिया जाता है। लुइसेली ने इस समस्या को फिर से उठाया है, जबकि आज भी, आप्रवासियों के विरुद्ध प्रतिरोध बढ़ रहा है, भले ही अमेरिका में वो हर जगह नज़र आते हों: सड़कों की मरम्मत करते, घर का काम करते हुए, यहां तक कि वीगन कैफे चलाते हुए।

एक ओर बड़ी संख्या में मेक्सिको निवासी अमेरिका में शरण लेना चाहते हैं, यह विडंबना है, हमें इस पुस्तक से पता चलता है, कि मैक्सिकन सरकार खुद मध्य अमेरिका के अप्रवासियों के साथ कठोर व्यवहार करती है।

अमेरिकी हिरासत में बाल प्रवासियों के बारे में काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के एक लेख के अनुसार, 2022 में, मआब्रजन अधिकारियों को यूएस-मेक्सिको सीमा पर या उसके निकट 1,52,000 से अधिक अकेले नाबालिगों से उलझना पड़ा था म, जो मअभी तक का सर्वोच्च स्तरफ है। लुइसेली हमें यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि आखिर बच्चे किस चीज़ से डर के भाग रहे हैं और उन्हें किन चुनौतियों से जूझना पड़ता है क्योंकि वे 'अमेरिकी सपने के आदर्शों' और 'अमेरिकी नस्लवाद की वास्तविकता और भय' के जंजाल में उलझ गए हैं। आप महसूस करने लगते हैं कि व्यवहार, दृष्टिकोण और कठोर राजनीतिक-कानूनी प्रणालियाँ अमेरिका तक ही सीमित नहीं हैं; वे भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हैं।

**नरसंहार, विभाजन, ट्रेवॉन मार्टिन और जॉर्ज फ्लॉयड, गौरी लंकेश, सफदर हाशमी, सिख विरोधी दंगे, बाबरी मस्जिद, कुंभकोणम स्कूल में आग, पेशावर स्कूल नरसंहार, रवांडा गृह युद्ध, किसान आंदोलन, पहलवानों का विरोध... इन सभी कहानियों को प्रसारित और साझा किया जाना चाहिए।**

*40 क्श्नन्स* अमेरिकी आप्रवासन द्वारा बच्चों से किये जाने वाले प्रश्नोत्तर फॉर्म का जिक्र करता है। मैक्सिकन मूल की लुइसेली एक उपन्यासकार हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क शहर में संघीय आव्रजन अदालत में एक स्वयंसेवी दुभाषिया के रूप में काम किया है, प्रवेश के बाद प्रश्नोत्तरी के अनुसार बच्चों का साक्षात्कार लिया, उनकी कहानियों का स्पेनिश से अंग्रेजी में अनुवाद किया और प्रतिलेखन समझाने के लिए वकीलों से मुलाकात की। 'आप क्यों आए और कब आए' से शुरुआत करते हुए, 'अमेरिका की यात्रा के दौरान ऐसा क्या हुआ जिससे आप डर गए या आपको ठेस पहुंची' और 'क्या आप अपने माता-पिता के संपर्क में रहे,' अंग्रेजी भाषा से परिचय नहीं होने के अलावा यात्रा की भयावहता, खतरों का सामना करने के बाद बैठे डर बच्चों को अक्सर मूक कर देते हैं, इस सब के साथ बच्चों की मानसिक स्थिति की कल्पना की जा सकती है, बशर्ते वकील के पास सोच हो और करुणामय दिल हो।




जब तक आखिरी कुछ प्रश्नों तक तक पहुँचते हैं - अगर आप वापस घर जाएंगे तो क्या होगा? क्या आप वापस लौटने से डर रहे हैं? यदि आप अपने देश लौट जाएंगे तो आपकी देखभाल कौन करेगा? - पूरी तस्वीर सामने आ जाती है; हम देखते हैं कि बच्चों के साथ किस तरह बलात्कार किया जाता है, उन्हें लूटा जाता है, यहाँ तक कि रास्ते में मार भी दिया जाता है। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे निर्वासित होने का जोखिम नहीं उठा सकते, जो कि अधिकाँश मामलों में होता है।

निबंध के अंत में लुइसेली लिखते हैं, मऐसी चीजें हैं जिन्हें बाद में ही समझा जा सकता है, जब कई साल बीत चुके हों और कहानी समाप्त हो चुकी हो। इस बीच, जब तक कहानी जारी रहती है, केवल एक ही काम करना है कि इसे बार-बार बताया जाए क्योंकि यह फैलती है, लोगों में विभाजित होती है, अपने चारों ओर माहौल बनाती है। और इसे बताया जाना चाहिए, क्योंकि किसी भी चीज़ को समझने से पहले उसे कई बार, अलग-अलग शब्दों में और कई अलग-अलग कोणों से, अलग-अलग लोगों के जरिये बताई जाती हैं।फ

यही कारण है कि नरसंहार, विभाजन, ट्रेवॉन मार्टिन और जॉर्ज फ्लॉयड, गौरी लंकेश, सफदर हाशमी, सिख विरोधी दंगे, बाबरी मस्जिद, कुंभकोणम स्कूल में आग, पेशावर स्कूल नरसंहार, रवांडा गृह युद्ध, किसान आंदोलन, पहलवानों का विरोध... इन सभी कहानियों को प्रसारित और साझा किया जाना चाहिए। केवल इसलिए नहीं कि उन्हें याद रखा जाए, ना ही इसलिए कि उनकी पुनरावृत्ति ना हो परन्तु इसलिए ताकि झूठ के जरिए इन कहानियों को बदला ना जा सके । केवल करुणा और सत्य-भाषण से ही हम अज्ञानता, भय और घृणा को समाप्त कर सकते हैं। पढ़ने से इस प्रक्रिया में बहुत सहायता मिलती है।

*स्तंभकार बच्चों की लेखिका और वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

# गर्मी और बारीश से बचें

भरत और शालन सवुर

मांसपेशियों की जकड़न या ऐंठन को कृपया नजरंदाज न करें। हाल ही में मुझे मेरी पिंडली की मांसपेशियों में अचानक जकड़न महसूस हुई, मुझे हैरानी हुई, मैं बिलकुल फिट हूँ, मैं दिन में दो से तीन लीटर पानी पीता हूँ, तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है? दरअसल मौसम बदल रहा है और हमारा शरीर वातावरण के प्रति संवेदनशील होता है।

मेरी पिंडली के जकड़न को मौसम से जोड़ना अजीब लगता है... लेकिन जैसे जैसे धरती पर गर्मी बढ़ने लगती है, हमारे मांसपेशियों से पानी और नमक तेजी से निकल (उत्सर्जित) हो जाते हैं और फिर मांसपेशियों में जकड़न होने लगती है। शोध यह कहती है कि 1975 से अब तक तापमान प्रति दशक 0.15 से 0.20 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है और संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 'लगभग यह तय है कि 2023 से 2027, पाँच साल की अवधि सबसे गर्म होगी', जो कि दर्ज की गई है।

तेज प्यास, भूख की कमी, सिरदर्द, चक्कर आना, धुंधली दृष्टि, बुखार, मतली, ठंड और चिपचिपा पसीना या शरीर का उच्च तापमान, एकाग्रता की कमी, भ्रम और तर्कहीन व्यवहार से सावधान रहें। याद रखें इन सब बातों पर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, हमें बस इन बदलते हालातों के बीच कुछ अतिरिक्त सावधानियाँ बरतनी होगी। लंबी अवधि के लिए सावधानियाँ -

**दोपहर की धूप से बचें-** जब आपके शरीर का तापमान पहले से ही बढ़ा होता है तो तापमान और बढ़ सकता है। यदि बाहर निकलना ही पड़े तो टोपी पहनकर किसी वाहन में निकलें।

**ठंडे पानी का सेवन करते रहें-** इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय पीएं। जिन्हें अधिक पसीना आता है वैसे लोगों के शरीर से पोटैशियम और सोडियम निकल जाता है। इससे कमजोरी, जकड़न, मांसपेशियों में ऐंठन या मस्तिष्क की कार्यक्षमता कम हो सकती है। एक या दो केले खाएं। अगर आपके शरीर से अधिक पसीना निकलता है तो कम नमक वाला आहार न लें।

**अपने माथे को ठंढा और गीला कपड़े से ढकें-** गर्मी के दिनों में अपने सिर, चेहरे और गर्दन पर आइस पैक लगाएँ। गर्म पानी के बजाए ठंडा पानी से स्नान करें।

**भरपूर पानी वाले फल और सब्जियाँ खाएँ-** जैसे तरबूज, खरबूज, स्ट्राबेरी, संतरा, खीरा, लेटयूस, फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर और बीज निकाले हुए शिमला मिर्च। पुदीने की पत्तियों के साथ ठंडा ककड़ी का सूप पेट को तुरंत ठंडा करता है।

**डिहाइड्रेटिंग तरल पदार्थ-** शराब, कॉफी, कैफीन युक्त शीतल पेय के बजाए ठंडा हाइड्रेटिंग स्किम्ड दूध, छाछ या लस्सी का सेवन करें। इन पेय पदार्थों में सब्जा के बीज मिलाएँ क्योंकि ये प्राकृतिक रूप से शरीर को ठंढक प्रदान करते हैं और कब्ज भी कम करते हैं।

**धूम्रपान छोड़ने का यह सही समय है-** अधिक गर्म फेफड़ों में और अधिक आग और धुआं क्यों लें? साथ ही धूम्रपान रक्तवाहिकाओं को संकुचित करता है जिससे उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक और हृदय रोग हो सकते हैं।

**व्यायाम करना जारी रखें-** यह आपके रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। बहुत ज्यादा व्यायाम करने की जरूरत नहीं है, हल्के- फुलके कसरत करें। बाहर की गर्मी के बजाए अंदर ठंडे कमरे में व्यायाम करें। सुबह या शाम के वक्त ही टहलें। तैराकी भी एक अच्छा विकल्प है। यदि व्यायाम करते समय आपको असहज महसूस होता है तो रुक जाएँ, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक पीएं, स्नान कर लें और आराम करें। आपका स्वास्थ्य ज्यादा महत्वपूर्ण है।

**ढीले और हल्के कपड़े पहनें-** जब आपको पसीना आता है, ऐसे में ढीले शर्ट या टॉप में जब हवा लगती है तो ठंढक का एहसास होता है। एक अतिरिक्त शर्ट भी पहनें। हल्के रंग के कपड़े पहनें, हल्के रंग सूर्य के प्रकाश को प्रतिबिम्बित(शिषश्रशलीं) करते हैं जबकि गाढ़े रंग सूर्य की रोशनी को अवशोषित (रलींल) करते हैं।बरसात के समय

मुंबई में डॉक्टरों के अनुसार, पहली बारिश में लोग भीग जाते हैं और शहर में वायरल बुखार के मामले बढ़ जाते हैं। बेशक मौसम परिवर्तन का हमारे स्वास्थ्य और मनोदशा पर प्रभाव पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक असमय बारिश हवा की गति और जो हवा हम साँसों में लेते हैं उनकी गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है।

विनाशकारी मानसून से बचने के कुछ सुझाव:

**सम्मानजनक बने रहें-** भारत में हम हमेशा बारिश को आशीर्वाद के रूप में देखते हैं। बारिश से प्यार करें क्योंकि यह दूषित हवा और हमारे थके हुए दिमाग से धूल को साफ करती है।

**विटामिन सी का सेवन बढ़ाएँ-** अंकुरित अनाज, हरी बीन्स, संतरा और चना, यह हमारे रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर हमें बुखार, गले के संक्रामण, सर्दी और फ्लू से बचाता है।

**उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पीएं-** बरसात के मौसम में भी शरीर को हाइड्रेशन की जरूरत होती है।

**सड़क पर बिकने वाले खाने न खाएं-** सड़कों पर आस-पास के गड्ढों में कीटाणु पाए जाते हैं जो उन खाने की चीजों को दूषित करते हैं। घर पर अच्छी तरह से पके हुए भोजन को खाना बुद्धिमानी होगी।

**प्रोबायोटिक्स आहार अधिक खाएं-** दही, छाछ के साथ किशमिश लें, ये चीजें पेट को ठीक रखते हैं। प्रतिदिन गर्म पानी से गरारा करें। कफ सिरप और इनहेलर हमेशा अपने पास रखें। चाय में अदरक और कॉफी में दालचीनी मिलाएँ। अदरक सूजन कम करता है और दालचीनी बैक्टीरिया को खत्म करता है।

**स्वच्छता का दृढ़ता से पालन करें-** बाहर से आने के बाद हाथ- पैर धोएँ।

**बर्तनों को ढक कर रखें-** और कहीं भी पानी जमा होने दें- यह मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल बन जाता है। किसी अच्छे कीट नियंत्रण एजेंसी के द्वारा वार्षिक छिड़काव का प्रबंध करें।

**शोध यह कहती है कि 1975 से अब तक तापमान प्रति दशक 0.15 से 0.20 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है और संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 'लगभग यह तय है कि 2023 से 2027, पाँच साल की अवधि सबसे गर्म होगी', जो कि दर्ज की गई है।**

**व्यायाम करें-** यदि सड़कों पर पानी भर आया हो या भरी बारिश हो रही हो तो घर के अंदर ही रहें और व्यायाम करें। सांस संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए सांस लेने वाला व्यायाम करें। हल्की बूँदा- बाँदी में टहलना सुरक्षित है। एक विंडचिटर या बरसाती और खोचें वाले तलवों वाले जूते पहनें।

**सूरज जब नहीं दिखते-** बदली वाले दिनों में हमारे शरीर में जब हम जागे हुए रहते हैं, नींद के हारमोन मेलाटोनिन का स्राव जारी रहता है जिससे नींद आती है। सतर्क और सक्रिय रहने के लिए कमरे में ज्यादा रोशनी वाला बल्ब जलाएं। प्रोटीन युक्त खाना खाएं। नूडल्स, बर्गर, फ्राइस, शराब से परहेज करें। ये सब सुस्ती को बढ़ावा देते हैं।

**आभारी बने रहें-** हर सुबह आप जो कुछ भी हैं और आपके पास जो कुछ भी है, उसके लिए आभारी रहें। आभार मनोवैज्ञानिक रूप से एक संतुलन लाता है और भय और चिंता के बजाए विश्वास करना सिखाता है।

अपने अच्छी आदतों द्वारा खराब मौसम को भी गले लगाएँ और मौसम के उतार- चढ़ाव में भी स्थिर और शांत रहें। उदारता जो आप दूसरों को देते हैं, आपके अंदर की सज्जनता आपको अस्थिर समय में भी शांत बनाए रखती है और कहती है कि जीवन अभी भी सुंदर है।

*लेखक* फिटनेस फॉर लाइफ, *और* बी सिम्पली स्पिरिचुअल - यू आर नैचुरली डिवाइन *के लेखक है और* फिटनेस फॉर लाइफ *कार्यक्रम के शिक्षक है।*

# मंडल गतिविधियाँ

## रोटरी क्लब कुड्डालोर कोस्टल सिटी - रो ई मंडल 2981

कुड्डालोर के सरकारी अस्पताल को एक एम्बुलेंस और एक्स-रे मशीन दान की गई। स्थानीय विधायकजी अय्यप्पन और जिला कलेक्टर के बालासुब्रमण्यम ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार - रो ई मंडल 3012

श्री गांधी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज, मंडोला, में दो सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें लगाई गई।

## रोटरी क्लब मदुरै संगमम - रो ई मंडल 3000

रोटरी क्लब मदुरै वेस्ट, साउथ , स्टार और एलीट के साथ एक संयुक्त परियोजना में एक वृद्धाश्रम में लगभग 350 पौधे लगाए गए।

## रोटरी क्लब विजयवाड़ा मिडटाउन - रो ई मंडल 3020

100 महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गई। अमेरिका के पीडीजी मंजूर मैसी ने इस परियोजना के लिए ₹7 लाख का दान दिया है।

## रोटरी क्लब दिल्ली हेरिटेज - रो ई मंडल 3011

सराय काले खां गांव के एसडीएमसी प्राथमिक विद्यालय में हाथों की धुलाई का स्टेशन लगाया गया।

## रोटरी क्लब सूरत तापी - रो ई मंडल 3060

विश्व पुस्तक दिवस पर धर्मपुर में एक पुस्तकालय खोला गया। यह गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट और लोकमंगलम ट्रस्ट, खोबा, के साथ एक संयुक्त पहल थी।

# मंडल गतिविधियाँ

## रोटरी क्लब मोगा स्टार्स - रो ई मंडल 3090

एक वैश्विक अनुदान के माध्यम से सिविल अस्पताल को एक एम्बुलेंस दान की गई। रोटरी क्लब पोखरण, रो ई मंडल 3292, नेपाल; गोल्ड कोस्ट लेक सक्सेस, रो ई मंडल 7266, यूएस; और हिक्सविल साउथ, रो ई मंडल 7255, यूएस, सभी भागीदार थे।

## रोटरी क्लब लखनऊ बारादरी - रो ई मंडल 3120

डालीगंज इलाके में 400 फीट गहरे बोरवेल और सबमर्सिबल पंप के साथ एक पेयजल इकाई का उद्घाटन किया गया।

## रोटरी क्लब मुरादाबाद - रो ई मंडल 3100

इतालवी रोटेरियन की एक टीम ने रोटरी क्लब मुरादाबाद हेरिटेज के साथ क्लब द्वारा आयोजित पोलियो एनआईडी कार्यक्रम में भाग लिया।

## रोटरी क्लब पुणे लोकमान्यनगर - रो ई मंडल 3131

₹22 लाख के सी एस आर अनुदान के माध्यम से बाल कल्याण संस्थान को 21 सीटर बस, फिजियोथेरेपी लैब और अन्य उपकरण दान किए गए।

## रोटरी क्लब नैनीताल - रो ई मंडल 3110

इंद्रशील अस्पताल में एक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई गई और चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन किया गया। रोटरी क्लब सरसोटा सनराइज़, रो ई मंडल 6960, यूएस, और रो ई मंडल 3012 ने इस परियोजना में भागीदारी की।

## रोटरी क्लब सोलापुर प्राइड - रो ई मंडल 3132

बीमारी से बचने हेतु पैदल चलने का संदेश देने के लिए 'विन डायबिटीज' वॉकथॉन का आयोजन किया गया। 60 लोगों ने भाग लिया।

# मंडल गतिविधियाँ

## रोटरी क्लब अंबरनाथ - रो ई मंडल 3142

पूर्व अध्यक्ष हेमंत गोगटे द्वारा रोटरी पर लिखी गई एक मराठी गाइड बुक का विमोचन रो ई निदेशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने पीआरआईडी अशोक महाजन, तत्कालीन डीजीई मिलिंद कुलकर्णी और पीडीजी बी एम शिवराज की उपस्थिति में किया।

## रोटरी क्लब कोटा सिटी - रो ई मंडल 3182

अपने पति को खो चुकी एक महिला के लिए एक स्थानीय एनजीओ बांधव्या के सहयोग से एक घर बनाया गया।

## रोटरी क्लब अदोनी - रो ई मंडल 3160

बसराकोडू गांव में शाह प्रेम चंद मनाजी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित नेत्र जांच शिविर में लगभग 62 रोगियों की जांच की गई और 22 लोगों को मोतियाबिद सर्जरी के लिए चुना गया।

## रोटरी क्लब कोवई - रो ई मंडल 3201

तेरा पंथी महिला मंडल के साथ एक संयुक्त परियोजना में, विकलांगों का समर्थन करने वाली एक सरकारी योजना के तहत एक शिक्षित नेत्रहीन लड़की के लिए एक छोटी सी दुकान स्थापित की गई।

## रोटरी क्लब वीटा सिटी - रो ई मंडल 3170

क्लब द्वारा आयोजित कृत्रिम अंग फिटमेंट शिविर में 145 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग वितरित किए गए।

## रोटरी क्लब क्लिोन हेरिटेज - रो ई मंडल 3211

क्लब ने एक महिला को सिलाई मशीन और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति को व्हीलचेयर प्रदान की।

# मंडल गतिविधियाँ

## रोटरी क्लब शिवकाशी - रो ई मंडल 3212

चेन्नई के अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों के सहयोग से आयोजित एक गोल्डन हार्ट कैंप में 135 बच्चों की हृदय रोगों के लिए जांच की गई जिनमें से 22 रोगियों की पहचान सर्जरी के लिए की गई।

## रोटरी क्लब गौहाटी दक्षिण - रो ई मंडल 3240

अपने दिवंगत पति बिनोद मोहन गोस्वामी की याद में रोटेरियन प्रियम गोस्वामी ने एक एनजीओ के लिए ₹84,960 के एक फ्रीजर बॉक्स को प्रायोजित किया।

## रोटरी क्लब वेल्लोर साउथ - रो ई मंडल 3231

श्री वेंकटेश्वर पॉलिटेक्निक कॉलेज, वेल्लोर, के समर्थन से 175 पॉलिटेक्निक छात्रों के लिए दो दिवसीय RYLA आयोजित किया गया।

## रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट - रो ई मंडल 3250

बाल कल्याण मंदिर स्कूल में आईपीडीजी संजीव ठाकुर ने पेयजल सुविधा से युक्त हैंडवाश स्टेशन का उद्घाटन किया।

## रोटरी क्लब अलंदुर- रो ई मंडल 3232

सेंट जोसेफ अनाथालय के रोटरेकटरों और बच्चों के लिए जवाधु हिल्स में तीन दिवसीय RYLA का आयोजन किया गया।

## रोटरी क्लब कलकत्ता साउथ सबअर्बन - रो ई मंडल 3291

आरसीसी कांकुरा मस्त, साउथ 24 परगना, के सहयोग से ₹94,930 की लागत से 10 सिलाई मशीनों के साथ एक रोटरी सिलाई स्कूल शुरू किया गया।

*वी मुत्तुकुमारन द्वारा संकलित*

# कुछ यूँ हुआ...

**टीसीए श्रीनिवासा राघवन**

करीब पचास साल पहले, 1971 में गुलज़ार ने 'मेरे अपने' फ़िल्म का निर्देशन किया था। यह 1960 के दशक के उत्तरार्ध में युवाओं के समक्ष आने वाली सामाजिक परिस्थितियों, विशेषकर बेरोजगारी और और लाचारी पर बनी एक कमेंटरी थी। उन लाखों लोगों में से एक मैं भी था। एमए की पढाई चल रही थी और मुझे इस का कोई अंदाजा नहीं था कि मैं नौकरी के बाद जीवन में क्या करूँगा। उस समय ज्यादा विकल्प नहीं हुआ करते थे। सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र सबसे बड़े नियोक्ता होते थे।

संभावित कर्मचारी नौकरी के लिए निजी क्षेत्र पर भरोसा नहीं करते थे और बदले में, वो भी सब पर विश्वास नहीं करते थे जब तक कि वो कोई बड़ी सिफारिश ना लाये हों - उनके शिक्षकों की नहीं बल्कि जानकारों की और वो भी उनके सामाजिक दायरे से। इसीलिए, उस फिल्म का एक गाना भी हिट हुआ था जिसे आजकल 'वायरल' कहा जाता है। इसकी मुख्य पंक्तियां थी *बीए किया, एमए किया, जो कुछ किया ऐवें किया।* पंजाबी में *ऐवें* का अर्थ है 'बेकार', या तमिल में, *चुम्मा* या केवल ज़ुस्तु। दोनों ही शब्द के मायने 'निरर्थक' हैं।

उस समय मेरे परिवार के काफी सदस्य सरकारी अधिकारी और वकील थे। तो हमारे भीतर टोकने और बहस करने का अनुवांशिक कारण था। पारिवारिक परंपरा को ध्यान में रखते हुए मेरे पिता ने अर्थशास्त्र में एमए करने के बाद कहा ''ठीक है, अब तुम कानून की डिग्री के लिए दाखिला लो और सिविल सेवा परीक्षा में बैठो।'' मैंने दोनों किया। बड़ी प्रतिबद्धता के साथ तैयारी और प्रयास और आशा के साथ। कालान्तर में मैं दोनों में विफल रहा और कहानी इस तरह समाप्त होती है। मैंने अपनी प्रेमिका ही नहीं खोई बल्कि मैंने ऊपर लिखे गीत की धुन को भी अक्सर गुनगुनाना शुरू कर दिया। गीत सटीक था और धुन आकर्षक और साथ में ये मेरी स्थिति को पूरी तरह से बयान करता था।

दर असल में लॉ की पढ़ाई में फेल नहीं हुआ था, इसे पढ़ाया ही खराब तरह से जाता था और उससे भी खराब तरीके से परीक्षा की जांच होती थी। मैंने अपने पिताजी से कहा कि यह ड्राइविंग लाइसेंस से अधिक कुछ नहीं है और दो साल के बाद पढ़ाई छोड़ दी। मेरे ज्यादातर सहपाठी भी मुझ जैसे ही डफर थे और परीक्षा से सिर्फ तीन दिन पहले केस लॉ के केस पढ़ के भी परीक्षा पास की जा सकती थी। 20 केस के एक सेट से पांच प्रश्न होते थे और अगर आप उन्हें पढ़ चुके हैं तो आपको 40 प्रतिशत अंक तो मिल ही जाते थे। मुझे पढ़ाई नहीं छोड़नी चाहिए थी, लेकिन बाद में जैसा हुआ, कानूनी पेशे के खामियाजे का फायदा पत्रकारिता को मिला। उन दिनों बस एक यही पेशा था जो बड़े उत्साह से हम जैसे मिसफिट लोगों का स्वागत करता था,कानूनी पेशे से भी ज्यादा गर्मजोशी से।

हाँ, जहां तक सिविल सेवाओं का सवाल है, मैंने कड़ी तैयारी की थी - ब्रिटिश इतिहास और ब्रिटिश संवैधानिक इतिहास जैसे अजीब विषयों पर।

**उस समय मेरे परिवार के काफी सदस्य सरकारी अधिकारी और वकील थे। तो हमारे भीतर टोकने और बहस करने का अनुवांशिक कारण था।**

यदि आप 1952 और 1985 के बीच परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों से पूछेंगे तो उनमें से आधे आपको बताएंगे कि उन्होंने भी इन्हीं विषयों को चुना था, भले ही वे इतिहास के स्नातक नहीं थे। ये चीनी भाषा जैसे 'स्कोरिंग' विषय थे! आप कल्पना कर सकते हैं? चीनी? 1970 के दशक में? लेकिन परीक्षाऐं इसी तरह से होती थी। बहुत कम लोगों ने अपने स्नातक विषय चुने थे और उनमें से था एक मैं, अहंकारी और मूर्ख, जिसने यही बेवकूफी की थी। मेरी एमए की डिग्री दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से थी, जो 1990 के दशक के मध्य तक विश्व के शीर्ष संस्थानों में से एक था। वहां नवीनतम चीजें सिखाई और पढ़ाई जाती थीं और छात्रों के रूप में, हम समझते थे कि हमसे ज्यादा कोई नहीं जानता। और तो और लड़कियां भी हमारे साथ पूरी इज्जत से पेश आती थीं। लेकिन गिरने से पहले हमेशा घमंड तो चकनाचूर होता ही है।

मैंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी और मुझे साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कहा गया जो पूरे दस मिनट तक चला क्योंकि लंच से पहले इंटरव्यू देने वाला मैं आखिरी व्यक्ति था। जहा तक मैं समझता हूँ कम से कमअपनी तरफ से तो मैंने साक्षात्कार में अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन जब मई में रिजल्ट आया तो लिस्ट में मेरा नाम नदारद था। यह निराशाजनक तो था, लेकिन दुनिया का अंत नहीं। जब अंक सूचीआई तो पता चला कि मुझे लिखित परीक्षा में अर्थशास्त्र के दो पेपरों में 20 प्रतिशत से कम अंक मिले थे - और ब्रिटिश इतिहास और ब्रिटिश संवैधानिक इतिहास में 60 प्रतिशत से अधिक, जिसे लाखों अन्य लोगों की तरह मैंने भी सिर्फ एक गाइड पुस्तिका से पढ़ाई की थी! जब मैंने अपने पिताजी को यह बताया तो उनका एक ही सवाल था: तुमने अर्थशास्त्र की तैयारी भी गाइड बुक से क्यों नहीं की? वाह! ■

ADVT.

Manasellam Mantra

SAY IDHAYAM • SPELL HEALTH

Mantra

GROUNDNUT OIL

- Unmatchable Quality and Colour
- Abundant Flavour While Cooking
- Wonderful Taste
- Endless Health Benefits

LEKHA ads/July 2023/RJ-02

IDHAYAM | www.idhayam.com | office@idhayam.com | Whatsapp : 99447 66661

Registered No. TN/CCN/359/2021-2023
Licensed to post WPP No.TN/PMG(CCR)/WPP 421/21-23
Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: ₹40
Regd with RNI TNHIN/2001/05271. Rotary Samachar Published 1st week of every month. Posted at Egmore RMS Patrika Channel. Date of posting: 6–12 every month.

ADVT.